मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से प्रकाशितः भोपाल • ग्वालियर • कटनी • बिलासपुर • जबलपुर • छिंदवाड़ा • बालाघाट

www.emsindia.com

भोपाल
बुधवार 09 अप्रैल 2025

■ वर्षः 30 ■ अंकः 102
■ पेजः 8 ■ मूल्यः 1.50/- रुपए

निष्पक्ष एवं विश्वसनीय खबरों का लोकप्रिय समाचार पत्र

# एक्सप्रेस न्यूज

## 1.2 किलोग्राम सोने के साथ इराकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, ईएमएस।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक इराकी नागरिक को 1.2 किलोग्राम सोने के साथ गिरफ्तार किया गया है। सोना सिल्वर कोटेड ज्वेलरी में लिपटा हुआ था। कस्टम अधिकरियों को संदेह है कि यह सोना हो सकता है। आरोपी बगदाद से दिल्ली आया था। इससे पहले मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने लगभग 17.89 करोड़ रुपए मूल्य की संदिग्ध कोकीन जब्त की थी।

## चुपके-चुपके

### भार लेने के लिए कई अफसर तैयार

मप्र की प्रशासनिक वीथिका में इन दिनों बड़े बदलाव की तैयारी चल रही है। इस बदलाव के तहत जिन अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव के पास कई-कई विभागों का प्रभार है, उनमें नई पदस्थापना होनी है। खबरची का कहना है कि जैसे ही प्रशासन में बड़े फेरबदल की खबर सामने आई है, अफसरों ने संघ और संगठन के दमदार नेताओं के यहां हाजिरी लगानी शुरू कर दी है। सूत्रों का कहना है कि कई आईएएस अफसर तो यहां तक कह चुके हैं कि वे एक नहीं बल्कि कई विभागों का भार ढोने को तैयार हैं। वहीं दावा यहां तक किया जा रहा है कि कुछ अफसर तो बड़ी कुर्सी पर बैठने के लिए बड़ी रकम भी देने को तैयार हैं। लेकिन ईमानदार और सख्त प्रशासनिक मुखिया के आगे कोई जुगाड़ नहीं लग पा रहा है।

-खबरची

मोहन कैबिनेट का बड़ा फैसला...

## पीपीपी मोड पर बनेंगे मेडिकल कॉलेज और गौ विहार



**भोपाल, ईएमएस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए है। यह मीटिंग गौमाता को समर्पित रही। प्रदेश में गौशालाओं की अनुदान राशि बढ़ाई गई है। पीपीपी मोड पर गौ विहार और मेडिकल कॉलेज बनाए जाएंगे। वहीं 60 हजार हेक्टेयर में सिंचाई के लिए नई योजना को मंजूरी मिली है। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर बनने वाले मेडिकल कॉलेज के लिए सरकार 1 रुपए भू-भाटक पर 25 एकड़ जमीन उपलब्ध कराएगी। फिलहाल निजी मेडिकल कॉलेज के लिए निवेशक को खुद जमीन अरेंज करनी पड़ती है। इसके लिए टेंडर डॉक्यूमेंट नियम में संशोधन किया गया था। इसके जरिए कैबिनेट ने जिला अस्पतालों को प्राइवेट डेवलपर को देने का फैसला भी पलट दिया है।

डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों को प्राइवेट डेवलपर को ट्रांसफर करने का पुरानी सरकार का फैसला पलटा है। पहले इसमें डेवलपर को अस्पताल सौंपने का प्रावधान किया गया था।

### मुख्यमंत्री पशुपालन योजना का बदला नाम

गौ विहार स्वावलंबी बनाए जाएंगे। गौ विहार में कम से कम 5 हजार की क्षमता रहेगी। डॉ मोहन यादव की सरकार पशुपालन योजना के तहत 25 गाय या भैंस पर इकाई बनाएगी। इस पर अनुदान देगी और एक किसान ऐसी आठ इकाई संचालित कर सकेगा। वहीं मुख्यमंत्री पशुपालन योजना, डॉ आंबेडकर के नाम पर की गई। साथ ही प्रदेश में गौवंश को सड़क से हटाने का अभियान चलाया जाएगा।

### सिंचाई के लिए नई योजना

इसके अलावा 60 हजार हेक्टेयर में सिंचाई के लिए नई योजना को मंजूरी दी गई है। इससे मंदसौर को लाभ मिलेगा। सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के अभियान चलाए जाएंगे। प्रदेश सरकार ने एमओयू किया है। मेडिकल कॉलेज पीपीपी मोड पर खुलेंगे, सरकार कॉलेज खोलने के लिए एक रुपये में 25 एकड़ जमीन देगी। जिला अस्पताल पीपीपी मोड पर नहीं देंगे। जिला अस्पताल सिर्फ मेडिकल कॉलेजों से एफिलेटेड होंगे।

कांग्रेस कार्य समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा...

## गांधी जी का चश्मा और लाठी तो चुरा सकते हैं लेकिन वैचारिक विरासत है कांग्रेस के पास



**अहमदाबाद, ईएमएस।** गुजरात के अहमदाबाद में साबरमती के किनारे कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक शुरू हो गई है। सीडब्ल्यूसी की शुरुआत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के संबोधन से हुई। कांग्रेस अध्यक्ष ने राष्ट्रपिता के जिक्र से अपने संबोधन की शुरुआत की और कहा कि यह साल महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की शताब्दी है। उन्होंने महात्मा गांधी के साथ ही सरदार वल्लभ भाई पटेल, दादाभाई नैरोजी को भी याद किया और कहा कि गुजरात में जन्मीं इन हस्तियों ने कांग्रेस का नाम दुनियाभर में रोशन किया। ये सभी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष रहे। गांधी जी ने हमें अन्याय के खिलाफ सत्य और अहिंसा का हथियार दिया। खड़गे ने कहा कि आज सांप्रदायिक विभाजन करके देश के बुनियादी मसलों से ध्यान भटकाया जा रहा है। दूसरी तरफ ऑलिगार्फिक मोनोपॉली देश के संसाधनों पर कब्जा करते हुए शासन को नियंत्रित करने की राह पर हैं।

उन्होंने सरदार पटेल की 150वीं जयंती को देशभर में मनाने का ऐलान किया और कहा कि पंडित नेहरू उन्हें (सरदार पटेल को) भारत की एकता का संस्थापक कहते थे। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सरदार पटेल के नेतृत्व में कराची कांग्रेस में मौलिक अधिकारों पर जो प्रस्ताव पारित हुए थे, वह भारतीय संविधान की आत्मा हैं। वह संविधान सभा की महत्वपूर्ण एडवाइजरी कमेटी के अध्यक्ष थे।

### एक ही सिक्के के दो पहलू थे नेहरू और पटेल

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का 140 साल से सेवा और संघर्ष का गौरवशाली इतिहास है और इस पार्टी के खिलाफ वातावरण बनाया जा रहा है। ये काम वह लोग कर रहे हैं जिनके पास अपनी उपलब्धियां दिखाने को कुछ भी नहीं हैं। आजादी की लड़ाई में अपना योगदान बताने को कुछ भी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंडित नेहरू और सरदार पटेल के संबंधों को ऐसा दिखाने की साजिश की जाती है जैसे दोनों ही एक-दूसरे के खिलाफ थे। तमाम घटनाएं और दस्तावेज दोनों नेताओं के मधुर संबंधों के गवाह हैं।

## फटाफट खबरें

### 80 हजार स्टूडेंट्स की पढ़ाई ठप

**शिमला, ईएमएस।** हिमाचल प्रदेश के 80 हजार से ज्यादा स्टूडेंट की वोकेशनल सब्जेक्ट की पढ़ाई एक सप्ताह से ठप पड़ी है। 9वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों को स्किल बनाने की ट्रेनिंग देने वाले 2174 वोकेशनल टीचर 11 दिन से शिमला में हड़ताल पर बैठे हैं। इस दौरान एक बार भी शिक्षा विभाग ने इन्हें वार्ता के लिए नहीं बुलाया। वोकेशनल टीचर कंपनी के माध्यम से सेवाएं देने का विरोध कर रहे हैं और हरियाणा की तर्ज पर विभाग के माध्यम से सेवाएं देने की मांग कर रहे हैं। इससे सरकार पर एक रुपए का भी अतिरिक्त वित्तीय बोझ नहीं पड़ रहा और न ही रेगुलर करने की मांग कर रहे हैं।

### किसान नेता, बेटे और भाई की हत्या

**फतेहपुर, ईएमएस।** फतेहपुर में भारतीय किसान यूनियन नेता, उनके बेटे और भाई की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह बाइक को रास्ता न देने को लेकर उनकी गांव के परिवार से बहस हुई। थोड़ी देर में बहस मारपीट खून-खराबे तक पहुंच गई। हमलावरों ने परिवार को घेरकर अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। 20-25 राउंड फायरिंग की गई। एसपी धवल जायसवाल ने बताया- गोलीबारी में भाकियू के जिला उपाध्यक्ष पप्पू सिंह (50), उनके बेटे अभय (22) और पिंकू सिंह (45) की मौके पर मौत हो गई।

### इंटरनेशनल ड्रग तस्कर पर शिकंजा

**गुरुग्राम, ईएमएस।** प्रवर्तन निदेशालय के गुरुग्राम जोनल कार्यालय द्वारा इंटरनेशनल ड्रग तस्कर जसमीत हकीमजादा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसकी 1.22 करोड़ रुपए कीमत की प्रॉपर्टी को अस्थायी रूप से अटैच किया है। जसमीत हकीमजादा फिलहाल दुबई में रह रहा है और उसकी अटैच प्रॉपर्टी गुरुग्राम के सोहना इलाके में है। दरअसल, 27 अगस्त 2024 को ईडी ने दिल्ली में हकीमजादा और उसकी पत्नी के नाम से बैंक लॉकर भी खोजे थे।

अन्नदाता की आंखों में आंसू...फसलों को एक चिंगारी कर रही खाक...प्रदेश में एक माह में आगजनी की करीब 5,430 घटनाओं से किसानों को करोड़ों का नुकसान

## अन्नदाता हुए कंगाल... मुआवजा बढ़ा रहा घाव



धूं-धूं कर जल रहे खेत...मप्र में किसानों पर टूटा कहर, हजारों एकड़ फसल जलकर राख

● भोपाल, ईएमएस

अशोकनगर में 1500 बीघा, श्योपुर में 300 बीघा, विदिशा में 200 बीघा, सिहोरा में 500 एकड़ आदि ये उन खेतों के आंकड़े हैं जिन पर लगी फसल एक चिंगारी से खाक हो गई। केवल इन्हीं जगहों पर नहीं बल्कि प्रदेश के सभी 55 जिलों में एक माह के अंदर करीब 5,430 आगजनी की वे घटनाएं सामने आई हैं, जिसमें किसानों की हजारों एकड़ फसलें जल गई हैं। खेतों में खड़ी और पड़ी फसलों के जलने से अन्नदाता कंगाल हो गए हैं। अब वे सरकार से मुआवजे की आस लगाए बैठे हैं। अगर विगत वर्षों में आगजनी के बाद किसानों को मिले मुआवजे का आंकलन किया जाए तो मुआवजा किसानों का घाव और बढ़ा देता है।

गौरतलब है कि मप्र के अन्नदाता पर कभी प्राकृतिक आपदा तो कभी प्रशासनिक लापरवाही की मार पड़ रही है। इस समय प्रदेश में गेहूं की कटाई का मौसम है, लेकिन किसानों की खड़ी फसल पर एक बड़े संकट के रूप में आग का संकट मंडरा रहा है। प्रदेशभर में खड़ी फसल में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और किसानों के लिए यह किसी बड़े सदमे से कम नहीं है। मप्र का कोई ऐसा जिला नहीं है जहां आग लगने की घटनाएं सामने नहीं आई हैं। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में पिछले एक माह के दौरान आगजनी की करीब 5,430 घटनाओं से किसानों की हजारों एकड़ फसल खाक हो गई है। इससे किसानों को करोड़ों रूपए की हानि हुई है। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार घटना होने पर राजस्व टीम मौके पर जाकर मुआयना करती है, पंचनामा तैयार कर, राजस्व गाइडलाइन के हिसाब से मुआवजा दिया जाता है।

### आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम नहीं

प्रदेश के शहरों में तो सरकार ने फायर ब्रिगेड की व्यवस्था कर रखी है, लेकिन गांवों में आग बुझाने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। जब आग लगती है तो जिला मुख्यालय पर सूचित किया जाता है, उसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां घटनास्थल की ओर रवाना होती हैं। अधिकांश अवसरों पर देखा गया है कि जब तक दमकल की गाड़ियां पहुंचती हैं, तब तक पूरी फसल नष्ट हो जाती हैं। विगत दिनों अशोकनगर में आग ने तांडव मचाया। बहादुरपुर तहसील इलाके में झागर बमुरिया, अमोदा कुकावली, हारूखेड़ी सहित 4 गांव के खेतों की फसल में आग लग गई। आग की लपटें धीरे-धीरे बढ़ती चली गई। ग्रामीणों ने शुरुआत में ही आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन देखते ही देखते आग भड़क गई। फिर लगभग 3 घंटे तक लोगों ने मशक्क त की और आग पर काबू पाया। इस आग ने 1500 बीघा की फसल को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उस इलाके में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। पूरे इलाके में आग और धुएं का गब्बर ही देखने को मिला। आग देखते ही 4 गांव के लोगों में चीख पुकार मची हुई थी। लोगों ने भगवान से प्रार्थना की कि किसी तरह से उनकी फसल में लगी आग बुझ जाए, लेकिन आग लगातार बढ़ती गई।

### नरवाई की आग से जली थी दो गांव की फसल

रहली एसडीएम गोविंद दुबे ने बताया कि जिले में किसानों द्वारा नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इसके बाद भी कुछ किसान खेतों में लगी नरवाई जला रहे हैं। जिसको लेकर कार्रवाई की गई है। मामले की जांच कराने के बाद रामअवतार कुर्मी के खिलाफ रहली थाने में शिकायत की गई। शिकायत पर पुलिस ने रामअवतार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### नरवाई जलाने वालों पर एफआईआर...



जानकारों का कहना है कि खेतों में अधिकतर आग नरवाई जलाने के कारण लग रही है। ऐसे में नरवाई जलाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है। नरवाई की आग से फसल जलने के मामले में सागर जिले में पहली एफआईआर रहली थाने में दर्ज की गई है। जिले में गेहूं की कटाई चल रही है। खेत में कटाई के बाद लगी नरवाई जलाने के लिए किसान आग लगा रहे हैं। नरवाई की आग से आसपास के किसानों की फसलें जल रही हैं। जिसको लेकर प्रशासन एक्शन में आया है। दरअसल, 5 अप्रैल को जूना गांव में रामअवतार ने अपने खेत में फसल अवशेष (नरवाई) नष्ट करने के लिए आग लगाई थी। हवा चलने से आग फैली और आसपास के खेतों में खड़ी और कटी रखी गेहूं की फसल को चपेट में ले लिया। आग इतनी भीषण हुई कि जूना गांव से मंडला गांव तक पहुंच गई। जिससे करीब 20 एकड़ की गेहूं फसल जली। किसानों ने फायर फाइटर की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन आगजनी में फसल के साथ ही कृषि सामग्री जलकर नष्ट हो गई थी। मामला सामने आते ही प्रशासन हरकत में आया। हल्का पटवारी ने मौके पर पहुंचकर नुकसानी और घटना को लेकर पंचनामा बनाया।

## 1135 अंक चढ़कर बंद हुआ सेंसेक्स

### जापान का बाजार 6 प्रतिशत चढ़ा



**मुंबई, ईएमएस।** सोमवार की 3 प्रतिशत की गिरावट के बाद शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी रही। सेंसेक्स 1135 अंक या 1.55 प्रतिशत चढ़कर 74,273 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 374 अंक या 1.69 प्रतिशत की तेजी रही, ये 22,535 के स्तर पर बंद हुआ है। कारोबार में मीडिया, रियल्टी और सरकारी बैंकों के शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी दिखी। निफ्टी मीडिया इंडेक्स 4.72 प्रतिशत चढ़ा। वहीं निफ्टी पीएसयू बैंक और रियल्टी इंडेक्स करीब 2.50 प्रतिशत चढ़े। एफएमसीजी, आईटी और ऑटो में करीब 2 प्रतिशत की तेजी रही। पहीं एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई इंडेक्स करीब 6 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। वहीं हॉन्गकॉन्ग के इंडेक्स में 1.51 प्रतिशत की तेजी रही।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि कई देश टैरिफ पर बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। इससे ट्रेड वॉर टेंशन थोड़ी कम हुई है। निफ्टी 50 और सेंसेक्स के चार्ट ओवरसोल्ड आरएसआई लेवल दिखा रहे थे। इससे शॉर्ट-कवरिंग और नई खरीदारी की उम्मीद पहले से थी।

## 25 हजार जैन एकसाथ करेंगे नवकार मंत्र का जाप

### आज दिल्ली-अहमदाबाद में होगा आयोजन दिल्ली में पीएम मोदी होंगे शामिल

**नई दिल्ली, ईएमएस।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन अहमदाबाद और जैन समाज द्वारा विश्व कल्याण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 9 अप्रैल को विश्व नवकार महामंत्र दिवस का आयोजन अहमदाबाद के जीएमडीसी ग्राउंड में किया जा रहा है। यह आयोजन जैन समुदाय की ओर से विश्व शांति और अहिंसा के संदेश को फैलाने के उद्देश्य से हो रहा है। नवकार महामंत्र का मूल संदेश सभी जीवों के प्रति स्नेह और आदर है, जो अनेक धर्मों के मूल सिद्धांतों से मेल खाता है। यह मंत्र अहिंसा का एक प्रबल संदेश देता है, जिसे न केवल जैन धर्म बल्कि हिंदू, बौद्ध और कई अन्य धर्म भी मानते हैं। इस मंत्र के जाप से आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक विकास के माध्यम से विश्व का कल्याण संभव है।

### ऐतिहासिक रिकॉर्ड की तैयारी

इस आयोजन में 9 अप्रैल को सुबह 8:01 बजे से जीएमडीसीग्राउंड, अहमदाबाद पर एक साथ 25 हजार से अधिक लोग नवकार मंत्र का सामूहिक जाप करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन एपेक्स के कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। और पूरे भारत को वर्चुअली संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी, टोरेंट ग्रुप के सुधीर मेहता और जैन समुदाय के विभिन्न पंथों जैसे श्वेतांबर, दिगंबर, तेरापंथी, स्थानकवासी आदि के साधु-साध्वी, आचार्य, गच्छाधिपति इस आयोजन में शामिल होंगे।




जयपुर बम ब्लास्ट केस में बड़ा फैसला

### चार दोषियों को कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

**जयपुर, ईएमएस।** जयपुर बम ब्लास्ट से जुड़े एक अहम मामले में विशेष कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। साल 2008 में हुए इस भीषण आतंकी हमले से जुड़े एक प्रकरण में विशेष न्यायाधीश रमेश कुमार जोशी ने चार आतंकियों को दोषी करार देते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषियों में सरवर आजमी, सैफुरहमान, मोहम्मद सैफ और शाहबाज अहमद शामिल हैं। इन सभी को कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 121-ए, 124-ए, 153-ए, 307, यूएपीए एक्ट 1967 की धारा 18, और विस्फोटक अधिनियम 1908 की धारा 4 व 5 के तहत दोषी माना है।

संभल बवालः सांसद बर्क से ढाई घंटे तक पूछताछ, कहा...

## मैं जांच में करूंगा पूरा सहयोग



**संभल, ईएमएस।** समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउररहमान बर्क संभल हिंसा मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) के समक्ष पेश होने के लिए नखासा थाने पहुंचे। इस मामले में उन्हें बयान के लिए समन भेजा गया था।

एएसपी श्रीशचंद और सीओ कुलदीप सिंह ने उससे ढाई घंटे तक पूछताछ की। मंगलवार को कई अधिवक्ताओं के साथ सांसद सुबह 11.15 बजे थाने पहुंचे। पेशी से पहले सांसद ने कानून और संविधान में विश्वास जताते हुए जांच में पूरा सहयोग देने की बात कही है। सांसद ने कहा कि मैं कानून और संविधान में विश्वास करता हूं। न्यायपालिका पर मेरा भरोसा है। आज तबीयत ठीक नहीं है और डॉक्टर ने आराम की सलाह दी है। बावजूद मैं एसआईटी के सामने पेश हो रहा हूं ताकि पुलिस-प्रशासन को यह न लगे कि मैं जांच में सहयोग नहीं कर रहा। पेशी से पहले उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बयान दिया कि वह कानून और संविधान में पूर्ण विश्वास रखते हैं और जांच में हर संभव सहयोग करेंगे।

### जांच एजेंसी को भी पीएचक्यू को बताना होगा गिरफ्तारी

**भोपाल, ईएमएस।** मप्र में पुलिस की तरह अब जांच एजेंसियों को भी पुलिस मुख्यालय को किसे गिरफ्तार किया गया यह बताना पड़ेगा। पुलिस थाने की तरह जांच एजेंसी भी किसे गिरफ्तार किया गया यह पुलिस मुख्यालय में बताएंगे। इस आशय का आदेश मध्यप्रदेश के राजपत्र में प्रकाशन हो गया है। नए नियम के तहत मध्य प्रदेश में पुलिस थानों की तरह जांच एजेंसियों को भी गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की जानकारी देनी होगी।

## आज का कार्टून




गोठड़ा माता मंदिर की भविष्यवाणी सुनने पहुंचे हजारों लोग, पंडा नागूलाल चौधरी ने की भविष्यवाणी

## भीषण गर्मी पड़ेगी, दंगे होंगे, नहीं बदलेगा राजा

● रतलाम, ईएमएस

मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में स्थित गोठड़ा माता मंदिर की भविष्यवाणी देश भर में प्रसिद्ध है। श्री महिषासुर मर्दिनी गोठड़ा माताजी की ओर से पंडा नागूलाल चौधरी भविष्यवाणी करते हैं। इस साल पंडा चौधरी ने करीब 16 मिनट तक देश, समाज, राजनीति, मौसम और खेती को लेकर भविष्यवाणी की। इस भविष्यवाणी को सुनने के लिए तेज धूप और गर्मी में भी मप्र समेत अन्य राज्यों से हजारों श्रद्धालुओं मलेनी नदी के तट पर पहुंचे।

भीड़ अधिक होने के कारण कुछ लोग पेड़ों पर चढ़कर भी भविष्यवाणी सुनते नजर आए। गोठड़ा माताजी के पंडा नागूलाल चौधरी देश की राजनीति को लेकर भी भविष्यवाणी की। उन्होंने कहा कि इस साल देश की राजनीति में उथल-पुथल होगी। लेकिन, राजा यानी प्रधानमंत्री नहीं बदलेगा। साथ ही, देश में दंगे और दुर्घटनाओं जैसे मामले बढ़ेंगे।



### कैसा रहेगा मौसम

इस सीजन में रिकॉर्ड तोड़ भीषण गर्मी पड़ेगी। हालात इतने बिगड़ेंगे कि वाहन भी जल सकते हैं। हालांकि, वैशाख यानी मई में बारिश होगी और तेज हवा चलगी। , जबकि आषाढ़ (जून और जुलाई के बीच) में आंधी-तूफान आएंगे। इसमें जन-धन का नुकसान होगा। सावन (जुलाई-अगस्त) की नवमी के बाद अच्छी बारिश होगी। कुवांर और भादों (अगस्त-सितंबर) में भी तेज बारिश और आंधी का दौर चलेगा। मार्गशीर्ष (नवंबर-दिसंबर) और पौष माह (दिसंबर-जनवरी) में भूकंप के झटके लगने की भी भविष्यवाणी की गई है।

### त्रिपुरा में सीमा के पास मिला संदिग्ध ड्रोन, मचा हड़कंप

**अगरतला, ईएमएस।** त्रिपुरा के दक्षिण जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास एक गांव में ड्रोन मिलने से हड़कंप मच गया। यह ड्रोन सोमवार सुबह बेलोनिया उपखंड के बल्लमुखा गांव में धान के खेत में पाया गया, जो सीमा पर तारबंदी से लगभग 300 मीटर अंदर भारतीय क्षेत्र में स्थित है। इस घटना की जानकारी सबसे पहले एक स्थानीय किसान ने दी, जिसने ड्रोन को देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया।



### हजारों साल पहले विलुप्त हुई भेड़ियां प्रजाति को दोबारा जीवन

**वाशिंगटन,ईएमएस।** अमेरिका के डलास स्थित एक बायोटेक कंपनी कोलॉसल बायोसाइंसेज ने 12,500 साल पहले विलुप्त हुई भेड़िए की प्रजाति को दोबारा जीवन दिया है। डायर वुल्फ नाम की इस प्रजाति के तीन शावकों ने हाल ही में जन्म लिया है। इन्हें रीमस, रोमुलस और खलीसी नाम दिए गए हैं। भेड़िए की इस प्रजाति को एचबीओ की मशहूर सीरीज गेम ऑफ थ्रोन्स में दिखाया गया था।



## फटाफट खबरें

### नोएडा में दो स्थानों पर भीषण आग

**नोएडा, ईएमएस।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में मंगलवार सुबह और सोमवार रात दो अलग-अलग स्थानों पर भीषण आग लगने की घटनाएं सामने आईं। मंगलवार सुबह सेक्टर-5 में स्थित अम्बे पेंट्स की दुकान में आग लग गई, जबकि सोमवार रात सेक्टर-49 की दुकानों में भीषण आग भड़क उठी। दोनों ही घटनाओं ने स्थानीय लोगों में अफरातफरी मचा दी, हालांकि कोई जनहानि की सूचना नहीं है। जानकारी अनुसार मंगलवार सुबह नोएडा सेक्टर-5 की एक पेंट की दुकान में आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### उत्तराखंड में नदियों का जल स्तर गिरा

**देहरादून, ईएमएस।** हराभरा और पहाड़ी प्रदेश उत्तराखंड पर गर्मी का असर दिखाई दे रहा है। यहां नदियों का जल स्तर गिर गया है और बिजली के उत्पादन में भारी गिरावट देखी जा रही है। इस बार राज्य में कम बारिश, बर्फबारी के कारण अप्रैल शुरू होते ही नदियों का जलस्तर घट गया है। इस कारण यूजेवीएनएल का बिजली उत्पादन प्रभावित हो रहा है। महज एक माह के भीतर बिजली उत्पादन 1.5 करोड़ यूनिट से गिरकर 75 लाख यूनिट पर पहुंच गया है। इस बार सर्दियों के सीजन में कम बारिश-बर्फबारी का असर यूजेवीएनएल की जल विद्युत परियोजनाओं पर भी नजर आने लगा है।

### ट्रंप के खिलाफ खड़े हो गए 27 देश

**लंदन, ईएमएस।** अमेरिका का दादागीरी पर लगाम कसने के लिए 27 देश एकजुट हो गए हैं। टैरिफ वॉर छेड़ चुके अमेरिका के खिलाफ भी मुल्क फैसले लेना शुरू कर चुके हैं। खबर है कि अब यूरोपीय संघ ने कई अमेरिकी सामानों पर जवाबी टैरिफ लगाने की तैयारी की है। हालांकि, प्रस्ताव पर अभी सदस्य देशों की तरफ से मुहर लगाया जाना बाकी है। इधर, चीन की तरफ से जवाबी टैरिफ लगाए जाने के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ने ड्रैगन को 50 फीसदी शुल्क लगाने की धमकी दी है। दरअसल, ट्रंप ने यूरोपीय संघ के मादक पेय पदार्थों पर 200 फीसदी का जवाबी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इसके बाद फ्रांस और इटली जैसे सदस्य देश खासे चिंतित हो गए थे।

### पुलिस को कार में मिला अधजला शव

**नई दिल्ली, ईएमएस।** दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में बिजवासन रोड फ्लाईओवर पर एक जली कार मिली है। दिल्ली फायर सर्विस ने बताया कि सोमवार रात एक कार में अचानक आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। जली कार की जांच करने पर उसके अंदर से एक जला हुआ शव मिला है। पुलिस तहकीकात कर रही है कि शव ड्राइवर का है जो हादसे के दौरान बाहर नहीं निकल पाया। पुलिस ने बताया कि सोमवार रात पुलिस थाना कापसहेड़ा को एक पीसीआर कॉल मिली कि एक गाड़ी में आग लगी है और गाड़ी में परिवार बिजवासन फ्लाईओवर के पास फंसा हुआ है।

### हुर्रियत से नाता तोड़ अब तक 11 संगठनों ने त्यागा अलगाववाद, गृहमंत्री शाह बोले...

# भारत के लोगों को है संविधान में विश्वास

## पीएम मोदी का एकजुटता और शक्तिशाली भारत का सपना हो रहा मजबूत

**जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को तीन बड़े संगठनों ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से नाता तोड़ दिया है। इसकी जानकारी खुद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर दी। उन्होंने कहा कि यह कदम भारत के संविधान में लोगों के विश्वास को दर्शाता है। शाह ने कहा कि पीएम मोदी का एकजुट और शक्तिशाली भारत का सपना आज और भी मजबूत हो गया है, क्योंकि अब तक 11 ऐसे संगठनों ने अलगाववाद को त्याग दिया है।**



**श्रीनगर, ईमएस**

जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को तीन बड़े संगठनों ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से नाता तोड़ दिया है। इसकी जानकारी खुद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर दी। उन्होंने कहा कि यह कदम भारत के संविधान में लोगों के विश्वास को दर्शाता है। शाह ने कहा कि पीएम मोदी का एकजुट और शक्तिशाली भारत का सपना आज और भी मजबूत हो गया है, क्योंकि अब तक 11 ऐसे संगठनों ने अलगाववाद को त्याग दिया है।

गृह मंत्री शाह ने एक्स पर लिखा कि जम्मू कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी, जम्मू कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग और कश्मीर फ्रीडम फ्रंट जैसे तीन और संगठनों ने हुर्रियत से खुद को अलग कर लिया है। यह घाटी के लोगों में भारत के संविधान के प्रति विश्वास का एक प्रमुख प्रदर्शन है। उन्होंने पीएम की तारीफ करते हुए लिखा कि मोदीजी का एकजुट और शक्तिशाली भारत का सपना आज और भी मजबूत हो गया है, क्योंकि अब तक 11 ऐसे संगठनों ने अलगाववाद को त्याग दिया है और इसके लिए अटूट समर्थन की घोषणा की है। इससे पहले हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के दो संगठनों जम्मू और कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट (जेकेपीएम) और डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट ने अलगाववाद से सभी संबंध तोड़ने की घोषणा की थी। बता दें इन दिनों गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं। उन्होंने शहीद डीएसपी हुमायूं मुजम्मिल भट के पिता से मुलाकात की। शाह ने इस मुलाकात की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमायूं मुजम्मिल भट ने 2023 में जम्मू-कश्मीर के कोकरनाग में आतंकवादियों के खिलाफ एक ऑपरेशन में सर्वोच्च बलिदान देकर वीरता और देशभक्ति की अमर मिसाल कायम की है। आज श्रीनगर में शहीद के परिवार से मुलाकात की और अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त कीं।

### शाह की बैठक, सीएम उमर, उपराज्यपाल समेत कई अधिकारी रहे मौजूद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिवसीय दौरे के जम्मू-कश्मीर में हैं। मंगलवार को दौरे के तीसरे और आखिरी दिन शाह ने राजभवन में उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में अधिकारियों ने उन्हें प्रदेश में चल रही विकास कार्यों की जानकारी दी। साथ ही कानून-व्यवस्था और सुरक्षा पर भी चर्चा हुई। बैठक में सीएम उमर अब्दुल्ला, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा समेत कई अधिकारी मौजूद थे। इधर, शाह के दौरे के बीच जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी संगठन हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से जुड़े तीन संगठनों ने खुद को अलग कर लिया है। इन संगठनों में जम्मू कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी, जम्मू एंड कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग, और कश्मीर फ्रीडम फ्रंट शामिल हैं। इसपर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह कश्मीर घाटी में भारत के संविधान पर जनता के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। अब तक 11 संगठन हुर्रियत से नाता तोड़ चुके हैं। सोमवार को दौरे के दूसरे दिन अमित शाह एलओसी और कठुआ में बीएसएफ की चौकी भी गए। जहां उन्होंने मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था और हालात का जायजा लिया। फिर शहीदों के परिवारों से राजभवन में मिले और अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इससे पहले रविवार को शाह ने बीजेपी विधायकों और पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा हमारी नीति का हिस्सा है और इसे उचित समय पर बहाल किया जाएगा। बता दें कि राज्य में नई सरकार बनने के बाद अमित शाह का यह पहला दौरा है।

### मुद्रा योजना के 10 साल: पीएम मोदी ने योजना के लाभार्थियों से कहा-

## आत्मनिर्भर बनने के लिए दूसरों को प्रेरित करें



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के दस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को योजना के लाभार्थियों से अपने आवास पर मुलाकात की। इस खास अवसर पर लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री से अपने अनुभव साझा किए और बताया कि किस तरह इस योजना ने उनके जीवन को बदल दिया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने लाभार्थियों से कहा कि वे दूसरों को अब आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करें। प्रधानमंत्री मोदी ने मुद्रा योजना के लाभार्थियों का अपने आवास में स्वागत करते हुए कहा, कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि जब मेहमान घर आते हैं तो घर पवित्र हो जाता है। इसलिए मैं आप सभी का दिल से स्वागत करता हूं। पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा, कि मुद्रा योजना मोदी की तारीफ के लिए नहीं है, यह योजना देश के युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा होने का साहस देने के लिए है। इसी दौरान उन्होंने मुद्रा योजना के लाभार्थियों से आग्रह किया कि वे अन्य युवाओं को भी प्रेरित करें ताकि वे भी आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भागीदार बन सकें।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में मुद्रा योजना के तहत 50 करोड़ ऋण खातों को स्वीकृति दी गई है और लगभग 33 लाख करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया है। इनमें से 68 प्रतिशत महिला लाभार्थी हैं जबकि 50 प्रतिशत लाभार्थी अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं। इस संवाद कार्यक्रम में आईं एक महिला उद्यमी ने बताया कि वह अब बेकरी चला रही हैं, उनका मासिक टर्नओवर 2.5 से 3 लाख रुपये है और उनके यहां 7 से 8 लोग कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि अब उन्हें लाइसेंस लेने में कोई परेशानी नहीं होती और वे आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। वहीं एक अन्य लाभार्थी ने कहा उन्होंने 2021 में मुद्रा योजना के तहत 5 लाख रुपये का ऋण लिया था और उससे व्यवसाय शुरू किया था। अब वही व्यवसाय बढ़कर 9.5 लाख रुपये का हो गया है। लाभार्थी ने बताया कि उनका वार्षिक टर्नओवर पहले 12 लाख रुपये था जो अब 50 लाख रुपये के पार पहुंच गया है। मध्य प्रदेश के लाभार्थी ने कहा, कि पहले मैं किसी और के लिए काम करता था, अब खुद मालिक हूं। यहां मुद्रा योजना की विशेषता के संबंध में बताते चलें कि यह बिना किसी गारंटी के ऋण प्रदान करती है और इच्छुक लाभार्थी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### लिस्बन में 'सिटी की ऑफ ऑनर' से नवाजी गईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



**लिस्बन,ईएमएस।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिस्बन में 'सिटी की ऑफ ऑनर' सम्मान से नवाजा गया। लिस्बन के मेयर कार्लोस मोएदास ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर बोलते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने लिस्बन के मेयर और लोगों का आभार माना। उन्होंने कहा कि लिस्बन अपने खुले विचारों, संस्कृति, सहिष्णुता और विविधता के प्रति सम्मान के लिए जाना जाता है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि लिस्बन एक वैश्विक शहर है जो तकनीकी बदलाव, इनोवेशन, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और डिजिटल संक्रमण के मामले में सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में भारत और पुर्तगाल आगे भी मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुर्तगाल एक ऐसा देश है, जिसके साथ हमारे ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। भारत और पुर्तगाल के बीच सांस्कृतिक संबंध सदियों से चले आ रहे हैं और इन्होंने हमारे रोजमर्रा के जीवन पर अमिट छाप छोड़ी है। राष्ट्रपति ने कहा कि इस साल भारत और पुर्तगाल अपने राजनयिक संबंधों की स्वर्ण जयंती मना रहे हैं। मुझे विश्वास है कि हमारा ऐतिहासिक सहयोग, एक गतिशील और बहुमुखी साझेदारी बनने की दिशा में दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रपति मुर्मू पुर्तगाल और स्लोवाक गणराज्य की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा पर हैं। यह 25 से सालों में भारत के राष्ट्रपति की इन देशों की पहली राजकीय यात्रा है। इन यात्राओं से यूरोपीय संघ के दो महत्वपूर्ण भागीदारों के साथ भारत के बहुआयामी संबंधों का और विस्तार होगा। पुर्तगाल में पिछली राजकीय यात्रा 1998 में हुई थी जब राष्ट्रपति के आर नारायणन वहां पहुंचे थे। राष्ट्रपति मुर्मू पुर्तगाल के प्रेसिडेंट मार्सेलो रेबेलो डी सूसा के निमंत्रण पर पुर्तगाल की राजकीय यात्रा पर हैं।



दक्षिण कोरिया के सियोल में दक्षिण कोरिया की सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी के सांसद आह्न चोल-सू ने राष्ट्रपति चुनाव लड़ेंगे की घोषणा की। (फोटो-ईएमएस)

### तांत्रिक का कमरे में मिला शव, मचा हड़कंप

**अयोध्या, ईएमएस।** तंत्र-मंत्र करने वाले व्यक्ति का शव मंगलवार सुबह उसके कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मृतक के गले, चेहरे सहित शरीर के कई हिस्सों पर घाव के निशान मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि किसी धारदार हथियार से उसकी हत्या की गई है। कमरे में खून बिखरा हुआ था। यह घटना डोभियारा बिशुनपुर गांव की है। उक्त गांव का रहने वाला राजबहादुर यादव उर्फ बेचनदास गांव के बाहर देवस्थान के पास मंदिर बनाकर पूजा-पाठ और तंत्र-मंत्र करता था। बीते 6 अप्रैल की रात बीकापुर के सराय भनौली में पूजा कराने के बाद वापस आया और आश्रम में बने अपने कमरे में सो गया।

**गले व चेहरे पर मिले कई घाव के निशान, पुलिस जांच में जुटी**

### राज्यपाल को मनमानी करने पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार

## दस विधेयक रोके जाने को बताया अवैध



**नई दिल्ली, ईएमएस।** तमिलनाडु सरकार को सुप्रीम कोर्ट से मंगलवार को बड़ी राहत मिली, जब अदालत ने राज्यपाल आरएन रवि द्वारा 10 विधेयकों को रोके जाने की कार्रवाई को अवैध और मनमानी करार दिया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि राज्यपाल को संविधान का संरक्षक बनकर कार्य करना चाहिए, न कि राजनीतिक पार्टी के प्रभाव में।

गौरतलब है कि तमिलनाडु की एमके स्टालिन सरकार ने विशेष सत्र में 12 विधेयक पास किए थे। 13 नवंबर 2023 को राज्यपाल आरएन रवि ने इनमें से 10 बिल बिना कारण बताए लौटा दिए और 2 बिल राष्ट्रपति के पास भेज दिए। इसके बाद सरकार ने 18 नवंबर को विशेष सत्र बुलाकर दोबारा ये बिल पास किए और राज्यपाल को भेजा, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस मामले को लेकर जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की दो सदस्यीय पीठ ने फैसला सुनाते हुए राज्यपाल को नसीहत देने का काम कर दिया। कोर्ट ने राज्यपाल की कार्रवाई को अवैध घोषित करते हुए कहा, कि राज्यपाल का बिलों को यूं रोके रखना असंवैधानिक है। यह संसद और लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है। जिन बिलों को विधानसभा ने दोबारा पास कर भेजा था, उन्हें उसी दिन से स्वीकृत माना जाएगा। कोर्ट ने कहा, कि राज्यपाल को एक दोस्त, दार्शनिक और मार्गदर्शक की तरह होना चाहिए, न कि विकास के मार्ग में रोड़ा। पहला, निर्धारित समयसीमा में निर्णय जरूरी। राज्यपाल को हर विधेयक पर एक महीने के भीतर निर्णय लेना होगा - चाहे वह मंजूरी देना हो, राष्ट्रपति को भेजना हो या पुनर्विचार के लिए लौटाना हो। और दूसरा दोबारा पास बिल पर मंजूरी अनिवार्य। यदि विधानसभा कोई बिल दोबारा पास करती है, तो राज्यपाल उसे मंजूरी देने से इनकार नहीं कर सकते।

### मौजूदा हालत के चलते भारत में आर्थिक आपातकाल हो सकता है लागू?

**नई दिल्ली, ईएमएस।** देश की मौजूदा आर्थिक स्थिति को देखते हुए वित्तीय विशेषज्ञों ने भारत में आर्थिक आपातकाल लागू होने की आशंका जताई है। बीते छह महीनों से शेयर बाजार में लगातार गिरावट देखी जा रही है, जिससे सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद बाजार को स्थिर नहीं किया जा सका है। सोमवार को आई भारी गिरावट ने निवेशकों को करीब 16 लाख करोड़ का नुकसान हुआ है। इसके साथ ही बैंकिंग सेक्टर भी संकट में आ गया है और कई बैंक दिवालिया होने की कगार पर है।

अमेरिका की टैरिफ नीतियों और वैश्विक मंदी की आशंकाओं ने हालात और खराब कर दिए हैं। सरकार और वित्तीय संस्थानों ने बाजार में स्थिरता लाने के लिए बार-बार निवेश किया, लेकिन नतीजे नाकाफी साबित हुए। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और मांग में आई गिरावट ने व्यापार जगत की स्थिति को भी कमजोर कर दिया है। केंद्र और राज्य सरकारों पर पहले से ही भारी कर्ज है और सरकारी राजस्व का एक बड़ा हिस्सा ब्याज चुकाने में खर्च हो रहा है। संविधान के अनुच्छेद 360 के तहत जब देश की वित्तीय स्थिरता को गंभीर खतरा होता है, तब राष्ट्रपति वित्तीय आपातकाल घोषित कर सकते हैं।

## 7 लाख की रिश्वत मामले में सीबीआई ने तीन रेलवे अधिकारियों को किया गिरफ्तार

### तलाशी में 63.85 लाख नकद, सोने की छड़ें और करोड़ों रुपए के आभूषण बरामद

**नई दिल्ली, ईएमएस।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रिश्वतखोरी से जुड़े एक मामले में नई दिल्ली में डीआरएम ऑफिस के उत्तर रेलवे के एक वरिष्ठ डीईई और एक एसईई समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों की पहचान साकेत चंद श्रीवास्तव (वरिष्ठ डीडीई), तपेंद्र सिंह गुर्जर (एसएसई, इलेक्ट्रिकल-जी ब्रांच) के रूप में हुई है। उक्त दोनों अधिकारी डीआरएम ऑफिस नई दिल्ली में तैनात हैं। मामले में एक निजी कंपनी के गौतम चावला से 7 लाख रुपए की रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया है।

आरोप है कि इन रेलवे अधिकारियों ने निजी रेलवे विक्रेता की दिल्ली स्थित निजी कंपनी और उसके परिवार को लाभ पहुंचाने के लिए रिश्वत की मांग की थी और उसे स्वीकार किया था। प्रवक्ता ने बताया कि सीबीआई ने तलाशी में 63.85 लाख रुपए नकद, सोने की छड़ें और 3.46 करोड़ रुपए मूल्य के आभूषण बरामद किए हैं। सीबीआई के मुताबिक सीबीआई ने 7 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इनमें डीआरएम ऑफिस के एक वरिष्ठ डीईई और दो एसएसई, गाजियाबाद स्थित एक निजी कंपनी के निदेशक, गाजियाबाद स्थित निजी कंपनी, दिल्ली स्थित कंपनी के एक निजी रेलवे विक्रेता, दिल्ली स्थित निजी कंपनी और अन्य अज्ञात शामिल हैं। मामले में यह आरोप लगाया गया कि आरोपी अवैध रिश्वत के बदले में कई निजी संस्थाओं को कार्य आदेश देने और बिलों का भुगतान करने के मामले में भ्रष्ट और अवैध गतिविधियों में लिप्त थे।



### पार्टी में रहकर ही लड़ेंगे कानूनी लड़ाई

**पटना, ईएमएस।** नए वक्फ कानून पर सीएम नीतीश कुमार की पार्टी में घमासान मचा है। पार्टी में बगावत शुरू हो गई है। पार्टी के नेता और अल्पसंख्यक आरक्षण मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मोहम्मद परवेज सिद्दीकी इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा इस मामले पर पार्टी की राय से सहमत नहीं हैं। जेडीयू में रहकर ही इसके खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ेंगें। उन्हें यकीन है कि कोर्ट मुसलमानों के हक में फैसला करेगी। और यह लड़ाई हम जीतेंगे। उन्होंने कहा कि संशोधन एक्ट वक्फ संपत्तियों पर सरकारी नियंत्रण को बढ़ावा देता है। यह अल्पसंख्यकों की धार्मिक और सामाजिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप है। संविधान के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। पार्टी की ओर से आयोजित कई कार्यक्रमों में शामिल हो रहा हूं।

### शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दी ममता को राहत

**कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को किया रद्द**



**नई दिल्ली, ईएमएस।** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया है जिसमें हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से शिक्षक भर्ती में अतिरिक्त पद बढ़ाने को कहा था। बता दें पश्चिम बंगाल में 25753 टीचरों और कर्मियों की नियुक्ति के अन्य पहलू को लेकर सीबीआई अभी जांच कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त पद बनाने के फैसले की सीबीआई जांच के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया है। बता दें कि ममता सरकार ने दागी उम्मीदवारों को समायोजित करने के लिए अतिरिक्त शिक्षक पदों का सृजन किया था, इन्हीं पोस्ट के सृजन के राज्य सरकार के फैसले को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश दिए थे।

### ट्रंप ने फिर अलापा गाजा पर कब्जा करने का राग, इजराइल ने किया समर्थन

**अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- गाजा को शांत करने के लिए यही बेहतर होगा**

**वॉशिंगटन, ईएमएस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात के बाद फिर गाजा पर कब्जे का प्लान पेश किया है। उन्होंने कहा कि गाजा को शांत करने के लिए यही बेहतर होगा कि उस पर अमेरिका का कब्जा हो। इसके अलावा गाजा से फिलिस्तीनियों को हटा दिया जाए और अलग-अलग देशों में उन्हें बसा दिया जाए।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने मुस्लिम देशों से अपील करते हुए कहा कि यदि आप लोग इन फिलिस्तीनियों को बसा लें तो फिर गाजा में समाधान हो सकता है। उन्होंने कहा कि गाजा को हम फ्रीडम जोन में तब्दील करना चाहते हैं। यदि फिलिस्तीनी अलग-अलग देशों में जाकर बस जाएं तो फिर गाजा में काम हो सकता है। उसे एक शांत इलाके के तौर पर विकसित किया जाएगा। ट्रंप के इस प्लान का नेतन्याहू ने समर्थन किया। उन्होंने कहा कि हम हमास के साथ एक नई डील पर भी विचार कर रहे हैं ताकि बंधकों को छुड़ाया जा सके, जो अब भी कैद में हैं। ट्रंप ने सत्ता में आने के कुछ समय बाद ही गाजा को फिलिस्तीनियों से मुक्त कराने की बात कही थी और कहा था कि हम चाहेंगे कि वहां एक कॉलोनी विकसित की जाए। अमेरिका यह काम अपने हाथ में ले सकता है।

### ट्रंप के टैरिफ वार के बीच जयशंकर की रुबियो से चर्चा

**नई दिल्ली, ईएमएस।** डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारत पर लगाए गए 26 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ के खतरे के बीच, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ महत्वपूर्ण चर्चा की। दोनों पक्षों ने जल्द से जल्द द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की आवश्यकता पर जोर दिया। विदेश मंत्री जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को जल्द पूरा करने की जरूरत पर सहमति जाहिर की।

### बिल गेट्स ने अपने बच्चों को दी हिदायत कहा-

# अपनी पहचान खुद बनाएं, हम संपत्ति नहीं देने वाले

**वॉशिंगटन, ईमएस**



दुनिया के शीर्ष अरबपतियों में शुमार माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने अपने बच्चों से साफ कह दिया है कि वे उन्हे पूरी संपत्ति देने वाले नहीं हैं, इससे बेहतर होगा कि बच्चे अपनी पहचान खुद बनाएं और हमारे भरोसे में न रहें। गेट्स ने घोषणा की है कि वह अपनी कुल संपत्ति का केवल एक प्रतिशत हिस्सा अपने तीनों बच्चों के लिए छोड़ने जा रहे हैं, बाकी पूरी संपत्ति वे दान करने की योजना बना चुके हैं।

गेट्स का मानना है कि उनके बच्चों को अच्छी परवरिश और शिक्षा मिली है, अब उन्हें अपनी खुद की पहचान बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कोई राजवंश नहीं है, और वे अपने बच्चों से माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनी चलाने की अपेक्षा नहीं करते। बल्कि वे चाहते हैं कि उनके बच्चे अपनी मेहनत और योग्यता के दम पर सफलता प्राप्त करें। गेट्स पहले भी कई बार कह चुके हैं कि अपने बच्चों को पूरी संपत्ति देना एक गलती होगी। उनके अनुसार, यह जरूरी है कि बच्चे माता-पिता के प्यार और समर्थन को गलत न समझें और इसीलिए उन्होंने पहले ही साफ कर दिया है कि वे सभी बच्चों के साथ समान व्यवहार करते हुए, उन्हें अवसर जरूर देंगे, परंतु संपत्ति का बड़ा हिस्सा परोपकार के लिए होगा।

गेट्स और उनकी पूर्व पत्नी मेलिंडा के तीन बच्चे हैं - जेनिफर, रोरी और फीबी। तीनों ने प्रतिष्ठित संस्थानों से पढ़ाई की है और अपने-अपने क्षेत्र में अच्छा कर रहे हैं। गेट्स का कहना है कि उनकी प्राथमिकता है कि उनकी संपत्ति 'बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन' के ज़रिए उन लोगों तक पहुंचे जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। उन्होंने 2010 में 'गिविंग प्लेज' की शुरुआत भी की थी, जिसका उद्देश्य अमीर लोगों को अपनी संपत्ति का बड़ा हिस्सा दान करने के लिए प्रोत्साहित करना है। बिल गेट्स की इस सोच में वॉरेन बफेट, जेफ बेजोस, माइकल ब्लूमबर्ग और स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन जैसी हस्तियां भी शामिल हैं, जिन्होंने विरासत के बजाय समाज को प्राथमिकता दी है। रिपोर्ट के अनुसार, बिल गेट्स की कुल संपत्ति लगभग 162 बिलियन डॉलर यानी करीब 13,900 अरब रुपये है। इसका एक प्रतिशत भी करीब 1.62 बिलियन डॉलर होता है, जो भारत के लिहाज से देखें तो कई बड़ी कंपनियों की कुल वैल्यू से भी अधिक है।

## बीएसएनएल के रिटायर्ड कर्मचारी के मकान पर चोरो का धावा

**भोपाल(ईएमएस)।** कोलार इलाके में रहने वाले बीएसएनएल के एक रिटायर्ड कर्मचारी के सूने मकान पर धावा बोलते हुए बदमाशों ने 70 हजार की नकदी, जेवरात समेत लाखों का माल समेट लिया। बदमाशों ने उसी कालोनी के एक अन्य मकान पर भी धावा बोला था, लेकिन पड़ोसियों के जाग जाने पर वह भाग गये। कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में चार बदमाश नजर आये हैं, हुलिए के आधार पर पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

## काउंटर से मोबाइल चोरी कर भागा आरोपी दोबारा आने पर धरा गया

**भोपाल(ईएमएस)।** शहर के कटारा हिल्स इलाके में किराना दुकान के काउंटर से एक आरोपी ने मोबाइल चोरी कर लिया। नजर पड़ते ही आरोपी युवक को कारोबारी ने अन्य लोगों की मदद से पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम बर्रई में रहते में रहने वाले रितिक गौर पिता रमेश गौर (21) की बर्रई में ही किराना दुकान है। 28 मार्च को एक युवक मौका पाकर दुकान के काउंटर पर रखा उनका 25 हजार कीमत का मोबाइल उठाकर चंपत हो गया था।

**फटाफट खबरें**

## महिला ने जहर खाकर दी जान

**भोपाल(ईएमएस)।** नजीराबाद इलाके में एक महिला में जहरीला पर्दाथ खाने वाली महिला की इलाज के दौरान बीते दिन मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि 49 वर्षीय गीता बाई ग्राम बागसी में रहती थी। शादी के कुछ सालों बाद ही उसके पति ने छोड़ दिया था, जिसके बाद वह अपने मायके में रहती थी। बताया गया की उसे मिर्गी के दौरे की बीमारी थी, बीमारी के कारण वह तनात के कारण मानसिक रूप से भी बीमार हो गई थी। बीती 2 अप्रैल को महिला ने अपने घर रखा जहरीला कीटनाशक जहर पी लिया था। तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां बीती दोपहर उसकी मौत गई। पुलिस का अनुमान है, कि बीमारी के कारण डिप्रैशन में आकर ही उसने यह आत्मघाती कदम उठाया होगा। फिलहाल कारणो को लेकर पुलिस आगे की जॉच कर रही है।

## युवक के फांसी लगाने से फैली सनसनी

**भोपाल(ईएमएस)।** पुराने शहर के छोला थाना इलाके में स्थित उड़िया बस्ती में उस समय सनसनी फैल गई जब लोगो ने एक युवक का शरीर मंदिर के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका देखा। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान अंशु वानखेड़े(20) के रुप में हुई है, वह एक होटल में हाउसकीपिंग का काम करता था, और अक्सर रात में अपने दोस्तों के घर सोने चला जाता था। सोमवार देर रात भी घर से निकला था, मंगलवार अलसु बह करीब 5 बजे मोहल्ले के लोग जब पूजा पाठ के लिये बाहर निकले, तो उन्होंने मंदिर के पास पेड़ पर उसका शव लटका हुआ देख इसकी सूचना अंशु के परिजनों और पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से नीचे उतारकर शुरुआती जॉच के बाद पीएम के लिए भेजा जहॉ से पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

## विवाहिता ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**भोपाल(ईएमएस)।** बजरिया इलाके में स्थित द्वारका नगर में रहनी वाली एक महिला में रविवार को जहर खाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस को मामले में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे खुदकुशी का कारण साफ नहीं हो सका है। पुलिस के अनुसार, गीता वष्टि पति हरि सिंह (45) मूलरूप से उत्तराखंड की रहने वाली थी। वह यहां द्वारका नगर में परिवार के साथ रहती थी। उसका पति एक कपड़े की दुकान पर काम करता है। रविवार को सुबह उठने के बाद गीता ने पूजा- पाठ की फिर सबको नाश्ता कराने के बाद करीब 12 बजे कही काम से जाने का बोलकर कर घर से निकली थी। वहां से लौटने के बाद अचानक उसे उल्टियां होने लगी। परिजन गीता को लेकर चरक अस्पताल पहुंचे, यहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू कर दिया।

## वृद्ध की तबीयत बिगड़ी, मौत

**भोपाल (ईएमएस)।** शहर के स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र में कैंसर पीड़ित एक व्यक्ति की मौत हो जाने की घटना सामने आई है। बताया गया है की मृतक का बीते साल से इलाज चल रहा था। थाना पुलिस के अनुसार साईं नगर में रहने वाले दीपक चंद्रेजा पिता श्याम कुमार चंद्रेजा (68) की सोमवार को तबीयत खराब होने पर परिवार वाले इलाज के लिये खान शाकिर अली खान अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहॉ उनकी नाजूक हालत देखकर हमीदिया अस्पताल रैफर कर दिया गया। जहॉ उनकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस को परिवार वालो ने बताया की वह बीते चार साल से कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो का सौंप दिया है।

### दवा कंपनी में पार्टनर बनाने के नाम पर किया फर्जीवाड़ा

# रिटायर्ड आईपीएस को भांजे ने पत्नि के साथ मिलकर लगाई 72 लाख की चपत

**भोपाल(ईएमएस)।**



एमपी पुलिस कैडर के रिटायर्ड आईपीएस और सेवानिवृत्त विशेष पुलिस महानिदेशक डॉक्टर आरके गर्ग के साथ उनके भांजे और भांजे की पत्नि ने दवा कंपनी में पार्टनर बनाने का झांसा देकर करीब 72 लाख का फर्जीवाड़ा कर डाला। पुलिस सूत्रो के अनुसार मामला हाईप्रोफाइल होने के चलते गुपचुप ढंग से आरोपियों के खिलाफ जालसाजी और गबन का प्रकरण दर्ज कर क्राइम ब्रांच की एसआईटी मामले की छानबीन कर रही है।

मामले को लेकर पुलिस मुख्यालय में डीजीपी कैलाश मकवाना से मिलकर शिकायत की गई थी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रिटायर्ड आईपीएस डॉ रंजीव कुमार गर्ग पिता हेतराम गर्ग ने बीती 5 अप्रैल को शिकायत करते हुए बताया था, की वे रिटायर्ड होने के बाद वह मोहाली में स्थित गोल्डन सैंड सोसायटी में रहते हैं। उनका भांजा रजनीश कुमार गोयल और उसकी पत्नी स्नेहलता गोयल बठिंडा में रहते है। डॉ रंजीव कुमार गर्ग 30 जून 2018 को विशेष पुलिस महानिदेशक पद से रिटायर्ड हुए थे। उनके विदाई समारोह के समय भांजा और उसकी पत्नि दोनों भोपाल आए थे। इसके बाद चार दिनों तक वह उनके पास ही रहे। उसी दौरान भांजे रजनीश गोयल रिटायर्डमेंट के बाद उन्हें बिजनेस करने की सलाह देते हुए दवा कंपनी खोलने की बात कही और उस कंपनी में पार्टनर बनाने का प्रस्ताव दिया था। उसका प्रस्ताव पसंद आने पर भांजे ने उनसे करीब दो करोड़ की रकम निवेश करने की योजना बताई थी। जिसमें उन्हें सवा करोड़ की रकम देने को कहा गया। वहीं दंपति ने अपनी तरफ से 50 लाख रुपए निवेश करने का झांसा दिया। रिटायर्ड स्पेशल डीजी ने डॉ रंजीव कुमार गर्ग ने सेवानिवृत्ति के बाद मिली रकम में से उसे 72 लाख रुपए दे दिये। बाकी 75 लाख की रकम कर्ज से लेना था। बाद में जब वह पंजाब पहुंचे तो दंपति ने एसएएस नगर में स्थित हैबतपुर गांव में जमीन खरीदने की जानकारी देते हुए 50 लाख रुपए मांगे। उस समय दो आरटीजीएस के जरिए 24 सितंबर, 2018 को 5 लाख और दूसरी किस्त 26 लाख रुपए की 8 अक्टूबर, 2018 को दे दी। लेकिन, आरोपी रजनीश गोयल ने जमीन पार्टनरशिप में खरीदने की बजाय सिर्फ अपनी पत्नी स्नेहलता गोयल के नाम पर खरीद ली। इसके बाद रजनीश गोयल ने साल 2019 से 2020 के बीच अलग-अलग किस्त में बाकी रकम भी दे दी।

इस रकम का इस्तेमाल जमीन खरीदने के साथ ही कारखाना बनाने के अलावा फर्नीचर खरीदा गया। साल 2022 तक वह भांजे को अपनी पेंशन की बचत की रकम से पैसै का भुगतान करते रहे। इतना ही नहीं रिटायर्ड आईपीएस ने घर में रखे पांच लाख रुपए के सोने के जेवरात भी कंपनी डालने के गिरवी रखकर रकम लेने के लिए दिए, लेकिन यह सोना भांजे ने गिरवी रखने की बजाय उनकी जानकारी के बिना ही बेच दिया।

## सड़क हादसे में घायल युवक ने दम तोड़ा

**भोपाल, ईएमएस।** रातीबड़ इलाके में करीब एक महीने पहले सड़क हादसे में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस के अनुसार ग्राम मेंडोरी में रहने वाला 48 वर्षीय महेश कैथल मंडीदीप में स्थित फैक्ट्री में नौकरी करता था। बीती 12 मार्च को उनकी बाइक ने एनएलयूआई के छात्रों को टक्कर मार दी थी, और खुद भी गाड़ी से गिरकर घायल हो गए थे।



एक्सीडेंट में महेश के सिर में घातक चोंटे आई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए चिरायु अस्पताल में भर्ती कराया। बताया गया है की उनकी बाइक पर हेलमेट टंगा हुआ मिला था, जिसे उन्होंने हादसे के समय पहना नहीं था। यदि वह हेलमेट पहने होते तो सिर की चोटों से उनका काफी बचाव हो सकता था। डॉक्टरों ने पुलिस को बताया की सिर में आई गंभीर चोटो के कारण ही उनकी मौत हुई है। अस्पताल से मौत की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## हबीबगंज नाका पुलिया के पास मिला संदिग्ध हालत में युवक का शव

### सिर पर चोट के निशान, पुलिस का अनहोनी की आशंका से इंकार

**(भोपाल(ईएमएस)।**



बागसेवनिया इलाके में स्थित हबीबगंज नाका पुलिया के पास से पुलिस ने एक युवक का शव संदिग्ध हालत में बरामद किया है। मृतक के सिर पर चोट के निशान है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि मृतक मृतक को पूर्व में एक बार हार्ट अटैक आ चुका था, पहले भी वी अपने घर के पास गिर गया था। अनुमान है कि उसे हार्ट अटैक आया होगा, जिससे उसकी मौत हुई है। मामले में पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण सामने आ सकेगा। पुलिस ने बताया की सोमवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि हबीबगंज नाका के पास पुलिया पर सड़क किनारे किसी युवक का शव पड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची तो मृतक की पहचान सुरेश फरकले पिता सेवकराम फरकले (45) मल्टी हबीबगंज के रूप में की गई। पुलिस ने परिजनों से संपर्क कर उनके पिता सेवकराम को बुलाया। पिता ने बताया कि बेटा निजी काम करता था। पूर्व में भी सुरेश को एक बार हार्ट अटैक आ चुका है।

## कवर्ड कैंपस में तीन हवाई फायर करने वाले बेसुराग, पुलिस ने साधी चुप्पी

(भोपाल(ईएमएस)। राजधानी के अयोध्या नगर थाना इलाके में स्थित कवर्ड शीतल पैराडाइज अपार्टमेंट में तीन हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाले आरोपियो की तीन दिन बाद भी पुलिस को कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। केवल यही पता चल सका है, की आरोपी जिस थार जीप से आए थे, वह देवास आरटीओ पर रजिस्टर्ड हैं। थाना पुलिस के अनुसार राजीव नगर स्थित ए-सेक्टर में रहने वाले गुरुप्रसाद सचान पिता परशुराम सचान (65) शीतल पैराडाईज अपार्टमेंट में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं।

## बॉर्डर के पास पकड़ाया ट्रेन से लाखों के जेवरात चुराने वाला गिरफ्तार

**भोपाल(ईएमएस।** रनिंग ट्रेन से लाखो रुपये के जेवरात से भरा बैग चोरी करने वाले आरोपी को जीआरपी इटारसी ने पाकिस्तान के बॉर्डर के पास बाड़मेर राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपी को इटारसी लाया गया जिसके पास से मोबाइल सहित करीब 26 लाख के जेवरात बरामद किये गये है। हैरानी वाली बात यह है, की आरोपी मूकबाधिर है, उसका असली पते की अभी तक पुलिस को जानकारी नहीं लग सकी है। अधिकारियो से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी संदीप मधुकर किर पिता मधुकर दगडू किर (52) निवासी ठिकरूल, नाका अलीबाग रायगढ़ ने जीआरपी थाना जबलपुर मे जीरो पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया की वह 19 मार्च 2025 को कोयम्बटूर जबलपुर एक्सप्रेस के कोच एस-9 पर पनवेल से जबलपुर का सफर कर रहे थे। रेल्वे



स्टेशन इटारसी आने के 2 मिनट पहले वह बाथरूम करने चले गये। वापस आकर देखा तो अज्ञात बदमाश उनका सोने के जेवरात से भरा बैग चोरी कर ले जा चुका था। बैग ने मोबाईल, तीन सोने की चैन, सोने की तीन अंगूठी थे।

संदीप ने पुलिस को बताया की चोरी गये सोने के सभी जेवरात साल 2003 से 2007 के बीच के खरीदे हुये पुश्तेनी थे, जिनकी वर्तमान में कीमत करीब 24 लाख से अधिक हैढ्ढ केस डायरी मिलने पर इटारसी जीआरपी ने असल कायमी कर आगे की जॉच शुरु की।

## दो लाख का गांजा डिलेवरी करने की फिराक में थी महिला हुई अरेस्ट

भोपाल(ईएमएस)। क्राइम ब्रांच पुलिस ने गोविंदपुरा और एमपी नगर से महिला सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 13 किलो गांजा बरामद किया गया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहज केस दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों के नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच एडीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया की मुखबिर की सूचना पर सुभाष नगर ब्रिज के पास बंद पेट्रोल पंप एमपी नगर के पास पेड़ के नीचे बैठी एक संदिग्ध महिला को हिरासत में लिया गया। महिला के पास एक थैला था। तलाशी लेने पर उनमें पांच पैकेट में 7 किलो 540 ग्राम गांजा रखा मिला। पूछताछ में आरोपी महिला ने



तनु संकत (18) निवासी बजरंग चौराहा गंज मोहल्ला सीहोर ने अवैध गांजे की तस्करी करना कुबूल किया। हिरासत में लेकर महिला से पूछताछ की जा रही है, कि वह अवैध गांजा कहां से लाई थी, और किन लोगों को सप्लाई करने के लिये आई थी। दूसरी कार्यवाही में सूचना मिली थी की कस्तूरबा अस्पताल के सामने सब्जी मंडी टीन शेड गोविंदपुरा इलाके में एक लड़का बैग लटकाए खड़ा है। उसके बैग में गांजा है, जिसकी डिलेवरी देने के लिये ग्राहक का इंतजार कर रहा है।

## अहिंसा के प्रणेता भगवान महावीर के जन्म कल्याणक आयोजन शुरू

**जैन समाज की महिलाओं ने निकाली रैली भगवान महावीर के संदेश के साथ लगाएं जयकारे**

**▸ जीतो के तत्वाधान में सामूहिक नवकार महामंत्र का पाठ रविंद्र भवन में**

**भोपाल(ईएमएस)।** राजधानी में अहिंसा के प्रणेता भगवान महावीर का जन्म कल्याण का आयोजन शुरू हो गए हैं। 9 अप्रैल बुधवार को विश्व के 108 देश में एक साथ णमोकार महामंत्र का पाठ होगा। रविंद्र भवन के मुक्ताकाश मंच में प्रातः 7 से 9:30 बजे तक समाज के लोग विश्व शांति की प्रार्थना के साथ नवकार मंत्र का पाठ करेंगे। जीतो के भोपाल प्रेजिडेंट डॉ प्रशांत जैन सेज ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली से कार्यक्रम में लाइव जुड़ेंगे। जैन समाज द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की गई है कि, 9 अप्रैल को नवकार मंत्र दिवस के रूप में घोषित करें। वहीं



दूसरी और जैन समाज की महिलाओं ने रोशनपुरा जय स्तंभ चौराहे से भगवान महावीर के संदेशों के साथ रैली निकाली। अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद मेना सुंदरी संभाग के तत्वाधान में महिलाएं हाथों में भगवान महावीर के संदेश लिखी तख्तियां लिए थी। प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया - वक्ताओं ने कहा वर्तमान में भगवान महावीर के सिद्धांत सत्य, अहिंसा, अनेकांत, अपरिग्रह की अत्यंत आवश्यकता है। विश्व में शांति और एकता के लिए जियो और जीने दो को सभी को जीवन में आत्म सात करना होगा। इस अवसर पर संभाग अध्यक्ष जयंती जैन ने कहा सभी महिलाएं निरंतर जीव दया के लिए कार्य करेंगी। आशा विनायका, हीरामणी वंदना सिंघई, संभाग अध्यक्ष जयंती जैन संगीता चौधरी एवं संगीता तारण अनीता जैन संगीता चौधरी, ममता जैन ललित मनया, मीना, शोभा जैन चंद्ररी संध्या कंडिया सुलेखा, बबीता जैन सहित 18 शाखाओ के पदाधिकारी सहित अनेक महिलाएं मौजूद थी।

## मुंडन संस्कार में जा रहे सेन समाज के लोगों से भरी ट्रॉली पलटी, कई घायल

**भोपाल(ईएमएस।**

प्रदेश की राजधानी भोपाल के बैरसिया रोड पर गुनगा थाना इलाके में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहॉ गोंगा कलारा गांव के पास मुंडन संस्कार में जा रही सेन समाज के लोगो से भरी ट्रॉली अचानक बेकाबू होकर पलट गई। घटना में करीब 10 लोगो को चोंटे आई है। समाज के लोग खजूरी राताताल से ट्रॉली में सवार होकर एहमदपुर के पास मनखेड़ा में पूजन करने जा रहे थे। हादसे को लेकर क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। प्रशासन ने फौरन ही राहत से संबधित सभी व्यवस्थाएं करवाते हुए आसपास के अस्पतालों को अलर्ट करते हुए आस पास की सभी एंबुलेंस और पुलिस बल को स्पॉट पर भेजा गया। सूचना मिलते ही 10 संजीवनी 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंचीं और राहत कार्य शुरू करते हुए घायलो को इलाज के लिये अस्साल पहुंचया गया। ट्रॉली पलटने के बाद कई लोग उसके नीचे दब गए थे, जिन्हें ग्रामीणों और पुलिस की मदद से बाहर निकाला गया। गुनगा पुलिस के मुताबिक सभी लोग मुंडन संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। ट्रॉली जैसे ही ढलान से नीचे उतरी, उसका संतुलन बिगड़ा और वह अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। कई लोगों को सिर और हाथ-पैर में चोटें आई हैं। कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को इलाज के लिए बैरसिया अस्पताल भेजा गया है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है, कि वाहन में आई किसी खराबी के कारण हुआ या फिर चालक की लापरवाही से।

### खराब गुणवत्ता की वजह से छात्रों में घट रही रुचि

## हर साल निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों में हो रही तालाबंदी

**भोपाल,ईएमएस।** एक समय ऐसा था, जब प्रदेश में लगभग हर साल दर्जनभर नए इंजीनियरिंग कॉलेज खुल रहे थे। प्रदेश का लगभग हर पैसे वाला व्यवसायी और राजनेता तक इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने में जुट गए थे। इसकी वजह से कई शहरों में ऐसे कॉलेजों की बाढ़ तक आ गई थी। इसकी वजह से हर साल हजारों में छात्र पढ़ाई पूरी कर बाहर आना शुरू हो गए थे, जिसकी वजह से इंजीनियरिंग की डिग्री धारक बड़ी संख्या में बेरोजगार होते चले गए। इसकी वजह से अब हालत यह हो गई है कि दर्जनों महाविद्यालयों में तो छात्रों ने प्रवेश लेना तक बंद कर दिया है। शुरुआत में निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों को लेकर इतना क्रेज था कि प्रवेश के नाम पर छात्रों और उनके अभिभावकों से लाखों रुपयों का प्रवेश शुल्क तक वसूला जाता था। अब हालत यह है कि दलाल रखने के बाद भी छात्र नहीं मिल पा रहे हैं, लिहाजा उनके सामने बंद करने की मजबूरी बन गई है। यही वजह है कि अब बीते कई सालों से हर साल औसतन आधा दर्जन निजी इंजीनियरिंग कॉलेज बंद हो रहे हैं।

अगर सरकारी आंकड़ों को देखें तो बीते 10 साल में 62 निजी इंजीनियरिंग कॉलेज बंद हो गए। मौजूदा कॉलेजों में भी 45 से 55 प्रतिशत सीटों पर ही प्रवेश हो रहे है। जानकार बताते हैं, वर्तमान में शिक्षा व्यवस्था व तकनीकी तालमेल न बढ़ा पाने से ऐसी हालत हुई है। सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में 80 से 90 प्रतिशत तक प्रवेश हो रहे हैं।

### प्रदेश की मोहन सरकार ने तैयार की पांच वर्षीय योजना

## शहरों को हराभरा करने हर साल खर्च होंगे डेढ़ अरब

**भोपाल,ईएमएस।** बढ़ता वायु प्रदूषण और उसके दुष्परिणामों से निपटने के लिए प्रदेश की मोहन सरकार ने पांच वर्षीय योजना तैयार की है। इसके तहत हर साल शहरी इलाकों में डेढ़ अरब रुपए खर्च कर उन्हें हरा भरा बनाने का काम किया जाएगा। इसके लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री नगर विकास योजना पर काम करने का फैसला किया है। इस योजना के लिए अगले पांच वर्ष के लिए वर्ष 2028-29 तक के लिए 750 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यह योजना राज्य सरकार द्वारा अपने वित्तीय संसाधनों से संचालित की जाएगी। विभाग द्वारा प्रत्येक नगर वन के विकास के लिए अधिकतम 2 करोड़ 50 लाख रुपए की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। योजना में न्यूनतम क्षेत्रफल प्रति एकड़ 10 लाख रुपए नगर वन के सृजन के लिए नगरीय निकायों को अनुदान स्वरूप दिए जाएंगे। योजना के संबंध में नगरीय निकायों को निर्धारित प्रावधान के अनुसार प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में शहरी क्षेत्रों में शुद्ध जलवायु प्रदान करने तथा शहरी निवासियों को प्रकृति की अनुभूति प्रदान करने के उद्देश्य से नगर वनों एवं नगर वाटिकाओं की स्थापना की गई है। प्रदेश में स्थापित नगर वनों की संख्या 50 से अधिक है।

### ठग घात लगा पल भर में बना रहे भिखारी

# कहीं महंगा न पड़ जाए घिबली का शौक

**भोपाल,ईएमएस।**

इन दिनों सोशल मीडिया पर एआई जनरेटेड घिबली इमेज खूब शेयर की जा रही है। कोई भी सोशल मीडिया यूजर इससे अछूता नहीं है। लगातार ट्रेंड कर रहे घिबली आर्ट के फोटो को देखकर हर कोई अपनी और अपने फैमिली का घिबली इमेज बनाना चाह रहा है। ऐसे में साइबर अपराधी भी सक्रिय हो चुके हैं। यदि आपने गलती से कोई अनसिक्योर्ड एआई ऐप डाउनलोड कर लिया तो वह आपके प्राइवेट डाटा के साथ आपका बैंक अकाउंट भी खाली करवा सकता है। बड़ी मात्रा में सर्च हो रहे घिबली इमेज जेनरेटर का फायदा साइबर अपराधी उठा सकते हैं। पुलिस ने तो लोगों से इस तरह के ऐप डाउनलोड करने से बचने की अपील भी जारी की है।

कुछ दिन पहले ही ओपन एआई ने चैट जीपीटी इमेज जेनरेटर लांच किया था। इसके बाद यह सोशल मीडिया ट्रेंड बन गया। घिबली एक जापानी एनिमेशन आर्ट है। बीते दिनों ओपन एआई ने सामान्य फोटो को एआई टूल की



मदद से घिबली इमेज (एनिमेटेड) में बदलने के विकल्प के साथ इसे लॉन्च किया है। यह एआई टूल सामान्य फोटो को एनिमेटेड रूप में परिवर्तित कर देता है। कई बार यह इमेज काफी सुंदर और फनी भी होते हैं। घिबली का यही जादू इन दिनों सोशल मीडिया यूजर्स के सिर चढ़ कर बोल रहा है। आम लोगों से लेकर बड़े-बड़े सितारे अपनी घिबली फोटो सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं।

### सकते हैं साइबर अपराधियों के शिकार

जब भी गूगल और सोशल मीडिया पर किसी विषय या शब्द को बार-बार सर्च किया जाता है तो वह आम यूजर्स के साथ ही साइबर अपराधियों की नजर में भी आता है। साइबर अपराधी ऐसे ही मिलते-जुलते शब्दों, ऐप या वेबसाइट लिंक का इस्तेमाल कर गूगल और सोशल मीडिया पर सर्च कर रहे लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं।

### एपीके फाइल डाउनलोड करने से बचे

पुलिस का कहना है कि किसी भी प्रकार के ऐप को जल्दबाजी में डाउनलोड नहीं करना चाहिए। खासकर व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर शेयर किए गए एंड्रॉइड पैकेज किट को डाउनलोड करते समय बेहद सतर्कता बरतनी चाहिए। क्योंकि इस बात की अधिक संभावना होती है कि इंटरनेट पर ट्रेंड कर रहे नाम से मिलते-जुलते फेक एपीके साइबर अपराधियों द्वारा डाले जाते हैं। जिसे अनजाने में यूजर डाउनलोड कर लेता है और अपने फोन की निजी जानकारी का एक्सेस दे देता। इस तरह के एपीके व्हाट्सएप या टेलीग्राम के माध्यम से स्प्रेड किए जाते हैं। साइबर जानकरों के मुताबिक, सभी एआई ऐप आपकी प्राइवेसी की सुरक्षा नहीं करते हैं।

### भोपाल में होने वाले गोपाल सम्मेलन से हो सकती है शुरुआत

# 13 अप्रैल से मिल सकता है दूध पर पांच रुपए बोनस

**भोपाल,ईएमएस।** दुग्ध उत्पादक किसानों को दूध पर पांच रुपए प्रति लीटर बोनस देने की घोषणा की शुरुआत 13 अप्रैल से हो सकती है। भोपाल में आयोजित हो रहे गोपाल सम्मेलन में सीएम डॉ मोहन यादव इसकी शुरुआत कर सकते हैं। पांच रुपए प्रति लीटर के हिसाब से बोनस देने पर सरकार पर सालाना करीब 189 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिशा-निर्देश दिए। भोपाल में 13 अप्रैल को गोपाल सम्मेलन होगा। सरकार ने इस कार्यक्रम को राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक गोपाल सम्मेलन नाम दिया है। कार्यक्रम में देश के गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे। इसमें प्रदेश स्तरीय दुग्ध समितियों के प्रतिनिधियों के साथ दुग्ध उत्पादक किसानों को आमंत्रित किया गया है।

### श्वेत क्रांति की दिशा में बढ़ता मप्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों को दुग्ध उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मध्यप्रदेश सरकार संकल्पित है कि किसानों और पशुपालकों से दूध की खरीद सुनिश्चित हो और उन्हें दूध की सही कीमत प्राप्त हो। श्वेत क्रांति मिशन के अंतर्गत प्रत्येक जिले में सांची डेयरी के साथ मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट, चिलिंग सेंटर की संख्या बढ़ाकर और दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता का विस्तार कर किसानों की आय में वृद्धि का कार्य किया जाएगा।

**नगर परिषद बनखेड़ी में ओल नदी के संरक्षण एवं गहरीकरण कार्य का शुभारंभ**

**नर्मदापुरम, ईएमएस।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर परिषद बनखेड़ी में ओल नदी के संरक्षण एवं जल संचयन की दिशा में श्रमदान किया गया। नदी के जलस्तर को बढ़ाने एवं उसके पुनरुत्थान हेतु नदी की सफाई एवं गहरीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया।



**जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों की जा रही है साफ-सफाई**

**खरगोन, ईएमएस।** नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र द्वारा प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में जल स्त्रोतों नदी, तालाबों, कुंआ, बावडी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए 30 मार्च से 30 जून 2025 तक जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं जनभागीदारी अतर्गत जल संरचनाओं के उन्नयन एवं पुनरूद्वार के कार्य किये जा रहे है।



## संपादकीय

# भारत में लग सकता है आर्थिक आपातकाल

भारत में जिस तरह की आर्थिक स्थिति वित्तीय संस्थानों की बन रही है। उसको देखते हुए आर्थिक आपातकाल लागू करने की आशंका व्यक्त की जाने लगी है। शेयर बाजार में पिछले 6 महीने से लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। हाल ही में अमेरिका के टेरिफ़ बार के बाद सारी दुनिया के देशों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। वैश्विक आर्थिक मंदी की बात सामने आने लगी है। भारतीय शेयर बाजार की गिरावट को रोकने पिछले 6 महीने से सरकार ने जितना भी प्रयास किया। उसके बाद भी शेयर बाजार को गिरने से रोकने में सरकार की कोई मदद नहीं मिली। सोमवार को शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली। जिसके कारण करीब 16 लाख करोड रुपए का नुकसान एक ही दिन में शेयर बाजार में हो गया है। बैंकों की स्थिति भी शेयर बाजार के कारण डंवाडोल हो रही है। सरकार ने शेयर बाजार को गिरने से रोकने के लिए कई बार भारत के वित्तीय संस्थानों ने बहुत बड़ा निवेश भारतीय शेयर बाजार में किया है। शेयर बाजार की गिरावट के कारण बैंक अंदर से खोखले हो चुके हैं। भारत के कुछ बैंक दिवालिया भी हो सकते हैं। महंगाई, बेरोजगारी तथा बाजार में घटती मांग के कारण उद्योग व्यापार की स्थिति बहुत खराब है। केन्द्र एवं राज्य सरकारों पर भारी कर्ज है। सरकार ने खजाने का 20 से 30 फीसदी राजस्व कर्ज और ब्याज को अदायगी के लिये हो रहा है। ऐसी स्थिति में भारत सरकार, देश में पहली बार आर्थिक आपातकाल घोषित कर सकती है। भारत में पहिले तीन बार आपातकाल की घोषणा हो चुकी है। 1962, 1971 तथा 1975 में अनुच्छेद 352 के अंतर्गत राष्ट्रीय आपातकाल लगाया गया था। यह तीनों आपातकाल बाहरी सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा को लेकर लगाए गए थे। आर्थिक विशेषज्ञ यह आशंका व्यक्त करने लगे हैं। भारत में सरकार कभी भी वित्तीय आपातकाल घोषित कर सकती है। आर्थिक आपातकाल लगा होने पर 2 माह के अंदर संसद के दोनों सदनों से सरकार को मंजूरी लेनी होती है। संसद से मंजूरी मिलने के बाद आर्थिक आपातकाल को लंबे समय तक लागू किया जा सकता है। वित्तीय आपातकाल के लिए संविधान में कोई अवधि तय नहीं है। इसे रद्द करने का अधिकार राष्ट्रपति के पास होता है। भारत में तीन कारणों से आपातकाल लगाया जा सकता है। राष्ट्रीय आपातकाल अनुच्छेद 352, राज्यों के लिये आपातकाल अनुच्छेद 356 तथा आर्थिक आपातकाल अनुच्छेद 360 के अंतर्गत लगाया जा सकता है। आर्थिक आपातकाल वित्तीय अस्थिरता या साख को गंभीर खतरा होने पर लागू किया जा सकता है। राष्ट्रपति को मंत्रिपरिषद की अनुशंसा पर वित्तीय आपातकाल घोषित करने का अधिकार है। वित्तीय आपातकाल लागू होने पर राष्ट्रपति को वित्तीय शक्तियों का नियंत्रित करने का अधिकार मिल जाता है। आर्थिक आपातकाल की घोषणा तभी हो सकती है। जब वित्तीय स्थिरता को खतरा पैदा हो जाता है। अर्थव्यवस्था चरमरा जाती है। केंद्र एवं राज्य सरकारों की आर्थिक स्थिति गड़बड़ाने पर केंद्र को आपातकाल के जरिये विशेष अधिकार प्राप्त होते हैं। आपातकाल लागू होने पर केंद्र सरकार किसी भी राज्य मैं वित्तीय हस्तक्षेप कर सकता है। वित्तीय आपातकाल के दौरान सभी धन विधेयकों पर राष्ट्रपति की अनुमति अनिवार्य हो जाती है। वित्तीय आपातकाल लागू होने पर सरकारी कर्मचारियों के वेतन में कटौती की जा सकती है। राज्य के धन पर केंद्र का अधिकार हो जाता है। वित्तीय आपातकाल की कोई समय सीमा तय नहीं है। एक बार संसद से आपातकाल बिल पास हो जाने के बाद राष्ट्रपति, केंद्रीय मंत्रिमंडल की सलाह पर इसे खत्म कर सकते हैं। जिस तरह की आर्थिक स्थिति देखने को मिल रही है। उसके बाद आर्थिक विशेषज्ञों को यह आशंका दिखने लगी है। भारत में जल्द ही आर्थिक आपातकाल लागू हो सकता है। पिछले 75 सालों में कभी भी आर्थिक आपातकाल भारत में नहीं लगा है। आर्थिक आपातकाल लागू हुआ, तो यह एक नया रिकॉर्ड होगा केंद्र एवं राज्य सरकारों को समय रहते देश की वर्तमान वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए अपनी नीतियां बनानी होंगी। जिस तरह से शेयर बाजार में लगातार गिरावट बनी हुई है। उसका असर भारतीय बैंकों, जीवन बीमा निगम और अन्य वित्तीय संस्थानों में पड़ना तय है। उसके कारण आर्थिक आपातकाल की आशंका को बल मिल रहा है। केन्द्र एवं राज्य सरकारों की बहुत सारी योजनाएं बंद हो सकती हैं। कर्मचारियों के वेतन में कटौती हो सकती है। सरकार केवल जरूरी खर्चों के लिए ही राशि खर्च कर सकती है। राज्य सरकारों के वित्तीय अधिकारों पर केंद्र सरकार का नियंत्रण होगा। भारत में यह स्थिति पहली बार बन रही है। मंहगाई और बेरोजगारी को देखते हुए आर्थिक अनुशासन बनाने के लिये आपातकाल ही एकमात्र सहारा आर्थिक विशेषज्ञ देख रहे हैं।

**– सनत जैन**

# ट्रम्प की ईर्ष्या अब बनेगी वैश्विक ट्रेड वार..!



ऋतुपर्ण दवे

ट्रम्प के मन में टैरिफ को लेकर आया विचार एकाएक नहीं है। उनके व्यवसाय को जापानियों से मिली चुनौतियों के चलते 1990 के दशक में की घटना है जिससे ऋुध्द ट्रम्प आज पलटवार कर रहे हैं। यह अर्से से उनके मन में पाला हुआ मंसूबा है। वास्तव में ट्रम्प के मन में जापानियों की प्रतिभा को लेकर पनपा ईर्ष्याभाव ही आज उनके टैरिफ की असल वजह है। वो मानते हैं कि जब मुक्त व्यापार अस्तित्व में नहीं था तब जापान, अमेरिका के बाजार में जबरदस्त पैठ बना रहा था। लेकिन अपने यहां व्यापार करना असंभव सा कर दिया था। बस यही टीस बिजनेसमैन ट्रम्प को घर कर गई और उनके मन में एक गांठ बन गई। हालांकि उसी दौर में उन्हें नगदी की जबरदस्त जरूरत हुई और मजबूरन जापान की ओर आस भरी निगाहों से देखने लगे। लेकिन ट्रम्प 1980 के दशक से ही इस बात से बखूबी वाकिफ थे कि मशहूर जापानी निवेशक रॉकफेलर अमेरिकी ब्रांड्स और संपत्तियों के अधिग्रहण का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे उनका नजरिया ऐसा बदला जो आज आयात पर टैरिफ के सच के रूप में सामने है। यहीं से उनके दिमाग में अमेरिका के राष्ट्रपति बनने का मंसूबा भी बना और वो लंबी रणनीतियों और विचारों को लोगों से सार्वजनिक मंच पर जाहिर भी करने लगे।

1987 में ट्रम्प की किताब ट्रंप- द आर्ट ऑफ द डील में अमेरिकी व्यवसाय पर उनकी विस्तृत सोच के साथ मंशा भी झलकती है। लोकप्रिय द ओपरा शो के होस्ट ओपरा विनफ्रे के साथ भी तभी एक लाइव कार्यक्रम में साफ-साफ कहना कि अमेरिकी विदेश व्यापार नीति को वो कैसे सबसे अलग तरीके से संभालेंगे और इससे अमेरिका के लिए सही कीमत वसूलेंगे उनका रणनीतिक शो था। इतना ही नहीं ट्रम्प ने अपने विचारों को एक खुली चिट्ठी के रूप में अमेरिका के सर्वाधिक लोकप्रिय तीन समाचार पत्रों में भी बतौर विज्ञापन प्रकाशित करवाया जिसमें उनके एक लाख डॉलर खर्च हुए थे। मतलब उनका नजरिया पहले ही साफ हो चुका था। लेकिन यह भूलना चाहिए कि उनकी सोच और वास्तविकता में तब और अब में काफी फर्क है। आज अमेरिका का सबसे बड़ा प्रतिद्वन्दी चीन है न कि जापान। 1990 के दशक के युवा रियल एस्टेट डेवलपर ट्रम्प की सोच आज भी वही है जबकि समय के साथ काफी कुछ बदल गया है। लेकिन ट्रम्प हैं कि मानते नहीं। बतौर राष्ट्रपति और व्यवसायी ऐसी सोच अंतर्राष्ट्रीय हितों के खिलाफ हो सकती है। जैसा कि झलक रहा है इससे अमेरिका में विदेशी व्यापारिक निवेश घटेगा जिसका अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन पर भी असर पड़ेगा।

सौ देशों की अमेरिकी डिस्काउंटेड रेसिप्रोकल टैरिफ वाली सूची में भारत भी शामिल है जिस पर 26 प्रतिशत टैरिफ है जो कई एशियाई देशों की तुलना में कम है। भले ही भारत पर इसका प्रभाव अभी कम पड़े। लेकिन भविष्य को लेकर कोई गारंटी भी तो नहीं कि कब और कितना बढ़ जाए? इधर चीन ने भी अमेरिका पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। जिस पर तिलमिलाए ट्रम्प ने 9 अप्रेल तक इसे वापस नहीं लेने पर 50 प्रतिशदत टैरिफ की धमकी दे रहे हैं। अगर अमेरिका अपने हिसाब से चलने की जिद करेगा तो चीन भी आखिर तक लड़ेगा।

इधर ब?लूमबर्ग की हालिया सूची बताती है कि ट्रंप के करीबी मस?क की कुल नेटवर्थ 300 अरब डॉलर के नीचे चली गई है। जनवरी 2025 से अब तक 135 अरब डॉलर यानी करीब 12 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठा चुके हैं। इसी सोमवार को अमेरिकी बाजार में आई गिरावट से मस्क को करीब 40 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ जबकि बीते हफ्ते दो दिन में ही मस्क के 31 अरब डॉलर डूब गए। इस तरफ ट्रम्प के अघोषित टैरिफ वार से विश्व में सबसे नुकसान उठाने वालों की सूची में मस्क 6वें क्रम पर आ चुके हैं। कुल मिलाकार आसार अच्छे नहीं है। नए बजट में ग्रामीण विकास के लिए 1,88,754 करोड़ तथा किसान कल्याण के लिए बीते बरस की तुलना में 11 प्रतिशत ज्यादा यानी 1.71 लाख करोड़ रुपयों का बजट में प्रावधान बताता है कि हमारी अपने आर्थिक मोर्चो पर कैसी तैयारी है। भले ही 02 अप्रैल 2025 को ट्रम्प ने अमेरिका का मुक्ति दिवस बता रहे हों। लेकिन जिस तरह से दुनिया भर के शेयर बाजार धराशायी हुए, उससे कुछ अलग ही समझ आ रहा है। ट्रम्प भले ही कहें कि हमारे करदाताओं को 50 से अधिक वर्षों से लूटा जा रहा है। लेकिन रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने वाला आदेश उनकी ईर्ष्या, खीझ और अजीब दूरगामी सोच ही दर्शाता है।

अब अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर यूरोपीय यूनियने के टैरिफ के लिए 9 अप्रैल का इंतजार करना होगा, जिस पर मतदान होना है। यदि यह भी जस का तस जैसे रहा तो आसार और बिगड़ सकते हैं। पहले ही दुनिया भर के शेयर बाजार धड़ाम हो चुके हैं। खुद अमेरिका भी इसी से अछूता नहीं है। ट्रम्प का अमेरिका में ही विरोध होने लगा है। उन्हे न केवल तानाशाह बल्कि अर्थव्यवस्था को तहस-नहस करने वाला सनकी तक कहा जाने लगा है। सभी 50 राज्यों में 150 संगठनों 1200 से ज्यादा प्रदर्शनों में हजारों का जुटना बताता है कि चिंता कितनी गंभीर है। हैंड्स ऑफ नाम के इस प्रदर्शन में शनिवार को हजारों लोग जुटे। 2017 में महिला मार्च और 2020 में ब्लैक लाइव्स आन्दोलन के बाद ट्रंप का ऐसा भारी विरोध हो रहा है। असल में एलन मस्क का दखल भी अमरीकियों को पसंद नहीं आ रहा है। उन पर नौकरी में छंटनियों के मंसूबों सहित सत्ता हथियाने जैसे गंभीर आरोप लग रहे हैं।

## सुविचार

आप अपने चरित्र व साहस का निर्माण किसी अन्य के अवसर व स्वतंत्रता को छीनकर नहीं कर सकते।

**– अब्राहम लिंकन**

विद्रोह को क्रांति नहीं कहा जा सकता, यह हो सकता है कि विद्रोह का अंतिम परिणाम क्रांति हो। **– भगत सिंह**

## प्रसंग

# समस्याओं का बोझ

एक प्रोफेसर कक्षा में दाखिल हुए । उनके हाथ में पानी से ए भरा एक गिलास था । उन्होंने उसे बच्चों को दिखाते हुए पूछा, यह क्या है? छात्रों ने उत्तर दिया, गिलास । प्रोफेसर ने दोबारा पूछा, इसका वजन कितना होगा? उत्तर मिला, लगभग 100-150 ग्राम। उन्होंने फिर पूछा, अगर मैं इसे थोड़ी देर ऐसे ही पकड़े रहूं तो क्या होगा ? छात्रों ने जवाब दिया, कुछ नहीं। अगर मैं इसे एक घण्टे पकड़े रहूं तो ? प्रोफेसर ने दोबारा प्रश्न किया। छात्रों ने उत्तर दिया, आपके हाथ में दर्द होने लगेगा। उन्होंने फिर प्रश्न किया, अगर मैं इसे सारा दिन पकड़े रहूं तो क्या होगा? तब छात्रों ने कहा, आपकी नसों में तनाव हो जाएगा। नसें संवेदनशून्य हो सकती हैं। जिससे आपको लकवा हो सकता है । प्रोफेसर ने कहा, बिल्कुल ठीक । अब यह बताओ क्या इस दौरान इस गिलास के वजन में कोई फर्क आएगा? जवाब था कि नहीं। तब प्रोफेसर बोले, यही नियम हमारे जीवन पर भी लागू होता है । यदि हम किसी समस्या को थोड़े समय के लिए अपने दिमाग में रखते हैं। तो कोई फर्क नहीं पड़ता । लेकिन अगर हम देर तक उसके बारे में सोचेंगे तो वह हमारे दैनिक जीवन पर असर डालने लगेगी। हमारा काम और पारिवारिक जीवन भी प्रभावित होने लगेगा। इसलिए सुखी जीवन के लिए आवश्यक है कि समस्याओं का बोझ अपने सिर पर हमेशा नहीं लादे रखना चाहिए । समस्याएं सोचने से नहीं हल होतीं। सोने से पहले सारे समस्यायुक्त विचारों को बाहर रख देना चाहिए । इससे आपको अच्छी नींद आएगी और आप सुबह तरोताजा रहेंगें । समस्याओं को लेकर अधिक परेशान नहीं होना चाहिए । इससे हमारा नुकसान ही होता है।

# दुनिया को शांति के लिए एकसूत्र में पिरोने का महा-अनुष्ठान



ललित गर्ग

**विश्व णमोकार मंत्र दिवस**




महावीर जयन्ती से ठीक एक दिन पूर्व 9 अप्रैल 2025 को विश्व णमोकार मंत्र दिवस को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है और एक विश्व, एक दिन और एक पवित्र महामंत्र और उसका पवित्र उच्चारण प्रातः 8:01 से लेकर 9:36 बजे तक, एक साथ पूरे भूमंडल पर व्याप्त होकर एक उजाला बिखेरेगा। यह आयोजन विश्व शांति, आत्मशांति, सद्भावना और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन जीतो संस्था के द्वारा कराया जा रहा है। दिल्ली में नौ अप्रैल को विज्ञान भवन में इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। यह आयोजन 180 देश के लाखों भक्तों की भागीदारी, विश्व भर में 100 मेगा इवेंट्स, 6000 से अधिक मंदिरों एवं अन्य स्थलों में एक जातीय बंधनों को तोड़कर सभी समुदाय, जाति, वर्ग के लोगों को सम्मिलित होने का अवसर देकर एक प्रेरणादीप बनेगा, जहां मैत्री के फूल खिलेंगे, शांति एवं सद्भावना की ज्योति रश्मियां जगमगायेगी। मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक्-आचरण का अभाव अखरता है। सिद्ध एवं चमत्कारी णमोकार महामंत्र सम्यक्-आचरण को उद्घाटित करने वाला किसी धर्म विशेष का नहीं है, यह एक सार्वभौमिक, सार्वकालिक, सार्वदैशिक मंत्र है, जिसका उच्चारण कर व्यक्ति शुद्ध आचरण एवं स्वस्थ जीवनशैली को आकार देते हुए शांति, अहिंसा, अयुद्ध, सह-जीवन का साकार कर सकता है। णमोकार मंत्र शांति एवं आध्यात्मिक शुद्धता को प्रोत्साहित करने का अमोघ मंत्र है। यह दिवस जैन धर्म के सबसे पवित्र और सार्वभौमिक मंत्र- 'णमोकार महामंत्र' के सामूहिक उच्चारण के माध्यम से दुनिया भर के लोगों को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास है। दुनिया में दो मंत्र अधिक प्रभावी हैं जिनमें एक गायत्री मंत्र और दूसरा नमस्कार महामंत्र। णमोकार महामंत्र विश्व का पवित्र, अलौकिक एवं विलक्षण मंत्र है जोकि अपनी स्वयं की आत्मा से संबंधित है। इसे नवकार महामंत्र, नमस्कार मन्त्र या 'पंच परमेष्ठि नमस्कार' भी कहा जाता है। इस मन्त्र में अरिहन्तों, सिद्धों, आचार्यों, उपाध्यायों और साधुओं का नमस्कार किया गया है। णमोकार महामंत्र एक लोकोत्तर मंत्र है। इस मंत्र को जैन धर्म का परम पवित्र और अनादि मूल मंत्र माना जाता है। इसमें किसी व्यक्ति का नहीं, किंतु संपूर्ण रूप से विकसित और विकासमान विशुद्ध आत्मस्वरूप का ही दर्शन, स्मरण, चिंतन, ध्यान एवं अनुभव किया जाता है। इसलिए यह अनादि और अक्षयस्वरूपी मंत्र है।

## जरा हटके

# शरीर का सबसे छोटा अंग होता है पीनियल ग्लैंड

**नई दिल्ली (ईएमएस)।**



क्या आप जानते हैं कि शरीर का सबसे छोटा अंग कौन सा है और यह क्या काम करता है? शरीर का सबसे छोटा अंग पीनियल ग्लैंड होता है। यह एक छोटी सी ग्रंथि होती है, जो मस्तिष्क के केंद्र में स्थित होती है। इसकी लंबाई आमतौर पर 5 से 8 मिलीमीटर के बीच होती है और यह ब्रेनस्टेम के पास पाई जाती है।

पीनियल ग्लैंड को तीसरी आंख भी कहा जाता है, क्योंकि यह शरीर की बायोलॉजिकल क्लॉक को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाती है। पीनियल ग्लैंड का मुख्य कार्य मेलाटोनिन नामक हार्मोन का उत्पादन करना है। यह हार्मोन हमारे सर्केडियन रिदम को नियंत्रित करता है, जिससे हमारी नींद और जागने की प्रक्रिया सही ढंग से काम करती है। जब रात होती है, तो यह ग्रंथि मेलाटोनिन रिलीज करती है, जिससे शरीर को आराम मिलता है और नींद आती है।

दिन के समय, मेलाटोनिन का स्तर कम हो जाता है, जिससे हम सतर्क और जागरूक रहते हैं। हालांकि यह अंग आकार में बहुत छोटा होता है, लेकिन इसका प्रभाव हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत अधिक पड़ता है। यह न सिर्फ नींद को नियंत्रित करता है, बल्कि शरीर के अन्य हार्मोनल संतुलन और मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रभाव डालता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि पीनियल ग्लैंड के ठीक से काम न करने पर नींद से जुड़ी समस्याएं और मानसिक तनाव जैसी परेशानियां हो सकती हैं।

इस छोटे से अंग की कार्यप्रणाली को समझना हमारे शरीर की जैविक घड़ी को बेहतर ढंग से समझने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में मदद कर सकता है। बता दें कि मानव शरीर में 78 ऑर्गन होते हैं, जो मिलकर शरीर की विभिन्न प्रक्रियाओं को नियंत्रित करते हैं। इनमें से कुछ ऑर्गन बड़े होते हैं, जैसे स्किन, लिवर, लंग्स, हार्ट और किडनी, जबकि कुछ बेहद छोटे होते हैं। शरीर का सबसे बड़ा अंग स्किन (त्वचा) होती है, जो पूरे शरीर को कवर कर बाहरी खतरों से बचाती है।

## फोटो ऑफ द डे



**कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) की राजधानी किंशासा में जलमग्न सड़क से होकर गुजरते हुए लोग।**

**(फोटो-ईएमएस)**

## राज काज

### 20 जून को होगी भगवान राम की पूर्ण प्राण प्रतिष्ठा

अयोध्या राम मंदिर के वास्तुकार सोमपुरा ने दावा किया है। राम मंदिर शिखर का काम अपने अंतिम चरण में है।दूसरी मंजिल का काम पूरा हो गया है। राम मंदिर के शिखर का काम भी अंतिम चरण में है। राम मंदिर की पूर्ण प्रतिष्ठा 20 जून के पहले कर ली जाएगी। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का सभी शंकराचार्य ने बहिष्कार किया था।शंकराचार्यों ने कहा था, मंदिर के शिखर का काम पूरा नहीं हुआ है। ऐसी स्थिति में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अशुभ होगा। विश्व हिंदू परिषद और भाजपा को लग रहा है।शंकराचार्यों की बात सही थी। अब 20 जून के पहले राम मंदिर की पूर्ण प्राण प्रतिष्ठा कराकर मंदिर के दोष को दूर किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में कहां भाजपा 400 सीट के लिए चुनाव लड़ रही थी। उसे 240 में जाकर अटक जाना पड़ा।अब सरकार और भाजपा पुरानी गलती को सुधारने में लग गई है। पूर्ण प्राण प्रतिष्ठा में कोई गलती नहीं करेगा मंदिर प्रशासन।

### मोदी जी आखिर मोदी जी हैं, श्रीलंका में दिखाया कमाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में श्रीलंका के दौरे पर थे। वहां पर उन्होंने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा दिशानायके के साथ बातचीत की। दोनों रास्ट्राध्यक्षों के बीच रक्षा सोदों को लेकर समझौता हुआ। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने भारतीय प्रधानमंत्री को भरोसा दिलाया है।भारत के खिलाफ कभी भी श्रीलंका की धरती का इस्तेमाल करने की आजादी किसी को भी नहीं दी जाएगी। 40 साल पहले भारतीय प्रधानमंत्री पर श्रीलंका में हमला हुआ था। श्रीलंका और भारत के संबंधों को लेकर बार-बार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा था। श्रीलंका और चीन के संबंध बहुत मधुर हो गए हैं।ऐसे समय पर श्रीलंका के राष्ट्रपति दिशानायके का यह आश्वासन भारतीय प्रधानमंत्री के लिए संजीवनी की तरह है।

### विदेशी डिग्रियों की जांच करेगा भारत

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विदेश से प्राप्त डिग्रियों की जांच करने का फैसला किया है।भारत से हर साल लाखों छात्र विदेश में पढ़ाई करने के लिए जाते हैं। यह मान लिया जाता है, विदेश की पढ़ाई बहुत अच्छी है। जो डिग्री लेकर छात्र आ रहे हैं। वह डिग्री असली है या नकली है। डिग्री के अनुसार उन्हें ज्ञान है, या नहीं है। इसे जाँचने का काम अब भारत में होगा। 2024 में 7 लाख 59000 छात्र विदेश में पढ़ने गए हैं। 2022 में 750000 और 2023 में लगभग 9 लाख छात्र छात्राएं विदेश पढ़ने गए थे। भारत में उच्च शिक्षा के कॉलेज और विश्वविद्यालय में सीटें खाली पड़ी हैं। भारत के छात्र शिक्षा लेने विदेश जा रहे हैं। इसको रोकने के लिए विदेशी डिग्रियों की जांच करने का निर्णय यूजीसी ने लिया है।

## व्यंग्य

# सारी खुदायी एक तरफ़!

**-गुरमीत बेदी**

सारी खुदायी एक तरफ़, जोरू का भाई एक तरफ़ यह मुहावरा जब लिखा गया होगा, तब जोरू के भाई की पोज़ीशन बड़ी हाई- फाई होगी। हो सकता है, तब जोरू का भाई अपने जीजाश्री के राज-दरबार में मंत्री हो। लेकिन अब यह मुहावरा गड़बड़ लगता है। अब ऐसा कैसे हो सकता है कि एक तरफ़ सारी खुदायी हो और दूसरी तरफ़ जोरू का भाई ही हो। दूसरी तरफ़ लीडर का डी.ओ. लैटर जेब में लिए कोई कर्मचारी भी हो सकता है, लीडर का सगा रिश्तेदार भी हो सकता है, किसी ब्यूरोक्रैट का %अपना आदमी% भी हो सकता है। होने को क्या नहीं हो सकता? होने को तो यह भी हो सकता है कि दूसरी तरफ़ नोटों से भरा ब्रीफकेस लिए कोई दलाल खड़ा हो।

यह भी हो सकता है कि दूसरी तरफ़ पुलिस और अपराधी साथ-साथ गप्पें हाँक रहे हों, जैसे लीडर लोग हमारे लोकतंत्र को हाँक रहे हैं। यह भी तो हो सकता है कि दूसरी तरफ़ ओसामा-बिन-लादेन खड़ा हो। दूसरी तरफ़ यानि सीमा के पार। होने को यह भी हो सकता है कि दूसरी तरफ़ वाम वाले बॉम लेकर खड़े हों। कभी-कभी वाम वाले खड़े भी हो जाते हैं और फिर जब उन्हें बैठने को कहा जाता है तो वे सचमुच बैठ भी जाते हैं। दूसरी तरफ़ कोई और सर्कस वाले भी हो सकते हैं। मजमा लगाकर तमाशा दिखाने वाले भी हो सकते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि दूसरी तरफ़ हाई-टेक कबूतरबाज़ ही खड़े हों। हाई-टेक मतलब - हाई पोज़ीशन वाले कबूतरबाज़। हाई पोजीशन का मतलब सांसदगिरी भी हो सकता है, जैसे ठंडा का मतलब कोका-कोला होता है। कोका-कोला से याद आया कि दूसरी तरफ़ बहु-राष्ट्रीय कंपनियाँ भी हो सकती हैं। आजकल बहु-राष्ट्रीय कंपनियों की पौं-बारह है। यह भी हो सकता है कि दूसरी तरफ़ रिलांयस या टाटा वाले हों। अगर ये एक तरफ़ न हों तो दूसरी तरफ़ ज़रूर होते हैं।

वैसे यह भी हो सकता है कि दूसरी तरफ़ चैनल वाले साक्षात खड़े हों। आजकल चैनल वाले इस तरफ़ भी होते हैं और दूसरी तरफ़ भी। जैसे राजनीति के गलियारों में %भाई लोग% एक साथ इधर भी होते हैं और उधर भी। यानि इस गुट में भी और उस गुट में भी। यानि दोनों तरफ़ बल्ले-बल्ले। चाहे इधर मुँह मार कर मजा लो, चाहे उधर मुँह मार लो। यह भी हो सकता है कि दूसरी तरफ़ स्टिंग आपरेशन वाले खड़े हों। ज़रूरी नहीं कि स्टिंग आपरेशन वाले मीडिया के ही बंदे हों। विरोधी खेमे के अलावा अपने खेमे के बंदे भी स्टिंग आप्रेशन के खिलाड़ी हो सकते हैं। दूसरी तरफ़ डायरैक्टली तौर पर विपक्ष वाले भी हो सकते हैं। क्यों कि दूसरी तरफ़ होने के अलावा उनके पास कोई दूसरा चारा भी नहीं होता। चारे से भी हमें कई बातें याद आ रही हैं। लेकिन यहाँ हम चारे पर ज़्यादा बात नहीं करेंगे क्यों कि इससे गउएँ और भैंसे यह कर अपना एतराज़ जता सकती हैं कि उनका चारा तो कोई और ही खाता रहा है और उनकी कहीं सुनवाई नहीं हुई। हम चारे की बजाए बात को दूसरी तरफ़ घुमाएँगे यानि सिर्फ़ दूसरी तरफ़ की बात करेंगे। यह भी हो सकता है कि दूसरी तरफ़ बाढ़-पीड़ित, सूखा-पीड़ित, पत्नी पीड़ित और दंगा-पीड़ित खड़े हों।

## चिंतन-मनन

# ईश्वर का आहार है साधना

तुमने ईश्वर को सदैव पिता के रूप में देखा है, कहीं ऊपर स्वर्ग में। मन में बैठी इस धारणा के संग तुम ईश्वर से कुछ मांगना चाहते हो और उनसे कुछ लेना। परन्तु क्या तुम ईश्वर को एक शिशु के रूप में देख सकते हो? जब तुम ईश्वर को शिशु के रूप में देखते हो तो तुम्हारी कोई मांग नही होती। ईश्वर तो तुम्हारे अस्तित्व का अन्तःकरण है। तुम ईश्वर को धारण किये हो। तुम्हें अपने गर्भ का ध्यान रखना है और इस शिशु को संसार में जन्म देना है। ईश्वर तुम्हारा शिशु है। वे तुमसे बच्चे की तरह चिपककर रहते हैं जब तक तुम वृद्ध होकर मर नहीं जाते। ईश्वर पोषण के लिए पुकारते रहते हैं। संसार में उनके पोषण के लिए उन्हें तुम्हारी आवश्यकता है। साधना, सत्संग और सेवा ईश्वर के पोषक आहार हैं। तुम ऐसा क्यों सोचते हो कि ईश्वर एक ही हैं? ईश्वर भी अनेक क्यों नहीं हो सकते? यदि ईश्वर ने मनुष्य को अपनी छवि के अनुसार बनाया है, तो उनकी छवि क्या है? अप्रीकी, मंगोलियन, कॉकेसियन, जापानी या फिलिपिनो? मनुष्य इतने प्रकार के क्यों हैं, वस्तुओं की इतनी विविधताएं क्यों है? वृक्ष सिर्फ एक प्रकार का नहीं होता। सांप बादल, मच्छर या सब्जी सिर्फ एक प्रकार के नहीं। कुछ भी सिर्फ एक प्रकार का नहीं है, तो फिर केवल ईश्वर को ही एक क्यों होना चाहिए? जिस चेतना ने इस सम्पूर्ण सृष्टि की रचना की है और जो विविधता की प्रेमी है, वह चेतना नीरस कैसे हो सकती है? ईश्वर को विविधता पसंद है, तो वे भी अवश्य ही वैविध्य होंगे।

## रोचक

# चंद्रमा से टकरा सकता है विशाल एस्टेरॉयड : नासा

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** हाल ही में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने एक चेतावनी जारी की है, एक विशाल एस्टेरॉयड चंद्रमा से टकरा सकता है।

साल 2024 के दिसंबर महीने में खोजे गए नियर-अर्थ ऑब्जेक्ट 2024 वायआर4 को लेकर अब नई जानकारी सामने आई है। नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (जेडब्ल्यूएसटी) द्वारा प्राप्त इन्फ्रारेड डेटा के अनुसार, इस एस्टेरॉयड का आकार लगभग 174 से 220 फीट यानी 53 से 67 मीटर के बीच है। इसका मतलब है कि यह आकार में करीब 10 मंजिला इमारत जितना बड़ा है। पहले इसके आकार का अनुमान 40 से 90 मीटर के बीच लगाया गया था, लेकिन अब अधिक सटीक आंकड़े उपलब्ध हो गए हैं। शुरुआत में वैज्ञानिकों ने इस एस्टेरॉयड को पृथ्वी के लिए कोई बड़ा खतरा नहीं माना था, लेकिन हाल ही में हुए विश्लेषण में यह पता चला है कि इसके चंद्रमा से टकराने की संभावना बढ़ गई है। पहले यह संभावना 1.7 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 3.8प्रतिशत हो गई है। हालांकि अब भी 96.2प्रतिशत संभावना है कि यह एस्टेरॉयड बिना किसी टक्कर के चंद्रमा के पास से निकल जाएगा। नासा ने साफ किया है कि भले ही यह टकराता है, फिर भी इससे चंद्रमा की कक्षा या उसकी गति में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं आएगा।

### ग्राम पंचायत बरकोड़ा में रंगोली बनाकर दिया गया जल संरक्षण का संदेश

**शहडोल, ईएमएस।** कलेक्टर डॉ केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले मे प्रत्यके नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में आम जन के सहयोग से जल को सहेजन एवं संरक्षण हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

### जल संरक्षण के लिए रात्रि चौपाल

**अशोकनगर, ईएमएस।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर की नवांकुर संस्था तूमैंन जन सेवा समिति तूमैंन द्वारा सोमवार की रात्रि में जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत रात्रि चौपाल का आयोजन विंध्यवासिनी माता के पास ग्राम तूमैंन में किया गया। रात्रि चौपाल में जिला समन्वयक अनीता जाटव द्वारा जल की महत्वता के बारे में बताया गया तथा विकासखंड समन्वयक ने मनोज यादव ने अभियान तथा जल के समुचित उपयोग की महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## फटाफट खबरें

### शराब के नशे में युवक ने की आत्महत्या, बेटे ने देखा शव

**अशोकनगर, ईएमएस।** जिले के कचनार थाना क्षेत्र के महू गांव में एक 35 साल के युवक ने शराब के नशे में आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार शाम की है। मृतक भागीरथ कुशवाहा दोपहर से ही शराब के नशे में था। वो घर से निकला और खेत में बानी झोपड़ी में चला गया। वहां उसने बांस की बल्ली से तौलिया बांधकर फांसी लगा ली। मृतक का बेटा जब खेत में प्याज की फसल देखने गया, तब उसने अपने पिता को फंदे पर लटका देखा। उसने तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने कचनार थाना पुलिस को खबर की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सोमवार की देर शाम तक शव को नीचे उतारा। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

### 14 अप्रैल को बाबा साहेब जयंती पर निकलेगी रैली

**खरगोन, ईएमएस।** संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर शहर में उत्सव के रुप में मनाई जाएगी। जयंती उत्सव को लेकर बैठकों का दौर चल रहा है। मंगलवार को एससी.एसटी युवा छात्र संघ की बैठक सब्जी मंडी अंबेडकर पार्क में आहुत की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष भागीरथ खतवासे ने की। खतवासे ने बताया कि बाबा साहेब का जन्मोत्सव समजिक समरसता, शिक्षा, और संविधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाएगा। संघ के कोषाध्यक्ष अमन मकवाने, श्रद्धा, अंकिता, रेखा, इंदरसिंग, सत्यम, योगेश, राजू ने बताया कि 14 अप्रैल दोपहर तीन बजे किला मैदान से विशाल रैली निकाली जाएगी।

### राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद ने गायों को पहनाए रेडियम बेल्ट

**अशोकनगर, ईएमएस।** राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद ने एक नई पहल शुरू की है। जिसके तहत सड़को पर बैठी लावारिस गायों के गले मे रेडियम पट्टी पहनने का काम शुरू किया है। राष्ट्रीय गौ सेवा के सदस्य अभिषेक मोहरी द्वारा बताया गया है की हमारी टीम के सदस्यों द्वारा सहयोग एकत्रित कर गौ माता को पहनने रेडियम बेल्ट मगाये गए हैं। हम करीब 100 दिन तक यह पहल चलाएगे और कम से कम 2 हजार गायों को रेडियम बेल्ट पहनायेगे। इन बेल्टो पर वाहनों की लाइट पड़ती है तो वो चमकने लगते है जिससे वाहन चालक को यह पता चल जाता है की सामने कोई मवेशी है। वह अपने वाहन को धीमा कर लेता है।

# नगर परिषद कार्यालय निर्माण और पेड़ों की कटाई के विरोध में हिंदू संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

**अशोकनगर, ईएमएस।**

जिले के मुंगावली में हिंदू संगठनों ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। संगठन के सदस्यों ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। मामला मुंगावली बस स्टैंड के पास स्थित प्राचीन सिद्धेश्वर महादेव मंदिर का है यहां प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने आते हैं। मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजन भी होते रहते हैं।

विवाद की जड़ है नगर परिषद द्वारा मंदिर परिसर में किया जा रहा नया कार्यालय भवन का निर्माण। इसके लिए परिषद ने मंदिर परिसर के सैकड़ों फलदार वृक्षों को नियम विरुद्ध कटवा दिया है।




स्थानीय लोगों का कहना है कि पुराने शासकीय दस्तावेजों में भी इस मंदिर और वृक्षों का उल्लेख है। हिंदू संगठनों का कहना है कि यह मुंगावली का एकमात्र ऐसा स्थान है जहां कथा, भागवत, शिवरात्रि, यज्ञ जैसे बड़े धार्मिक आयोजन होते हैं। इन आयोजनों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। उनका मानना है कि नगर परिषद कार्यालय के निर्माण से मंदिर की पवित्रता और मर्यादा प्रभावित होगी।

### निर्माण कार्य को तत्काल रोकने की मांग

प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री से निर्माण कार्य को तत्काल रोकने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि सात दिन में कार्य नहीं रुका तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से शिव मंदिर और इसकी भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

# प्रधानमंत्री के प्रवास के पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे आनंदपुर धाम

**अशोकनगर, ईएमएस।**

जिले के ईसागढ़ स्थित श्री आनंदपुर धाम में आगामी 11 अप्रैल शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रवास के पूर्व मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, सांसद विष्णु दत्त शर्मा सहित अन्य लोग, आगमन की तैयारियों का जायजा लेने आनंदपुर धाम पहुंचे।

जहां उन्होंने दर्शन के उपरांत निरीक्षण किया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि इस दौरान श्री आनंदपुर धाम के ट्रस्टी सोनू महात्मा एवं सोमनाथ महात्मा से तैयारियों को लेकर आवश्यक चर्चा की। इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप अहिरवार, संभाग प्रभारी विजय दुबे, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल,



भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, बृजेन्द्र सिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय यादव, प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व सांसद केपी यादव, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, शिवेन्द्र यादव, नंदलाल यादव रविंद्र लोधी मुकेश कलावत पूर्व विधायक राजकुमार सिंह यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश रघुवंशी, महादेव यादव सलिल त्रिपाठी सहित बहुत संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**बच्चों को धार्मिक संस्कारों का रोपण करोगे तो धर्म से और देव दर्शन से वंचित नहीं रहोगे : आर्यिका यशस्विनी**

# मन ऐसा बना लो कि इस जन्म-मरण से छुटकारा पाकर सिद्धत्व को प्राप्त करो : आचार्य विशुद्ध सागरजी

**खरगोन, ईमएस।** पावागिरी सिद्ध क्षेत्र ऊन में चल रहे जिन बिंब पंच कल्याणक महामहोत्सव के दूसरे दिन गर्भ कल्याणक मनाया गया। चर्या शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज के संघ सानिध्य में चल रहे धार्मिक अनुष्ठानों के तहत भगवान की माता के गर्भ कल्याणक संस्कार किए गए एवं महाराजा नाभिराय का दरबार लगाया गया।



कुबेर इंद्र द्वारा रत्नों की वृष्टि की गई, इसके पूर्व प्रातः आचार्य संघ के सानिध्य में नित्य नियम की पूजन एवं याग मंडल विधान पंडित धर्मचंद्र शास्त्री के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

गणिनी आर्यिका यशस्विनी मति माताजी ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अपने बच्चों को धर्म के संस्कार दे देना अपने बच्चों को हाथ पकड़ कर मंदिर ले जाना, जिससे आने वाले भव में और आने वाले समय में तुम धर्म से और देव दर्शन से वंचित नहीं रहोगे। आज गर्भ कल्याणक है तो ये संकल्प लो कि हम हमारे बच्चों को धार्मिक संस्कारों का रोपण करेंगे। आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज ने धर्म सभा को बड़े रोचक अंदाज में सभी से कहा कि आप सभी यहां क्यों आए है ? आप सभी धार्मिक अनुष्ठान पंच कल्याणक महोत्सव में शामिल होने आए है? आप ये तीर्थ, तीर्थ पर विराजित मूर्तियां देख रहे है और जिनका पंच कल्याणक संस्कार देख रहे है ये उन माता पिता के गर्भ में दिए संस्कार थे और ये संत देख रहे है ये भी इनके माता-पिता के गर्भ में दिए संस्कार थे जो इन्हें भावी सिद्धों के रूप में देख रहे है। आप भी अपना मन ऐसा बना लो कि इस जन्म मरण से छुटकारा पा जाओ और सिद्धत्व को प्राप्त करो आप और हमने मिल कर एक साथ पिछले भाव में पुण्य कार्य किए थे अतः इस भाव में हम सभी इस धर्म कार्य में इकट्ठा हुए है।



### आज मनाया जाएगा जन्म कल्याणक

बुधवार को भगवान का जन्म कल्याणक होगा उसके अंतर्गत सुबह नित्य अभिषेक पूजन के बाद जन्म का दृश्य प्रस्तुत किया जाएगा। जन्म कल्याणक पूजन होगा। शोभायात्रा निकाली जाएगी। जन्म अभिषेक पांडू शीला पर सम्पन्न होगा। रात्रि में भगवान के पालना झूलाने का सौभाग्य श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा।

# कल से दो दिवसीय दौरे पर रहेगें सिंधिया

**अशोकनगर, ईएमएस।**

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 10 एवं 11 अप्रैल को दो दिवसीय दौरे पर जिले के भ्रमण पर रहेगें। जारी कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया 10 अप्रैल को दोपहर 3.45 खनियाधाना जिला शिवपुरी से प्रस्थान कर सायं 5.45 बजे झागर बमुरिया आयेगें एवं आग की घटना से प्रभावित खेतो का दौरा करेगें। सायं 6.15 बजे झागर बमुरिया से प्रस्थान कर रात्रि 9.45 बजे किला कोठी चंदेरी पहुंचेगें एवं रात्रि विश्राम करेगें। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया 11 अप्रैल को प्रातः 10.15 बजे किला कोठी चंदेरी से प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे विरासत द स्टोन विलेज विक्रमपुर चंदेरी पहुंचेगें एवं पर्यटक गृह प्रवास का उद्घाटन करेगें। दोपहर 12 बजे विरासत द स्टोन विलेज से प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे आनंदपुर पहुंचेगें एवं श्री आनंदपुर धाम कार्यक्रम में भाग लेगें। अपरान्ह 4.30 बजे आनंदपुर से भोपाल के लिए प्रस्थान करेगें।

# जिला पंचायत एसीईओ ने जनसुनवाई में सुनीं आवेदकों की समस्याएं



**अशोकनगर, ईएमएस।** अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एनएस नरवरिया ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई में 145 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण के निर्देश संबंधितों को दिए गए।

जनसुनवाई में ग्राम मढ़ी कानूनगो निवासी राजीव अहिरवार द्वारा पत्नि का नाम समग्र आईडी में जोडे जाने, ग्राम छीपोन निवासी लालाराम साहू द्वारा जमीन पर जबरन कब्जा करके मकान बनाने, ऊर्जा कॉलोनी अशोकनगर निवासी धर्मेन्द्र जाटव द्वारा प्रधानमंत्री आवास 2.0 में नाम जोडे जाने, ग्राम आमखेडा सूखा निवासी नन्दलाल द्वारा बीपीएल सूची में नाम जोडे जाने, ग्राम अखाईकृष्ण निवासी मदनलाल द्वारा कम्प्यूटर में खसरा अमल कराये जाने, ग्राम गुढा टांका निवासी भागीरथ आदिवासी द्वारा कृषि भूमि से अवैध कब्जा हटाये जाने, ग्राम महाना निवासी कल्लू केवट द्वारा भूमि पर कब्जा करने, ग्राम टीटोर निवासी धनपाल सिंह कटारिया द्वारा बिजली के करंट से पुत्र की मृत्यु हो जाने पर मुआवजा दिलाये जाने तथा अशोकनगर निवासी शिवचरण कुशवाह द्वारा बीपीएल राशनकार्ड पुनः चालू कराये जाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए है। जनसुनवाई में अधीक्षक भू-अभिलेख श्री साहिर खांन सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।




# रैली निकालकर जल बचाने की दिलाई शपथ

**खरगोन, ईएमएस।** ग्राम कुकड़ोल में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत जल है तो कल है, जल ही जीवन है के नारों के साथ प्रातः छात्र-छात्राओ ने रैली निकालकर जल बचाने का संदेश दिया। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्रामीणजनों को स्वच्छ जल, जल स्रोतों को स्वच्छ रखना एवं उनका संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों, शिक्षकों को गोष्टी परामर्श दाता अखिलेश वर्मा ने शपथ दिलाई। इस् कार्यक्रम में शिक्षक रामकृष्ण महाजन, युगल किशोर सांवले, सरोज वास्कले, गरिमा मालसे, आशा सोलंकी, विशाल जाधव,आशा सोलंकी, हेमराज पाटीदार, चतुरेश कुमार अहिरवार, प्रभुराम मालवीया, भूरला सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

# राजयोगिनी डॉक्टर दादी रतन मोहिनी का 101 वर्ष की आयु में हुआ निधन

**खरगोन, ईएमएस।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्य प्रशस्तिका दादी रतन मोहिनी का 101 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वे कुछ समय से बीमार थीं। उन्होंने 8 अप्रैल 2025 की प्रातः काल 1.30 बजे अहमदाबाद के जाइडस हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। 25 मार्च 1925 को सिंध हैदराबाद पाकिस्तान में जन्मी दीदी ने 12 वर्ष की अल्पायु में ही आपने परमपिता परमात्मा शिव द्वारा सृष्टि परिवर्तन के कार्य में अपने आप को समर्पित कर दिया। 1950 में संस्था के सरकार मध्य प्रजापिता ब्रह्मा बाबा एवं अन्य भाई-बहनों के साथ आप ईश्वरीय सेवा एवं सनातन संस्कृति के उन्मूलन के लिए कराची से भारत माउंट आबू राजस्थान पधारे। भारत वर्ष के अनेक प्रांतो अनेक शहरों में रहकर ईश्वरीय सेवा व्यक्ति गत उत्थान समाज उन्मूलन को बढ़ावा देने के लिए अथक परिश्रम एवं परमात्मा लगन से ता उम्र सेवा कार्य किया। आप ऐसे लीडर थे, जिन्होंने अनेकानेक आध्यात्मिक लीडरों को तैयार कर भारत में सनातन संस्कृति एवं हर मनुष्य के मन में सुख शांति का संचार करने का कार्य किया।

**कलेक्टर की बड़ी कार्रवाई**

# मिलावट करने वाले पर महालक्ष्मी ट्रेडर्स के संचालक पर एफ आई आर

**सागर, ईएमएस।** मिलावट से मुक्ति अभियान एवं अन्य माफियाओं पर सागर जिले में कलेक्टर श्री संदीप जी आर के द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर श्री संदीप जी आर के द्वारा एक बड़ी कार्रवाई करते हुए महालक्ष्मी ट्रेडर्स की संचालक श्री प्रताप आहूजा पर पुलिस कार्रवाई की गई है।

कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार मिलावट के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है, ज्ञात हो कि दिनांक 9 दिसंबर 2024 को सिटी मजिस्ट्रेट श्रीमती जूही गर्ग के निर्देशन में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग व पुलिस द्वारा मकरोनिया स्थित फार्म महालक्ष्मी ट्रेडर्स का औचक निरीक्षण किया गया था तब श्री प्रताप आहूजा के द्वारा मिर्ची, धनिया में मिलाये जाने हेतु बड़ी मात्र मे अपद्रव्य रखा पाया गया था, इसी तत्समय खाद्य विभाग द्वारा नमूने लिए जाकर विश्लेषण हेतु भेजे गए थे जो बाद जाँच अमानक पाए जाने पर कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती प्रीति राय द्वारा सम्बंधित के विरुद्ध मकरोनिया थाना मे एफ आई आर दर्ज करवाई गयी जिसमें मकरोनिया पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 के तहत धारा 272, 274, 275 एवं खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत धारा 26, 27(2) एवं धारा 59 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। बता दे कि कलेक्टर श्री संदीप जी आर को सूचना प्राप्त हुई थी कि रजाखेड़ी मकरोनिया के दुर्गा नगर में एक मकान में मसाला फैक्ट्री के नाम पर मिलावट की जा रही थी।

**सिविल लाइन चौराहे का नामकरण भगवान परशुराम चौराहा करने पर ब्राह्मण समाज का सम्मान समारोह बुधवार को**

# महापौर का सम्मान करेंगे शहर के लगभग 35 संगठन

**सागर, ईएमएस।** सिविल लाइन चौराहे का नामकरण भगवान परशुराम जी चौराहा करने पर ब्राह्मण समाज द्वारा 9 अप्रेल बुधवार को रविन्द्र भवन में सम्मान समारोह का आयोजन दोपहर 3.30 बजे से आयोजित किया गया है,इसमें नगर के 35 संगठनों के द्वारा महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी का सम्मान किया जावेगा।



आयोजन समिति ने बताया कि पिछले 40 सालों से ब्राह्मण समाज के इष्ट भगवान परशुराम जी के नाम से नगर के चौराहे का नामकरण करने की माँग चली आ रही थी जिसे महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी के संज्ञान में लाये जाने पर उनके द्वारा नगर निगम परिषद से स्वीकृत कराई जा चुकी है, महापौर के इस निर्णय से समाजजनों में हर्ष व्याप्त है, तथा सभी समाजजनों ने सिविल लाइन चौराहे का नामकरण भगवान परशुराम जी चौराहा करने के आभार स्वरुप महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी जी का सम्मान करने के लिये समारोह आयोजित किया है । सम्मान समारोह में अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री पंडित गोपाल भार्गव, विधायक श्री बृजबिहारी पटैरिया, पूर्व उप महापौर संतोष पांडे, पूर्व निगम अध्यक्ष प्रदीप पाठक, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री श्याम तिवारी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष पं- राजकुमार पचौरी, पं अजय दुबे, एम आईं सी सदस्य विनोद तिवारी, श्रीमती संध्या भार्गव, रामअवतार पांडेय, पं अमित दुबे रामजी , अजय तिवारी एसवीएन सहित नगर के प्रबुद्ध विप्र जन रहेंगे। आयोजन समिति के दिनकर तिवारी, इंद्रजीत दुबे एड., प्रियंक दुबे, विद्याभूषण तिवारी ने सभी विप्र समाज से कार्यकम में उपस्थित होने की अपील की है।

# साठ लाख से अधिक की कीमत की शासकीय भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

**सागर, ईएमएस।** कलेक्टर श्री संदीप जी आर के निर्देश पर भू माफियांओं पर लगातार कार्यवाही की जा रही है की परिपेक्ष में आज एसडीएम श्रीमती अदिति यादव ने पथरिया जाट स्थित 60 लाख रुपए से अधिक कीमत की शासकीय जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया।एसडीएम श्री अदिती यादव ने बताया कि जनसुनवाई में शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री संदीप जी आर के द्वारा निर्देशित किया गया था कि तत्काल कार्रवाई की जाए इसी परिपेक्ष में आज तहसीलदार प्रवीण पाटीदार सहित अधिकारियों द्वारा यह अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई की गई।



**कलेक्टर ने आवेदक को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की**

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए

**झाबुआ**

कलेक्टर नेहा मीना द्वारा मंगलवार को प्रातः 11 बजे जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई ली गई। आवेदक श्री पिंजू पिता धन्ना खराड़ी निवासी गोला छोटी तहसील झाबुआ द्वारा बताया गया कि आवेदक दिव्यांग होने के कारण स्वयं एवं अपनी पत्नी का पालन पोषण तथा जीवन यापन करने में आर्थिक रूप से असक्षम है। वृद्ध होने के कारण मजदूरी भी नहीं कर सकते है। आवेदक ने कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर आर्थिक सहायता हेतु आवेदन किया। कलेक्टर द्वारा आवेदक को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई।



आवेदक सरपंच ग्राम पंचायत मदरानी द्वारा स्वयं की ग्राम पंचायत में शिक्षा और ज्ञान के प्रसार के लिए पुस्तकालय (लाइब्रेरी) खोलने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदन प्राप्त कर कलेक्टर नेहा मीना ने आवेदक को प्रोत्साहित किया और सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। आवेदक श्री कमरु अजनार पिता जामसिंह निवासी ग्राम पंचायत भूतेड़ी द्वारा द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत भूतेड़ी के अजनार फलिया में पीने के लिये पानी नहीं मिलने से पानी की समस्या हो रही है उक्त पानी की समस्या का निराकरण करने के लिये नवीन हेंडपम्प खनन करवाये जाने के आदेश प्रदान करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक श्री रामा भाबोर निवासीगण ग्राम नल्दी बड़ी तहसील झाबुआ द्वारा बताया गया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम नल्दी बड़ी में नलकूप से पानी उपलब्ध नहीं होने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक श्री हमीर पिता कालिया निनामा निवासी ग्राम बावडी बड़ी द्वारा बताया गया कि ग्राम बावडी बड़ी के निनामा फलिया पीने के लिये पानी की समस्या आने से नवीन हेंडपम्प खनन करवाने के लिए आदेश प्रदान करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक सेना डामोर निवासी ग्राम आमलीफलिया विकासखण्ड झाबुआ द्वारा बताया गया कि ग्राम आमलीफलिया के डामोर फलिया में आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित नहीं है आंगनवाड़ी केन्द्र प्रारम्भ करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर नेहा मीना द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। इस प्रकार विभिन्न विभागों से संबंधित जनसुनवाई में कुल 35 आवेदन आए। इस दौरान समस्त विभाग के जिला अधिकारी एवं तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# निगम के सरकारी स्वीपर क्वार्टर हुए जर्जर आए दिन हो रहे हादसे निगम प्रशासन मौन

**बुरहानपुर, ईएमएस।** नगर निगम के द्वारा सरकारी सफाई कर्मियों को वर्षों पूर्व शहर के विभिन्न वार्डों में सरकारी क्वार्टर बनाकर दिए गए थे जो दशकों बीत जाने के बाद अब जर्जर हो गए हैं जहां आए दिन इन मकानों के छज्जे गिरने से हादसे हो रहे हैं।



वर्तमान में भी दौलतपुरा स्थित स्वीपर क्वार्टर का छज्जा गिरने से कर्मचारि के पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया नगर निगम द्वारा इन स्वीपर क्वार्टरों की समय-समय पर देखरेख नहीं होने के चलते यह अब रहने योग्य नहीं रह गए हैं जिसके चलते नगर निगम स्वीपर कर्मचारियों के द्वारा सरकार से लंबे समय से मांग की जा रही है कि उन्हें अब इन सरकारी स्वीपर क्वार्टरों का मालिकाना हक दे देना चाहिए ताकि यह कर्मचारी अपने क्वार्टरों का पुनः निर्माण कर वहां रह सके लेकिन नगर निगम प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है जिसके चलते सोमवार को हुई घटना के बाद अब वाल्मीकि संगठन ने इस मामले में कमर कस कर मैदान में है जो सरकार से पुनः इन क्वार्टरों के मालिकाना हक दिए जाने की मांग करेगी अंबेडकर वार्ड के दौलतपुरा स्थित निगम द्वारा आवंटित स्वीपर क्वार्टर के मकान का छज्जा गिरने से एक सफाई कर्मचारी का बेटा रोहित सुभाष सारवान गंभीर रूप से घायल हो गया। सफाई कर्मचारी का बेटा रोज की तरह अपने मकान में सो रहा था, तभी अचानक उस पर जर्जर मकान का छज्जा गिर गया जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई है बुरहानपुर के विभिन्न वार्डों दौलतपुर शिकारपुरा शनवारा आदि क्षेत्रों में स्वीपर क्वार्टरों की जर्जर अवस्था हो चुकी है, आए दिन इन क्वार्टर में रह रहे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार इन क्वार्टरो में घटनाएं घट चुकी है, इसके बावजूद नगर निगम ने सफाई कर्मियों को मालिकाना हक से वंचित रखा है, कर्मचारियों को मालिकाना हक मिल जाए तो वह भी अपना पक्का आशियाना बनाकर चैन से रह सकते हैं लेकिन निगम की उदासीनता और कुम्भकरणी नींद के चलते अब तक मालिकाना हक नहीं दिया गया। इस पूरे मामले में पीड़ित रोहित के पिता सुभाष सारवान ने निगम एवं जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

### एमपीएल में हो रहे रोमांचक मुकाबले

**सिरोंज।** एलबीएस कॉलेज ग्रांउड पर प्रतिदिन नाईट में एमपीएल द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित हो रही है जिसमें विभिन्न जगहों से आयी क्रिकेट टीमों द्वारा काफी रोमांचक क्रिकेट मैच हो रहे है जोकि रात्रि 12 बजे तक प्रीमियर लीग में क्रिकेट मैच हो रहे। एमपीएल का प्रथम पुरूस्कार 1 लाख 30 हजार व द्वितीय पुरुस्कार 75 रूपये रखा गया। कालेज ग्राउंड पर बड़ी संख्या में दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है।

### कलेक्टर ने स्कूलों को सुबह से संचालित करने के दिए निर्देश

**सीहोर,ईएमएस।** कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्रीष्म ऋतु में तापमान वृद्धि से छात्र-छात्राओ के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए जिले के कक्षा एक से बारहवीं तक के सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों, प्ले स्कूलों, केंद्रीय विद्यालयों तथा सीबीएसई से संबद्ध सभी स्कूलों के संचालन का समय 30 अप्रैल 2025 तक प्रातः 07:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक करने के निर्देश दिए हैं।

## फटाफट खबरें

### कुरैशी बने कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग प्रदेश सचिव

**सिरोंज।** मध्य प्रदेस कांग्रेस कमेटी में सोशल मिडिया विभाग में प्रदेसमहा प्रदेश सचिव एंव जिला अध्यक्ष की घोषणा की जिसमे सिरोंज समीर कुरैशी को कांग्रेस सोशल मिडिया विभाग प्रदेश सचिव बनाया। वही प्रदेश सचिव नियुक्त होने पर समीर कुरैशी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगर एंव युवा कांग्रेस प्रदेश महा सचिव शादाव खान और सोशल मिडिया विभाग प्रदेश अध्यक्ष चंचेल व्यास का आभार वक्त किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में बधाई दी जिसमे ब्लाक कॉंग्रेस अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष इरशाद गोरी, सादिक कुरैशी आदि शामिल रहे।

### रामनवमी में बजरंगी सेना ने निकाली भगवा रैली

**मैहर।** रामनवमी के अवसर पर मैहर की पवित्र धरती एक बार फिर भगवा रंग में रंग गई। नगरवासियों ने साक्षात वीरता, धैर्य और धर्म के जयघोषों के बीच ऐसा अद्भुत दृश्य देखा जो स्मरणीय रहेगा। बजरंगदल के पूर्व विभाग संयोजक और महाकौशल प्रांत में पाँच जिलों में नेतृत्व कर चुके तेजस्वी हिन्दू नेता महेश तिवारी ने अब बजरंगी सेना के रूप में एक नया शौर्य पथ रच दिया है। महेश तिवारी के आह्वान पर सोमवार को सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण अंचलों से युवाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। नगर में चर्चा है कि जिस तरह अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद और अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल ने देश भर में नई ऊर्जा का संचार किया उसी तरह बजरंगी सेना भी महेश तिवारी के नेतृत्व में ग्रामीण अंचलों से लेकर आसपास के जिलों में सनातन का नया सूर्योदय करेगी।

### आगजनी से प्रभावित किसानों के लिए मुआवजे की मांग

**मैहर।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रामनिवास उरमलिया ने नादन सर्किल अंतर्गत ग्राम रिगरा एवं नादन के दर्जनों किसानों की खेतों में पकी गेहूं की फसल आगजनी की वजह से जलकर खाक हो गई है। जानकारी के अनुसार रिगरा गांव के राजाराम पटेल, रामलाल पटेल, कमलेश पटेल, सुरेंद्र पटेल, रामाधार पटेल, उत्तम पटेल, दाहिया परिवार, सुदामा पटेल एवं नादन गांव के नारेंद्र पटेल तथा जितेंद्र पटेल सहित कई अन्य किसानों की फसल खेत में अज्ञात कारणों से आग लग जाने के कारण बर्बाद हो गई है। ऐसे में गरीब किसानों के सामने संकट का पहाड़ खड़ा हो गया है।

### मां दुर्गा का विशाल भंडारा आज

**देवास।** नवरात्रि पर्व के पश्चात आज माँ दुर्गा माता मंदिर पर विशाल भंडारा आयोजित होने जा रहा है। पुजारन जमना बाई ने बताया औद्योगिक क्षेत्र स्थित फूलोडोमेड कंपनी के सामने स्थित दुर्गा माता मंदिर पर विगत 45 वर्षो से लगातार नवरात्रि पर्व के बाद जन सहयोग से भण्डारा होते आ रहा है। इस वर्ष भी मां के भक्तों के सहयोग से 9 अप्रैल, बुधवार को दोपहर 2 बजे कन्या पूजन पश्चात विशाल भंडारा होगा।

### तीन दिवसीय रत्नात्रय विधान धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ

# अच्छे विचारों से स्वस्थ शरीर निर्मित होगा: मुनिश्री संस्कार सागर जी महाराज

**सीहोर, ईएमएस।** दिगंबर जैन संत समाधिस्थ आचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्य श्री विनिश्चय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री संस्कार जी महाराज ने धर्म सभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि

स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ मन निवास करता है और स्वस्थ मन ही किसी ने अपने विचारों के आधार पर अपना अनुभव परमात्मा के विचारों से मिल सकता है जीवन को निर्मित करने के लिए हमें स्वस्थता नियामक जरूरी है।




किसी ने कहा कि दुःख में सुमिरन सब करें सुख में करे न कोय। जों सुख में सुमिरन करे तो दुख काहे को होय।* लेकिन यह ध्यान देने योग्य बात है कि भगवान का सुमिरन हमेशा स्वस्थता में ही होता है अस्वस्थता में नहीं अस्वस्थता में पहले व्यक्ति डाक्टर के पास भागता है, अस्पताल भागता है। भगवान की आराधना की और नहीं भागता भगवान भगवान के गुणगान या ध्यान की ओर नहीं भागता जब भी भगवान का सुमिरन होता है तब स्वस्थता में ही होता है किसी ने कहा है, *शरीर माध्यम खलु धर्म साधनम* शरीर स्वस्थ होने पर ही हम धर्म के साधन को अपने जीवन में अपना सकते हैं। यदि कोई बीमार है तो वह साधु नहीं बन सकता। साधुओं को हमेशा स्वस्थ रहना चाहिए विचारों से भी और शरीर से भी वह साधु का लक्षण भी है संत सभी को स्वस्थता प्रदान करता है अस्वस्थता नहीं,वह सभी को अच्छे विचारों का आदर्श प्रस्तुत करता है। संत की कोई भी क्रिया अप्रिय नहीं होती। जों अप्रिय होती है उसमें संतपना नहीं होता।

दुनिया में अच्छे परमाणु भी ठसा ठस भरें है और बुरे भी भरें हुए हैं। ये दोनों परमाणु के स्कंधों से हम सभी शरीरको की संरचना होती है। कई लोग ऐसे शरीर को ध्धोध्ंअनकअधटौ। सस प्राप्त करते हैं। जिसमें दुःख ही दुःख बीमारी ही बीमारी होती है सारी जिंदगी गमों में ही गुजर जाती है।वे लोग सुख को नहीं जानते ही नहीं है। लेकिन लेकिन कई लोग ऐसे भी दिख जाते हैं जिन्हें बीमारियां बहुत कम होती है।

कई बीमार लोग बाजार से दवाए खरीद लाते हैं और खाते पीते हैं । मात्र स्वस्थ होने के लिए लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि यदि अच्छे विचार मेरे दिल में नहीं होंगे तब तक हमारे शरीर में अस्वस्थता का जहर निर्मित होता ही रहेगा। हम चाहे कितनी अच्छी वस्तुएं खा पी लें। मीरा ने गिरधर को याद करते हुए ज़हर का प्याला पी लिया लेकिन परिणाम स्वस्थ होने के कारण वह ज़हर का प्याला अम्रत का प्याला बन गया। निकृष्ट परिणाम वाला व्यक्ति यदि अम्रत भी पीये तो वह शरीर में जाकर ज़हर बन जायेगा। वस्तु को जहर या अम्रत बनाना हमारे विचारों पर निर्भर करता है और ये विचार ही स्वस्थता व अस्वस्थता के कारण है? ।

श्रमण मुनिश्री संस्कार सागर जी महाराज के सानिध्य में प्रातः श्री जी के अभिषेक शांति धारा नित्य नियम पूजा अर्चना कर भगवान की प्रतिमा पालकी में विराजमान कर श्रावक श्राविकाएं शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई नवीन संतभवन स्थित मेन रोड पहुंची जहां भगवान के अभिषेक शांति धारा नित्य नियम पूजा कर विधी विधान से विराजमान कर रत्नात्रय विधान धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ ब्रह्मचारी शोभित भैय्या जी के निर्देशन में श्रावक श्राविकाओ ने किया।

रत्नत्रय विधान धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करने के लिए पात्र चयन पुण्यार्क परिवार। सोधर्म इंद्र = के रूप में केसरीमल जी जैनपाल जी श्रीमती ऊषा जी जैन भाऊखेड़ी वालों को सौभाग्य प्राप्त हुआ वही धनपति कुबेर इंद्र वादामीलाल जी महावीर जी श्रीमती प्रीति जी जैन लिलेहरिया परिवार को सौभाग्य प्राप्त हुआ। ध्वजा रोहणकर्ता परिवार देवचन्द्र जैन अरविंद कुमार दिलीप जी जैन जाबडिया विधान चार कलश स्थापना श्री मति दीपाली जी दीपक जैन ।.श्री मति प्रतिभा मुकेश कुमार जैन।

श्री मति आरती रंजन जी जैन। श्री मति रेखा स्व्ह. किशोर जी जैन।

अष्ट प्रातिहार्य श्री मति नोनी सुनील कुमार जैन। श्री मति रेखा अजय कुमार जैन।श्री मति नेहा मनोज जी जैन।श्री मति अनिता श्रीपाल जी जैन।श्री मति सुषमा जी अजय जी जैन।श्री मति रीना कीर्ति जी जैनश्री मति ममता जी शिखरचंद जी जैन। श्रीमति अंतिम राजेश जी जैन।

## नवरात्रि पर मां भगवती की अद्भुत उपासना



**सिरोंज, ईएमएस।** ग्राम उनारसीताल में चेत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर सभी ग्रामवासियों के सहयोग से ज्वारे का आयोजन किया गया नौ दिनों तक मां भगवती के चरण सेवक गुलाबगिरी महाराज द्वारा अपने शरीर हाथ पैरों पर ज्वारे बोकर मां भगवती की अद्भुत उपासना ऐसी कठोर तप साधना नौ दिनों तक एक आसन पर बैठकर बिना अन्न,जल,निंद्रा के निरंतर मां का ध्यान लगाकर इस साधना को पूर्ण किया इन नौ दिनों के धार्मिक अनुष्ठान में प्रत्येक दिन। शाम को मां भगवती कि आरती एवं धाम लगाकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते हैं। गांव में मेला लगने से ग्रामीणों में उत्साह का महौल- दशहरे के अवसर पर ग्राम में कई बरसों बाद मेला लगने और ज्वारे बोने से ग्रामीणों में काफी उत्साह उमंग का माहौल देखने को मिला मेले में आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों की संख्या में महिला पुरुष बच्चों ने सम्मिलित होकर मेला का आनंद लिया वहीं भक्तों ने ज्वारे में पूजन अर्चन कर धर्म लाभ प्राप्त किया । वही महाराज जी को बग्गी में बैठाकर चल समारोह निकाला गया चल समारोह मेला में घूमते हुए गांव के प्रमुख मार्ग चौक चौराहों गली से होते हुए !धार्मिक जयकारों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष चल रहें थे बग्गी के आगे ढोल ढपला के साथ माता जी के पंडाओ द्वारा गांव के सभी घरों से नारियल की भेंट लेकर आशीर्वाद दिया जा रहा था वही देर रात ज्वारे का चल समारोह नरेन नदी घाट पर ज्वारे विसर्जन कर महाराज जी का आशीर्वाद लिया एवं जवारे की भुजरिया लेकर एक दूसरे से गले मिलकर भाईचारा प्रेम स्नेह का संकल्प के साथ सफल आयोजन के लिए एक दूसरे को बधाई दी !

## कुपोषण कम करने के लिए पोषण पखवाड़ा की शुरुआत

**शिवपुरी, ईएमएस।** शिवपुरी जिले में कुपोषण को कम करने के लिए पोषण पखवाड़ा अभियान की शुरुआत मंगलवार 8 अप्रैल से हो गई है यह पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक चलाया जाएगा। इस दौरान कुपोषण को कम करने के लिए जिले में व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में मनाया जा रहा है इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कुपोषण को कम करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसी क्रम में आज शिवपुरी के आंगनवाड़ी प्रशिक्षण केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

जिसमें पोषण पखवाड़ा के तहत किस तरह से कुपोषण कम करने के लिए कार्य करना इसके बारे में जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग की डीपीओ देवेंद्र सुंदरलाल, स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ डॉ संजय ऋषीश्वर, महिला एवं बाल विकास विभाग की शिवपुरी सीडीपीओ नीलम पटेरिया सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। इस अभियान के बारे में जानकारी देते हुए डीपीओ देवेंद्र सुंदरयाल ने बताया कि पोषण पखवाड़ा के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र सेक्टर, परियोजना एवं जिला स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी।

## आज पंडित प्रदीप मिश्रा करेंगे सीवन नदी में श्रमदान

**सीहोर,ईएमएस।** नगर की जीवनदायिनी सीवन नदी को साफ-सुथरा रखने और इसे गहरा करने के लिए आज विधायक, नगर पालिका और प्रशासन के साथ सीवन उद्धार समिति, समस्त जनप्रतिनिधि, शहरवासियों के द्वारा ठोस प्रयास किया जा रहा है। नगर पालिका के सीवन नदी के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए 25 करोड़ की योजना बनाई गई है। जिससे आगामी दिनों में शहरवासियों को सीवन नदी का सौंदर्य मोहित करेगा और अपने पूर्व स्वरूप में आएगी। इसके लिए सभी का प्रयास सार्थक है। सीवन में जारी कार्य को लेकर शहर का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने वाले और शहर की आन, बान, शान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा बुधवार को भव्य श्रमदान करेंगे। इस मौके पर सीवन उद्धार समिति ने शहर के सभी समाजों, संगठनों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा अन्य सोशल वर्करों से इस पुनित कार्य में तन और मन से सहयोग देने की अपील की है। इन दिनों जल गंगा संवर्धन योजना सहित अन्य के सहयोग से तेजी से गहरीकरण का सार्थक प्रयास किया जा रहा है।

## श्वेतांबर जैनाचार्य एवं दिगम्बर मुनि के सान्निध्य में मनेगी महावीर जयंती

**देवास, ईएमएस।** जियो और जिने दो का अमर संदेश देकर अहिंसा का पाठ सम्पूर्ण विश्व को पढ़ाने वाले जैन जगत के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामीजी का जन्म कल्याणक दिवस महावीर जंयती समग्र जैन समाज देवास द्वारा 10 अप्रैल गुरूवार को अपूर्व हर्षोल्लास एवं भक्ति भावना के साथ भव्यतम रूप से मनाई जावेगी। उल्लेखनीय है कि कई वर्षो के अंतराल पश्चात नगर में इस वर्ष श्वेताम्बर जैनाचार्य एवं दिगम्बर मुनि के सम्मिलित सानिध्य में महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महावीर जयंति मनाई जा रही है। इस अवसर पर पूज्य आचार्य श्री जिनसुंदर सुरीश्वरजी म.सा. एवं दिगम्बर मुनि श्री 108 निष्पक्ष सागरजी म.सा. एवं मुनि श्री 108 निष्प्रह सागरजी म.सा. अपने संपूर्ण साधु मंडल के साथ उपस्थित रहेंगे। चतुर्विध संघ की रूपरेखा


आचार्य श्री जिनसुंदर सुरीश्वरजी


मुनि श्री 108 निष्पक्ष सागरजी


मुनि श्री 108 निष्प्रह सागरजी

साकार करते हुए पूज्य साध्वीजी श्री अक्षयनंदिता श्रीजी म.सा. आदि साध्वी मंडल भी विशेष रूप से जन्म कल्याणक के कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। 10 अप्रैल को विशाल आकर्षक शोभा यात्रा सुबह 8.30 बजे श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड से निकाली जाएगी। उल्लेखनीय है विगत 54 वर्षो से दिगम्बर एवं श्वेताम्बर जैन समाज द्वारा सामूहिक रूप से महावीर जयंती मनाई जा रही है। 09 अप्रैल जयंति पूर्व संध्या पर विशाल वाहन रैली शाम 5 बजे सयाजी द्वार से निकाली जाएगी। शाम 7 बजे एक शाम महावीर के नाम के अंतर्गत समाज की माता बहनों एवं बालिकाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति मंडी धर्मशाला पर दी जाएगी। 10 अप्रैल को सुबह 7.30 से 8.30 बजे तक श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड़ पर समग्र जैन समाज की नवकारशी आयोजित होगी।

## कलेक्टर ने सुनी आम लोगों की समस्याएं

**गुना, ईएमएस।** जिला कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आज जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आवेदकों से चर्चा कर उनसे संबंधित समस्याओं के आवेदन लिए, साथ ही उनके समुचित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आज जनसुनवाई के दौरान समग्र आइडी, राशन कार्ड, पेंशन, कब्जा दिलाने, नामांतरण एवं विद्युत संबंधी विभिन्न मुद्दों पर नागरिकों द्वारा अपने आवेदन दिए गये। इस दौरान विभिन्न आवेदकों द्वारा अपनी समस्याओं से संबंधित लगभग 201 आवेदन प्रस्तुत किये गये। जिनके निर्धारित समयावधि में निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। जनसुनवाई में नागरिकों को मिली आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण एवं आधार कार्ड हेल्प डेस्क की सुविधा कलेक्टर कन्याल ने नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जनसुनवाई में स्वास्थ्य शिविर एवं आधार कार्ड हेल्प डेस्क के निर्देश दिए हैं। जिसके क्रम में आज जनसुनवाई कक्ष के बाहर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण केंप, प्रधानमंत्री शहरी आवास एवं आधार कार्ड हेल्प डेस्क लगाकर आमजनों को आधार कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध करायी गई। आज स्वास्थ्य शिविर में 13 लोगों का परीक्षण किया गया। इसी प्रकार नेत्र परीक्षण शिविर में 04, आधार कार्ड में लगभग 40 से अधिक लोगों को टोकन वितरित कर आधार कार्ड बनाये गये तथा प्रधानमंत्री शहरी एवं ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत 16 आवेदन प्राप्त हुए। रेडक्रॉस के माध्यम से 3 प्रकरणों में प्रदान किये गये आर्थिक सहायता राशि के चैकआज जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर कन्याल द्वारा तीन आर्थिक सहायता राशि से संबंधित आवेदनों पर 10-10 हजार रूपये की सहायता राशि के चैक रेडक्रॉस के माध्यम से संबंधित आवेदकों को दिये।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विशाल सिंह, डिप्टी कलेक्टर मति जिया फातिमा एवं सु मंजूषा खत्री, अनुविभागीय अधिकारी गुना मति शिवानी पाण्डेय सहित विभिन्न जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पानी दो भाई पानी दो के नारों के साथ किया प्रदर्शन

**देवास।** विगत कुछ दिनों से देवास शहर में पानी का संकट गहरा गया है तथा हर वार्ड में पानी की समस्या बढ गई है। वार्ड क्र.9 के रहवासी भी पानी की समस्या को लेकर वार्ड पार्षद पं. दीपेश कानूनगो के साथ नगर निगम में प्रदर्शन करने पहुंचे। वहां पर वार्ड वासियों ने मटके फोड़े तथा बर्तन बजाकर निगम अधिकारियों को जगाने की कोशिश की तथा पानी की समस्या को हल करने की मांग की। वार्ड पार्षद पं. दीपेश कानूनगो ने बताया कि कई महीनों से पानी की समस्या चल रही है लेकिन पिछले कई दिनों से तीन चार दिन में मात्र 20 मिनट पानी आ रहा है और उसमें से भी 10 मिनट तो गंदा पानी आता है उसके बाद केवल दस मिनट ही पानी मिल पा रहा है वह भी बदबू मार रहा है। इस बारे में मैने कई बार शिकायत की लेकिन निगम में कोई भी इस और ध्यान देने को राजी नहीं है। श्री कानूनगो ने बताया कि जब जल संकट है तो उज्जैन को पानी देने की क्या जरूरत थी, इंजीनियर चंदन सोनी जिसको टेंकर से पानी वितरण की जवाबदारी दी गई है वह फोन नहीं उठा रहा है।

## तालाब पर श्रमदान कर दिया जल संरक्षण का संदेश

**शिवपुरी, ईएमएस।** म.प्र.जन अभियान परिषद विकासखंड शिवपुरी अंतर्गत मुख्यमंत्री की मंशानुसार चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सतनवाड़ा सेक्टर अंतर्गत कांकर तालाब पर ग्राम पंचायत कांकर एवं नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कांकर द्वारा श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विकासखंड समन्वयक शिवपुरी शिशुपाल सिंह जादौन, सरपंच ग्राम पंचायत कांकर शिशुपाल धाकड़, सब इंजीनियर रविंद्र जैन, नवांकुर संस्था प्रमुख चंदन सिंह धाकड़, पंचायत सचिव शंकर भार्गव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। विकासखंड समन्वयक शिशुपाल सिंह जादौन द्वारा बताया कि जिला समन्वयक डॉ.रीना शर्मा के मार्गदर्शन में विकासखंड शिवपुरी अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के मेंटर्स एवं छात्रों के सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जल स्त्रोतों की साफ सफाई, जन जागरूकता रैली, दीवार लेखन, चौपाल बैठक, रंगोली, चित्र कला, निबंध प्रतियोगिता आदि गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण हेतु जागरूक करते हुए जल के महत्व के प्रति अभियान से जोड़ने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कांकर द्वारा प्रस्फुटन समिति एवं ग्रामीणों द्वारा कांकर के तालाब पर श्रमदान अभियान चला कर लोगों को जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

### मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर निकाले सिक्के

# दो मासूमों ने गटके सिक्के, डॉक्टरों ने निकाले

**शिवपुरी, ईएमएस।** शिवपुरी में खेल-खेल में दो मासूमों ने 1- 5 रूपए का सिक्का निगल लिया। जब सांस लेने और निगलने में दिक्कत हुई और उसके परिजनों को इसकी जानकारी लगी तो उनके होश उड़ गए। पहले आसपास ईलाज के दौरान मासूमों को इलाज के लिए श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय शिवपुरी लेकर आए जहां नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. मेघा प्रभाकर ने एक्सरा कराया और एंडोस्कोप की मदद से आहार नली में फंसे सिक्के की स्थिति देखी। इसके पश्चात एनेस्थीसिया की सहायता से ऑपरेशन कर उन्हें बाहर निकाल लिया गया है। बच्चा अब पूरी तरह स्वस्थ्य है।

**सांस लेने में होने लगी दिक्कत:** अर्चना 7 वर्ष एवं शिवानी निवासी शिवपुरी के दोनों



परिजनों ने बताया कि 4-5 दिन पहले अर्चना ने 5 रूपए का तो वहीं शिवानी ने 1 रूपए का पुना वाला सिक्का निगल लिया था, जिसकी जानकारी लगने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय शिवपुरी लेकर पहुंचे। बच्चे को सांस लेने तथा निगलने में दिक्कतें आ रही थी बच्चे का एक्स-रे करवाया। बाद में डॉक्टर मेघा प्रभाकर, एस आर डॉक्टर मीनाक्षी गर्ग,एनेस्थीसिया की विभागाध्यक्ष डॉक्टर शिल्पा अग्रवाल ने ओटी में एंडोस्कोप की मदद से आहार नली तथा सांस नली के मध्य फंसे 5 रूपए के सिक्के को पतली चिपटी का सहारा लेकर सफलतापूर्वक निकाला गया।

**दोनों ही बच्चियों को किया बेहोश:** इस दौरान एनेस्थीसिया की विभागाध्यक्ष डॉक्टर शिल्पा अग्रवाल ने बताया कि दोनों ही बच्चियों को सेफ प्रेथरेट्रिक ऐनेस्थेसिया के साथ बेहोश किया गया था ताकि किसी प्रकार की गंभीर स्थिति निर्मित न हो। सफलता के साथ चंद मिनटों के भीतर ही आहार नली तथा सांस नली के मध्य फंसे सिक्के को निकालने में सफलता मिलने पर ओटी में उपस्थित सभी चिकित्सक, स्टाफ तथा परिजनों ने राहत की सांस ली। तत्पश्चात बच्चियों को बेहोशी से सुरक्षित बाहर लाया गया।

**बच्चे की हालत बहुत ही नाजुक थी - डॉक्टर:** ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ. मेघा प्रभाकर ने बताया कि बच्चे की हालत बहुत ही नाजुक थी इसकी सूचना हमने अपने कालेज अधिष्ठाता डॉक्टर डी.परमहंस और विभागाध्यक्ष डॉक्टर धीरेंद्र त्रिपाठी सर को बताया और अधिष्ठाता के निर्देशन में सुबह हमारी डॉक्टर की टीम द्वारा सिक्के को बहार निकाल दिया है अब वह स्वस्थ्य है। ऑपरेशन कर सिक्के को बाहर निकालते ही मासूमों के परिजन बोले वाकई डॉक्टर ने भगवान बनकर हमारे मासूमों की जान बचाई है।

## रामनवमी पर्व पर जवारों एवं काली खप्पड़ की धूम



**मैहर, ईएमएस।** रामनवमी के पावन पर्व पर ग्राम डेल्हा में सरपंच अभिषेक जायसवाल के संयोजन में विगत कई वर्षो से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसको लेकर बड़ा देव परिषर पर जवारों को लेकर स्थानीय एवं ग्रामवासियो द्वारा अपने अपने जवारों को लेकर पहुंचे। और इसी परिषर पर काली खप्पड़ का खेल भी खेला गया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। स्थानीय लोगों ने भगत गीत के माध्यम से नृत्य किया गया और मांता का आशीर्वाद लेकर अपने अपने घरों की ओर प्रस्थान किया। कार्यक्रम में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने, जिला मंत्री कुलदीप तिवारी, मंडल अध्यक्ष मोनिका दहायत, सरपंच डेल्हा अभिषेक जायसवाल, रावेंद्र सिंह, भक्कन द्विवेदी, अंबुज द्विवेदी, दिलीप पटेल, पूर्व सरपंच नककछेदी कुशवाहा, अयोध्या जायसवाल, राजू कोल सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बने भुवनेश्वर

नई दिल्ली,(ईएमएस)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिए आईपीएल में खेल रहे भुवनेश्वर कुमार ने एक इतिहास रच दिया है। भुवनेश्वर आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इस मामले में भुवनेश्वर ने वेस्टइंडीज के महान ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो को पीछे छोड़ दिया है, जो लंबे समय तक चेन्नई सुपर किंग्स के लिए डेथ बॉलिंग एक्सपर्ट रहे थे।

## आईपीएल में छोटे भाई ने की बड़े भाई की जमकर धुलाई

नई दिल्ली,(ईएमएस)। आईपीएल 2025 में सोमवार को हार्दिक पंड्या और क्रुणाल आमने सामने आ गए। मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच हुई टक्कर में आखिरी बाजी बड़े भाई ने मार ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने 5 विकेट पर 221 रन बनाए जवाब में मुंबई ने 9 विकेट पर 209 रन ही बना पाई और हार गई।

# मुंबई टीम के स्टेडियम में आते ही फैंस करने लगे शोर

## विराट कोहली ने बुमराह का अपने तरीके से किया स्वागत

नई दिल्ली,(ईएमएस)।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से हुए मुकाबले में जब मुंबई इंडियंस की प्लेइंग इलेवन टीम सामने आई तो खूब शोर हुआ। इसका कारण था कि 3 महीने बाद जसप्रीत बुमराह मैदान पर उतरे। मुंबई इंडियंस के हौसले बुलंद थे. लेकिन उसे अंदाजा नहीं था कि विराट कोहली ने बुमराह के स्वागत पहले ही तैयारी कर रखी है। कोहली ने बुमराह की पहली ही गेंद पर छक्का लगाया, उससे तय हो गया कि उसे बुमराह का कोई डर नहीं था।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और मुंबई इंडियंस का मैच सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। यह मुंबई टीम का घरेलू मैदान है और उम्मीद के मुताबिक उसे ज्यादा समर्थन मिल रहा था। धीरे-धीरे मुंबई के समर्थकों का शोर कम होता चला गया। आरसीबी ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 221 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। मुंबई इंडियंस इसके जवाब में 9 विकेट पर 209 रन ही बना सकी। इस मुकाबले में सबसे ज्यादा रन विराट कोहली ने बनाए। उन्होंने देवदत्त पडिक्कल के साथ 91 रन की




साझेदारी कर आरसीबी की जीत की नींव रखी। इस साझेदारी में कोहली ने 52 रन बनाए थे।

बुमराह जब इस मैच में अपना पहला ओवर लेकर आए तो स्ट्राइक एंड पर देवदत्त पडिक्कल थे। उन्होंने पहली गेंद पर एक रन बनाया। इसके बाद बुमराह के सामने आए कोहली। कोहली ने पहले ही सोच रखा था कि बुमराह का स्वागत कैसे करना है। उन्होंने मिडिल और ऑफ स्टंप पर आई गेंद को हिट कर बाउंड्री के बाहर पहुंचा दिया। पहली गेंद पर छक्का जड़ दिया। कोहली ने बता दिया कि वे और उनकी टीम बुमराह को वैसे ही खेलने वाली है जैसे दूसरे गेंदबाजों को खेलती है। बुमराह को कोई अतिरिक्त सम्मान नहीं मिलने वाला।

आखिर में बुमराह का बॉलिंग एनालिसिस 4-0-29-0 रहा। आरसीबी ने उन्हें इसके लिए मजबूर किया और कोहली ने छक्का लगाकर बता दिया कि यह वह टी20 बैटर्स का गेम है। उनके बैटर्स ने इसे साबित किया और बुमराह को हावी नहीं होने दिया। बुमराह को विकेट नहीं दिया और आरसीबी की जीत पक्की कर दी। बुमराह को कोई अतिरिक्त सम्मान नहीं मिलने वाला।

आखिर में बुमराह का बॉलिंग एनालिसिस 4-0-29-0 रहा। आरसीबी ने उन्हें इसके लिए मजबूर किया और कोहली ने छक्का लगाकर बता दिया कि यह वह टी20 बैटर्स का गेम है। उनके बैटर्स ने इसे साबित किया और बुमराह को हावी नहीं होने दिया। बुमराह को विकेट नहीं दिया और आरसीबी की जीत पक्की कर दी।

## आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले पांच गेंदबाजों में चार भारतीय

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** इन दिनों इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खुमार क्रिकेट के दीवानों पर चढ़ा हुआ है। अपनी-अपनी पसंदीदा टीम को सपोर्ट करने के लिए फैंस स्टेडियम में पहुंच रहे हैं। आईपीएल 2025 में 7 तक कुल 20 मैच हुए हैं और अधिकतर मुकाबले रोमांचक रहे हैं। इन मैचों में बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर कई रिकॉर्ड बनाए हैं। वहीं, आईपीएल के इतिहास के उन पांच गेंदबाजों की चर्चा करें, जिनके नाम सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड है, इस सूची में चार भारतीय गेंदबाज हैं। इसमें दो स्पिनर और एक तेज गेंदबाज का नाम शामिल है। आईपीएल में वर्तमान समय में पंजाब किंग्स के लिए लेग स्पिनर के तौर पर खेल रहे युजवेंद्र चहल पहले इसतरह के गेंदबाज हैं, जिन्होंने आईपीएल के इतिहास में 200 विकेट पूरे किए। चहल ने आईपीएल 163 मैच में कुल 206 विकेट चटकाए। चहल का बेहतरीन प्रदर्शन 40 रन देकर 5 विकेट है। दूसरे नंबर पर पूर्व भारतीय गेंदबाज पीयूष चावला हैं, जो आईपीएल में कई टीमों के लिए खेल चुके है। लेग स्पिनर चावला ने 192 मैचों में 192 विकेट लिए हैं। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17 रन देकर 4 विकेट है। तीसरे नंबर पर आरसीबी के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार हैं। कुमार ने 179 मैचों में 184 विकेट लिए हैं। उनका बेहतर प्रदर्शन 19 रन देकर 5 विकेट है। चौथे नंबर पर वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो हैं।

# तिलक ने पिछले मैच में लगा दाग तो धो दिया, पर कलंक कब मिटेगा?



नई दिल्ली,(ईएमएस)।

तिलक वर्मा को आईपीएल 2025 के पिछले मैच में मुंबई इंडियंस ने रिटायर्ड आउट कराकर बुला लिया था, क्योंकि वे तेज गति से रन नहीं बना पा रहे थे। तिलक इससे मायूस तो होंगे ही लेकिन इस दाग को उन्होंने अगले ही मैच में धो दिया।

तिलक वर्मा ने 29 गेंदों में 56 रनों की पारी खेली, जिसमें 4 चौके और 4 छक्के शामिल थे। उनका स्ट्राइक रेट 193 से ज्यादा था। यहां तक कि उन्होंने अपनी फिफ्टी को सेलिब्रेट तक नहीं किया, क्योंकि वे जानते थे कि पिछले मैच में उनके साथ क्या हुआ था और इस मैच में भी टीम की जीत पक्की नहीं लग रही थी। इसके बावजूद तिलक के माथे पर एक और कलंक लग गया।

दरअसल, तिलक वर्मा आईपीएल इतिहास के पहले ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने करियर के पहले सात अर्धशतक लगाए हैं, लेकिन एक बार भी टीम नहीं जीत पाई। मुंबई इंडियंस के लिए अब तक वे 7 बार फिफ्टी प्लस रन बना चुके हैं, लेकिन टीम एक बार भी मुकाबला नहीं जीत सकी है। इस तरह ये उनके माथे पर कलंक है, जो अभी तक मिटा नहीं है।

2022 से वे आईपीएल में एमआई के लिए अर्धशतक जड़ रहे हैं, लेकिन टीम उस मैच में जीत नहीं पाती है। आरसीबी के ही खिलाफ ऐसा दो बार हो चुका है। दो बार राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ भी तिलक ने अर्धशतक जड़ा, लेकिन टीम जीत नहीं पाई। 2022 से वे आईपीएल में एमआई के लिए अर्धशतक जड़ रहे हैं, लेकिन टीम उस मैच में जीत नहीं पाती है। आरसीबी के ही खिलाफ ऐसा दो बार हो चुका है। दो बार राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ भी तिलक ने अर्धशतक जड़ा, लेकिन टीम जीत नहीं पाई।

तिलक वर्मा शायद आईपीएल इतिहास के सबसे अभागे खिलाड़ी होंगे, जिनके साथ ऐसा हो रहा है। अब तो मुंबई इंडियंस भी सोच रही होगी कि तिलक भले ही 49 रन बनाएं, लेकिन टीम जीतनी चाहिए। अब देखना ये है कि तिलक के माथे पर लगा ये कलंक कब धुलेगा, क्योंकि रोहित शर्मा की कप्तानी के बाद अब हार्दिक पांड्या की कप्तानी में वे रन तो बना रहे हैं, लेकिन टीम का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं है।

### फटाफट खबरें

## वेदांता को वैश्विक साझेदार की तलाश

नई दिल्ली (ईएमएस)। खनन कंपनी वेदांता विभिन्न क्षेत्रों में अपनी 20 अरब डॉलर की विस्तार परियोजनाओं के लिए वैश्विक साझेदार की तलाश कर रही है। कंपनी के अनुसार यह कदम वेदांता की रणनीतिक योजना के अनुरूप है जिसके तहत अगले तीन वर्षों में वह अपने परिचालन का महत्वपूर्ण विस्तार करेगी। इसके तहत कंपनी अपने कारोबार का चार इकाइयों वेदांता एल्युमीनियम, तेल एवं गैस, बिजली और लोहा एवं इस्पात में पुनर्गठन करेगी। जानकारी के अनुसार हम एक अनुभवी वैश्विक इंजीनियरिंग कंपनी की तलाश कर रहे हैं जिसे इंजीनियरिंग, खरीद व निर्माण प्रबंधन (ईपीसीएम) में अनुभव हो और जो हमारी परियोजनाओं को ि यान्वित करने के लिए हमारे लिए एक विस्तारित कार्यालय के रूप में कार्य कर सके। कंपनी ने कहा कि वह अगले तीन वर्षों में धातु, खनन और हाइड्रो कार्बन क्षेत्र में विकास परियोजनाओं पर 20 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च करेगी।

## हल्दीराम फूड्स और स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड हुए एक

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** हल्दीराम की नागपुर और दिल्ली शाखाओं को मिलाकर हल्दीराम स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड का गठन पूरा हो गया है। इस विलय से हल्दीराम फूड्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड और हल्दीराम स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड एक हो गए हैं। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकानरी ने बताया कि यह एक महत्वपूर्ण कदम है और भावनात्मक एकता का परिचय है। इस विलय से हल्दीराम अब स्नैक्स और नमकीन का उत्पादन एक साथ करेगा। दिल्ली इकाई में हिस्सेदारी 56 प्रतिशत है और शेष 44 प्रतिशत हिस्सेदारी नागपुर शाखा के पास है। इस गठन से उम्मीद है कि भारतीय पैक्ड फूड उद्योग को नए फैसले और विकास के मार्ग प्राप्त होंगे। सौदागरों का मानना है कि इस सौदे का मूल्यांकन लगभग 10 अरब अमेरिकी डॉलर के करीब है। हल्दीराम के संस्थापक गंगा बिशन अग्रवाल द्वारा 1937 में राजस्थान में शुरू की गई इस खाद्य उत्पाद की विकसित यात्रा अब 80 से अधिक देशों में जारी है।

### सेंसेक्स मंगलवार के कारोबार में 900 से ज्यादा अंक चढ़कर 74,013.73 पर खुला

# इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल ने दिखाया दम

मुंबई (ईएमएस)।

एशियाई बाजारों में तेजी के बीच भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को जोरदार तेजी के साथ बंद हुए। इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक और एलएंडटी जैसे भारी भरकम स्टॉक्स में जोरदार तेजी से बाजार हरे निशान पर बंद हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स मंगलवार के कारोबार में 900 से ज्यादा अंक चढ़कर 74,013.73 पर खुला। कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स 74,859 अंक तक उछला था। अंत में सेंसेक्स 1089.18 अंक के जोरदार उछाल के साथ 74,227.08 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई (एनएसई) का निफ्टी-50 भी मंगलवार को मजबूती के साथ 22,446.75 अंक पर खुला। खुलते ही बाजार में जोरदार तेजी देखी गई। कारोबार के दौरान यह 22,697.20 अंक को छू गया।




अंत में निफ्टी 374.25 अंक की मजबूती के साथ 22,535.85 पर बंद हुआ।

बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने चीन पर दबाव बढ़ाते हुए चीन से रेसिप्रोकल टैरिफ वापस लेने की बात कही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन ट्रंप की रणनीति के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा रहने की तैयारी में है। वहीं जापान का निक्केई इंडेक्स मंगलवार को औसत रूप से 6 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ। यह पिछले सत्र में 1-1/2 साल के निचले स्तर से उबरा। निवेशकों ने वॉल स्ट्रीट पर रिकवरी के संकेतों से उत्साहित होकर शेयरों को खरीदा। निक्केई इंडेक्स 6.03 प्रतिशत चढ़कर 33,012.58 पर पहुंच गया, जो 6 अगस्त के बाद से इसका सबसे तेज एक दिवसीय लाभ है।

आरबीआई के ब्याज दरों पर फैसले का इंतजार

वैश्विक बाजारों की चाल के अलावा निवेशक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति की बैठक के फैसले का इंतजार कर रहे हैं, जो बुधवार को निर्धारित है। साथ ही भारतीय कंपनियों के चौथे तिमाही के नतीजे और इस सप्ताह आने वाले मैक्रोइकॉनॉमिक आंकड़ों पर भी निवेशकों का फोकस है।

### 40 पैसे गिरकर बंद हुआ रुपया

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय रुपया मंगलवार को 40 पैसे गिरकर 86.24 पर बंद हुआ। जानकारों के मुताबिक अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट देखी गई। जिसका मुख्य कारण आयातों की ओर से डॉलर की मजबूत मांग और भारतीय इक्विटी बाजार से विदेश फंड का लगातार बाहर जाना माना जा रहा है। पहले वैश्विक स्तर पर शुल्क युद्ध बढ़ने से विदेशी पूंजी की भारी निकासी के कारण रुपया मंगलवार को सात पैसे की गिरावट के साथ 85.83 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में सुधार से घरेलू मुद्रा में और गिरावट आई, हालांकि कमजोर अमेरिकी मुद्रा तथा घरेलू शेयर बाजारों में मजबूत सुधार से इसे कुछ सहारा मिला।

# फियो की नकदी संकट कम करने पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान की मांग

## फियो ने कहा, अमेरिकी शुल्क हमारे भुगतान चक्र को करने जा रहे हैं प्रभावित

नई दिल्ली (ईएमएस)।

भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने मंगलवार को कहा कि नौ अप्रैल से लागू 26 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क से अमेरिकी आयातकों का सीमा शुल्क बिल काफी बढ़ जाएगा जिससे भारतीय निर्यातकों को भुगतान में देरी होगी। संगठन ने सरकार से आग्रह किया कि वह बढ़ते नकदी संकट को कम करने के लिए तुरंत पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान की घोषणा करे। फियो के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि नौ अप्रैल से अमेरिकी आयातकों को 26 प्रतिशत शुल्क अग्रिम रूप से देना होगा। पहले यह शून्य से चार प्रतिशत था। उच्च शुल्क उन पर अतिरिक्त बोझ डालेंगे और इसके लिए उन्हें ऋण लेना होगा तथा हमारे भुगतान में देरी होगी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी शुल्क हमारे भुगतान चक्र को प्रभावित करने जा रहे हैं।

हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि वह सभी निर्यातकों के लिए ब्याज छूट योजना की तत्काल घोषणा करे। भारत में रेपो दर लगभग 6.25 प्रतिशत है तथा निर्यातकों को आठ से 12 प्रतिशत या इससे भी अधिक ब्याज देना पड़ता है जो कि प्राधिकृत डीलर बैंकों द्वारा उधारकर्ता के जोखिम मूल्यांकन तथा प्रसार पर निर्भर करता है। प्रतिस्पर्धी देशों में ब्याज दर बहुत कम है। मिसाल के तौर पर 2025 में चीन में केंद्रीय बैंक की दर 3.1 प्रतिशत, मलेशिया में तीन प्रतिशत, थाइलैंड में दो प्रतिशत और वियतनाम में 4.5 प्रतिशत है।ब्याज सब्सिडी योजना पिछले साल समाप्त हो गई और इस योजना का करीब 11,000 निर्यातक लाभ उठाते थे।वाणिज्य मंत्रालय निर्यात संवर्धन मिशन के तहत इस योजना को फिर से विकसित करने पर काम कर रहा है जिसकी घोषणा बजट में 2,250 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ की गई थी। रल्हन ने कहा कि अमेरिका में खरीदार ऑर्डर की पुष्टि करने और उच्च आयात शुल्क के प्रभाव को कम करने के लिए 12-14 प्रतिशत छूट की मांग कर रहे हैं।

### ऐपल ने भारत से 1.5 लाख करोड़ के आईफोन निर्यात किए

नई दिल्ली (ईएमएस)। ऐपल ने वित्त वर्ष 2025 में भारत से 1,50,000 करोड़ रुपये मूल्य (एफओबी) के आईफोन का निर्यात किया है। पिछले साल की तुलना में यह आंकड़ा न केवल 76 फीसदी अधिक है बल्कि यह उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत कंपनी के तय लक्ष्य का दोगुना भी है। ऐपल के वेंडरों द्वारा सरकार को दिए आंकड़ों से यह पता चला है। ऐपल ने यह कारनामा ऐसे समय में किया है जब अमेरिका ने भारत सहित दुनिया के तमाम देशों पर ऊंचा शुल्क लगा दिए हैं। इन शुल्कों से भारत से होने वाले निर्यात पर अनिश्चितताओं के बादल छा गए हैं। वित्त वर्ष 2024 में 85,000 करोड़ रुपये मूल्य के आईफोन का निर्यात हुआ था। वित्त वर्ष 2025 के लिए कंपनी ने पीएलआई योजना के तहत 74,900 करोड़ रुपये मूल्य के आईफोन निर्यात का लक्ष्य रखा था। आईसीईए के अनुमानों के अनुसार भारत से स्मार्टफोन के कुल निर्यात में ऐपल की हिस्सेदारी बढ़कर 75 फीसदी तक पहुंच जाएगी। आईसीईए ने कहा कि भारत से 2,00,000 करोड़ रुपये मूल्य के स्मार्टफोन के निर्यात होने का अनुमान है।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बढ़ा सकती है डिविडेंड

## तेज हलचल ; 2.5 फीसदी से ज्यादा उछला




नई दिल्ली (ईएमएस)।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की टैरिफ वॉर की वजह से वैश्विक बाजारों में गिरावट के बीच, भारतीय शेयर बाजार में इसका प्रभाव देखा गया। इस चलन में दिग्गज इंश्योरेंस कंपनी आईसीआईआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने निवेशकों को डिविडेंड की बढ़ोतरी की संभावना जताई। कंपनी ने बोर्ड की अप्रैल 2025 की बैठक में इस मुद्दे पर फैसला करेगी। कंपनी के स्टॉक्स में मंगलवार को उछाल देखने को मिली, जिससे बाजार में अनुकूलता दिखाई दी। इस दौरान, बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी-50 में सोमवार को भारी गिरावट आई, जिसे 4 जून, 2024 के बाद सबसे बड़ी गिरावट माना जा रहा है। इस गिरावट का कारण अमेरिका के टैरिफ और वैश्विक मंदी की भयभीती बढ़ने की आशंका है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने अपनी आगामी बैठक में डिविडेंड के मामले पर फैसला करने की घोषणा की है, जिससे निवेशकों को नया आशा का सामना हो सकता है। कंपनी ने यह भी जारी किया कि फिलहाल किसी भी डिविडेंड संबंधित जानकारी के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है, लेकिन संभावना है कि वह अपने निवेशकों को नया धन बांटने की स्थिति में हो। जून 2024 में लास्ट टाइम पर डिविडेंड देने के बाद, कंपनी की अपेक्षित तिथि और राशि के बारे में विस्तार से चर्चा की जा रही है।

# बाजार में सोने और चांदी के भाव में आया उछाल

### सोना 87,500 रुपए, चांदी के भाव लगभग 89,000 रुपए

नई दिल्ली (ईएमएस)।

वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में तेजी की वजह से देशा के सराफा बाजारों में भी सोने-चांदी के भाव में मंगलवार को तेजी देखने को मिल रही है। घरेलू बाजार में आज दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 87,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे, जबकि चांदी के भाव 89,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 631 रुपये की तेजी के साथ 87,559 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 86,928 रुपये था। इस समय यह 507 रुपये की तेजी के साथ 87,435 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने



87,576 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 87,380 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस महीने 91,423 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 650 रुपये की तेजी के साथ 88,898 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 88,248 रुपये था। इस समय यह 794 रुपये की तेजी के साथ 89,042 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 89,088 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 88,799 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,01,999 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,997.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,973.60 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 37.80 डॉलर की तेजी के साथ 3,011.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। पिछले सप्ताह सोने के वायदा भाव ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 30.09 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 29.60 डॉलर था। इस समय यह 0.42 डॉलर की तेजी के साथ 30.03 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# भारतीय कंपनियां विदेशी शेयरधारकों को दे सकती हैं बोनस शेयर

नई दिल्ली (ईएमएस)।
सरकार ने स्पष्ट किया है कि एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) प्रतिबंधित क्षेत्र में काम कर रही कोई भी भारतीय कंपनी अपने पहले से मौजूद अनिवासी शेयरधारकों को बोनस शेयर जारी कर सकती है। यह निर्देश उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा जारी किया गया है। बोनस शेयर जारी करते समय, सभी कानूनी नियमों और दिशानिर्देशों का पालन किया जाना चाहिए। डीपीआईआईटी के स्पष्टीकरण के अनुसार, इस नियम के तहत एफडीआई प्रतिबंधित क्षेत्रों में काम कर रहीं भारतीय कंपनियों को अपने विदेशी शेयरधारकों को बोनस शेयर देने की अनुमति है, अगर उनकी शेयरधारिता में कोई बदलाव न हो। एफडीआई का महत्व इसलिए है क्योंकि इससे भारत के बुनियादी ढांचा क्षेत्र में वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। विदेशी निवेशकों के लिए कुछ क्षेत्रों में सरकार की मंजूरी की आवश्यकता होती है, जैसे दूरसंचार, मीडिया, दवा और बीमा। अब स्वचालित मार्ग से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति है, जिससे देश को विदेशी प्रवाह और रुपये के मूल्य में संतुलन बने रहने में मदद मिलेगी।

## इंदौर बाजार भाव

इन्दौर (ईएमएस)। लेवाली कमजोर रहने से मंगलवार को खाद्य तेलों में बाजार नरमी के रहे। तिलहनों में सरसो-रायडा बना रहा। दलहनों में चना मामूली लटक पर रहा। किराना जिंसों में सौंफ में मजबूती आयी। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। सोया व कपास्या तेलों में बाजार नरमी के देखे गये। तिलहनों में सोयाबीन व सरसो में सुस्ती आयी। दलहनों में चना 50-75 रू. प्रति [ ि?टल बड़ाकर बोला गया। उधर, किराना जिंसों में काजू बाजार मजबूत रहे। जीरे व सौंफ में लेवाली अच्छी रही। भाव इस प्रकार रहे :

### लता वानखेड़े ने ताशकंद में महिला सशक्तिकरण पर रखा भारत का पक्ष

**भोपाल,ईएमएस ।** ताशकंद उज्बेकिस्तान में चल रही 150वीं इंटर-पार्लियामेंटरी यूनियन (आईपीयू) असेंबली के अंतर्गत आयोजित 39 वें सत्र 'फोरम ऑफ वूमेन पार्लियामेंट्रियंस' को भारत की ओर से मप्र की सागर सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने संबोधित किया। उन्होंने वैश्विक मंच पर भारत का सशक्त पक्ष रखा।



### अब शुरू होगा स्वच्छता की परीक्षा का दूसरा चरण

**भोपाल,ईएमएस।** मध्य प्रदेश में स्वच्छता की परीक्षा का दूसरा चरण शुरू हो गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के चारों चरणों का सर्वे पूरा हो चुका है। अब स्वच्छता की परीक्षा का दूसरे चरण में वाटर प्लस का इम्तिहान लिया जाएगा। इसके लिए इस हफ्ते केंद्र से एक टीम भोपाल आएगी। 10 अप्रैल के बाद से वॉटर प्लस का सर्वे कभी भी शुरू हो सकता है। यह 1200 अंकों का सर्वे होगा। जिसमें 200 अंक ओडीएफ डबल प्लस के भी शामिल होंगे।



### कैबिनेट बैठक में सीएम ने दी पीएम मोदी और अमित शाह के आगामी दौरों की जानकारी

# 11 को अशोकनगर आएंगे प्रधानमंत्री मोदी, 13 को अमित शाह भोपाल में

**भोपाल,ईएमएस।**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले अपने संबोधन में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अप्रैल को अशोक नगर जिले में स्थित आनंदपुर ट्रस्ट आश्रम में पधार रहे हैं। वहीं, केंद्रीय गृह तथा सहकारिता मंत्री अमित शाह का भोपाल आगमन 13 अप्रैल को हो रहा है। अमित शाह की उपस्थिति में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और राज्य शासन व दुग्ध संघों के बीच रविंद्र भवन में अनुबंध पर हस्ताक्षर होंगे। साथ ही प्रदेश में जारी सहकारिता गतिविधियों की समीक्षा भी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि 12- 13-14 अप्रैल को दिल्ली स्थित लाल किले में सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य की प्रस्तुति होगी।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार की ओर से प्रदेश को 4 हजार करोड़ से अधिक की सौगातें मिली हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण के अंतर्गत चार कार्यों की स्वीकृति दी गई है। इसके अंतर्गत 1426 करोड़ की लागत से बनने वाला 28.5 किलोमीटर लंबा ग्वालियर पश्चिमी बाईपास और 688 करोड़ की लागत से बनने वाला सागर बाईपास शामिल है। वहीं किसानों को अपनी उपज का सही दाम मिले। इसलिए चना, मसूर, सरसों, तुअर का उपार्जन प्रारंभ किया है।

न्यूनतम समर्थन मूल्य 5200 प्रति क्विंटल की दर पर 7.28 लाख मैट्रिक टन चने का उपार्जन 21 अप्रैल तक किया जाना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 13 अप्रैल को भोपाल में प्रदेश की सहकारिता गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी, तो 12,13,14 अप्रैल को दिल्ली स्थित लाल किले में सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य की प्रस्तुति होगी। एग्रोविजन के अंतर्गत मंदसौर, दमोह , मुरैना, नरसिंहपुर में इस वर्ष के प्रोजेक्ट बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि चना उपार्जन का लक्ष्य पूरा करने के लिए अब तक 2.6 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है और 7871 मैट्रिक टन चने का उपार्जन हो चुका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं बोनस मिलाकर 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर गेहूं उपार्जित किया जा रहा है। अब तक 31.36 लाख मैट्रिक टन गेहूं का उपार्जन हो चुका है, और 2 लाख 49000 किसानों को 4 हजार 12 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने मसूर, सरसों, तुअर उपार्जन के लिए जारी गतिविधियों की भी जानकारी दी।

## हरदा फैक्ट्री ब्लॉस्ट के पीड़ितों को पुलिस ने वापस भेजा

**भोपाल,ईएमएस ।** हरदा पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट के पीड़ित परिवार मुख्यमंत्री से मिलने 150 किमी की न्याय यात्रा निकालकर भोपाल आ रहे थे। मंगलवार को जब पीड़ित मिसरोद पहुंचे, तो पुलिस ने रोक लिया और आगे नहीं जाने दिया। पीड़ित उचित मुआवजे की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने पर अड़े रहे, तो पुलिस ने बल प्रयोग किया और बुजुर्ग, महिला और बच्चों को बस में बैठाकर हरदा वापस भेज दिया। हालांकि पुलिस लाठीचार्ज करने से इंकार कर रही है।

हरदा शहर के नजदीक स्थित पटाखा फैक्ट्री में 6 फरवरी 2024 को ब्लास्ट हुआ था, जिसमें 13 लोगों की मौत हुई थी। पीड़ित परिवारों का आरोप है कि इस घटना में उचित मुआवजा नहीं मिला है। यही बात बताने मुख्यमंत्री के पास जा रहे थे, पर मिसरोद में पुलिस ने रोक लिया और लाठी से पीटा। बलपूर्वक एक बस में बैठाकर हरदा वापस भेज दिया। लाठीचार्ज में बुजुर्ग-बच्चों को चोट भी आई है। पुलिस थाना प्रभारी मनीष राज सिंह भदौरिया ने सभी आरोपों से इन्कार करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में लाठीचार्ज नहीं किया गया। पीड़ितों को बस में सुरक्षित तरीके से वापस हरदा भेजा गया। एक पीड़ित देवी सिंह ने बताया कि मुझे, मेरे बच्चे और मेरी पत्नी को बहुत मारा है। हम लोगों को बहुत गंभीर चोटें आई हैं। बता दें कि इस दौरान करीब 30 लोगों को पुलिस ने बस से वापस भेजा है

### पूर्व केंद्रीय मंत्री का सवाल

पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस घटना से संबंधित वीडियो के साथ सवाल उठाए। उन्होंने लिखा कि हरदा से भोपाल पदयात्रा कर आ रहे हरदा ब्लास्ट के पीड़ितों को पुलिस ने नर्मदापुरम रोड पर रोका। क्या मध्य प्रदेश में तानाशाही चल रही है, जहां आमजन अपनी बात मुख्यमंत्री से नहीं कर सकते? इन पोस्ट के जरिए उन्होंने सरकार पर दबाव बनाए रखने का आग्रह किया कि पीड़ितों को उचित मुआवजा दिया जाए।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के साथ कांग्रेस महापौर की तस्वीर वायरल

### राजनैतिक गलियारों में मची पाला बदलने की अफवाह

**भोपाल,ईएमएस।** रीवा महापौर अजय मिश्रा बाबा की एक तस्वीर ने राजनैतिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी है। जिस तस्वीर में वो बीजेपी के कार्यालय में बैठे हुए नजर आ रहे हैं। फोटो के सेंटर में भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश का बड़ा सा बैनर भी लगा हुआ है। तस्वीर वायरल होने के साथ ही लोग कांग्रेस महापौर के कांग्रेस छोड़ भाजपा में जाने की अटकलें जताने लगे हैं। साथ ही महापौर को ट्रोल करते हुए सोशल मीडिया में पोस्ट कर रहे हैं। जहां फोटो में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा भी बैठे हुए नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर किसी महत्वपूर्ण बैठक की बताई जा रही है। जिसका प्रतिनिधित्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा कर रहे हैं। उनके चारों तरफ अजय



मिश्रा बाबा को छोडक़र बाकी अन्य भाजपा महापौर भी बैठे हुए नजर आ रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष के बगल में इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव बैठे हुए हैं। मंगलवार सुबह फोटो के सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद चारों तरफ चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। जुलाई 2022 में कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी अजय मिश्रा बाबा रीवा से भाजपा प्रत्याशी प्रबोध व्यास को हराकर महापौर बने थे।

### महापौरों की बैठक में शामिल होने आए थे

कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा के मुताबिक तस्वीर नगरीय निकाय और प्रदेश के सभी महापौरों के बैठक के दौरान की है। जहां महापौर अजय मिश्रा बाबा के साथ अन्य 16 महापौर भी उस बैठक में शामिल हुए थे। जिस तरह की बातें की जा रही हैं कि वो कांग्रेस छोडक़र भाजपा में जा सकते हैं। वास्तविकता में ऐसा कुछ भी नहीं है। महापौर के कांग्रेस छोडक़र भाजपा में जाने की बातें अफवाह हैं। जानकारी के मुताबिक 7 अप्रैल को भोपाल में महापौर परिषद की एक बैठक थी। जिसकी कुछ तस्वीरें भी महापौर अजय मिश्रा बाबा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से शेयर की है। जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग के साथ अपनी फोटो शेयर की है।

## उपभोक्ताओं से होगी साढ़े पांच अरब की वसूली

### बिजली दर में वृद्धि के बाद मीटर लीज शुल्क वसूलने की तैयारी में बिजली कंपनी

**भोपाल,ईएमएस।** बिजली चोरी रोकने और लाइन लॉस कम करने में असफल प्रदेश की बिजली कंपनियां उपभोक्ताओं की जेब काटने के लए लए तरीके खोजने में लगी रहती हैं। हालत यह है कि मध्यमवर्गीय उपभोक्ता इससे हलकान हुआ जा रहा है, लेकिन शासन से लेकर सरकार तक ऐसे मामलों में कोई कारगर कदम नहीं उठा रही है। दरअसल, यह वे उपभोक्ता हैं, जो ईमानदारी से बिजली का बिल चुकाते हैं। पहले घाटा बता कर बिजली की दर में वृद्धि करवा ली गई है और अब स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर उपभोक्ताओं से उनके लीज किराए के नाम पर करीब साढ़े पांच अरब रुपए की वसूली की तैयारी कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 1 अप्रैल 2025 से बिजली दरों में 3.46 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है।

दरअसल इन दिनों बिजली विभाग द्वारा घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इन मीटरों से शुल्क की वसूली की जाएगी। यह शुल्क हर माह बिल के साथ जुडक़र आएगी। स्मार्ट मीटर का चार्ज लीज शुल्क के नाम पर वसूला जाएगा। बिजली कंपनियों ने आयोग से स्मार्ट की प्रारंभिक किश्त और मासिक लीज शुल्क व रखरखाव राशि की मांग की थी। आयोग ने इसकी मंजूरी दे दी है। स्मार्ट मीटर के नाम पर तीनों बिजली कंपनियां उपभोक्ताओं से 544 करोड़ रुपए वसूलेंगी।

### आबकारी विभाग में बड़े बदलाव की तैयारी

## बदले जा सकते हैं 15 जिलों के आबकारी अधिकारी




**भोपाल,ईएमएस।** प्रदेश में शराब ठेकों की नीलामी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब 15 जिलों के जिला आबकारी अधिकारी (डीईओ) हटाए जा सकते हैं। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने ऐसे जिलों की सूची मांगी थी, जहां डीईओ का प्रदर्शन खराब है। इनमें छिंदवाड़ा, विदिशा, बड़वानी और राजगढ़ के डीईओ का प्रदर्शन (परफारमेंस) खराब बताया जा रहा है। ये जिले राजस्व लक्ष्य में पिछड़ गए हैं। वहीं नर्मदापुरम, छतरपुर, झाबुआ, टीकमगढ़ और खंडवा जिले में एक ही जिला आबकारी अधिकारी के पदस्थ रहते तीन साल से अधिक हो गया है। वाणिज्यिक कर विभाग के प्रमुख सचिव ने ऐसे जिलों की सूची तैयार कर ली है। जल्द ही इनके तबादले किए जा सकते हैं। विभाग में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जहां कनिष्ठ अधिकारी, जैसे कि सहायक जिला आबकारी अधिकारी (एडीईओ), जिला आबकारी अधिकारी (डीईओ) जैसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

इस स्थिति को देखते हुए आबकारी महकमे में बड़े फेरबदल की संभावना जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, प्रदेश के कई जिलों के जिला आबकारी अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इसमें शिवपुरी, नरसिंहपुर, आलीराजपुर, सहित कई जिले शामिल हैं।

### कर्मचारियों पर धनवर्षा का फिटमेंट फैक्टर प्लान

## 8वें वेतनमान और महंगाई भत्ते का मिलेगा लाभ

**भोपाल,ईएमएस।**

मप्र के सरकारी कर्मचारियों पर जल्द ही धनवर्षा होगी। लंबे समय से बड़ी सैलरी ग्रोथ का इंतजार करने वाले कर्मचारियों के सपने पूरे होंगे। दरअसल, केंद्र सरकार का 8वां वेतन आयोग गठित होने जा रहा है। 8वां वेतन आयोग गठित होने के बाद सबसे पहले नए फिटमेंट फैक्टर को बढ़ाया जाएगा।

माना जा रहा है कि इस बार 8वां वेतन आयोग महंगाई को देखते हुए फिटमेंट फैक्टर में बंपर बढ़त करेगा, साथ ही डीए को लेकर भी बड़े फैसले होंगे। ऐसा हुआ तो मर्प्र सरकार भी केंद्र के नक्शे कदम पर चलते हुए अपने शासकीय कर्मचारियों को बंपर लाभ दे सकती है। गौरतलब है कि जब वेतन आयोग सैलरी की समीक्षा या नई सैलरी तय करता है तो फिटमेंट फैक्टर सबसे महत्वपूर्ण पहलू होता है।



फिटमेंट फैक्टर एक मल्टीप्लायर होता है, जिसे कर्मचारियों की पिछली बेसिक सैलरी से मल्टीप्लाय किया जाता है और फिर इससे नई सैलरी तय की जाती है। फिटमेंट फैक्टर तय करने के लिए वेतन आयोग महंगाई दर, कर्मचारियों की जरूरतें, सरकारी की वित्तीय हालत समेत कई मुद्दों पर गौर करती है। इसके साथ ही पिछले डीए और वर्तमान डीए यानी महंगई भत्ते को भी ध्यान में रखा जाता है। फिटमेंट फैक्टर तय करने का मुख्य उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को सैलरी में एक समान और न्यायसंगत बढ़ोतरी देना होता है।

### फिटमेंट फैक्टर करेगा मालामाल

केंद्र सरकार के 8वें वेतन आयोग द्वारा फिटमेंट फैक्टर को ज्यादा रखा जा सकता है। अगर ये पहले से ज्यादा हुआ तो मप्र सरकार भी इसे अपनाते हुए अपने कर्मचारियों को बड़ा लाभ दे सकती है। पिछले कुछ वेतन आयोगों की सिफारिशों में कुछ ऐसा ही ट्रेंड देखने मिलता है, कि नया वेतन तय करने से पहले वर्तमान डीए यानी महंगाई भत्ते को बेसिक सैलरी में जोड़ दिया जाता है। इसके बाद इसके टोटल पर नया फिटमेंट फैक्टर लगाया जाता है। मप्र के सरकारी कर्मचारियों को उम्मीद है कि केंद्र की तरह उन्हें भी 8वें वेतनमान का बंपर लाभ मिलेगा। यही वजह है कि अब कर्मचारियों के बीच फिटमेंट फैक्टर और डीए को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

## आईएएस अमनबीर सिंह बैंस पर गंभीर आरोप

### 200 करोड़ की जमीन से जुड़े मामले में उलझे

**भोपाल,ईएमएस।** 2013 बैच के आईएएस अधिकारी अमनबीर सिंह पर 200 करोड़ की जमीन में हेराफेरी करने के गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप है कि बैंस ने बैतूल कलेक्टर रहते हुए 36 एकड़ जमीन के प्रयोजन को बदल कर उसे नियमों के खिलाफ आवंटित किया है। इस मामले को लेकर अब विवाद गहरा गया है, और अमनबीर सिंह बैंस की भूमिका पर सवाल उठाए जा रहे हैं। बता दें कि अमनबीर सिंह तत्कालीन शिवराज सरकार में मुख्य सचिव रहे इकबाल सिंह बैंस के बेटे हैं।

गौरतलब है कि वर्तमान में अमनबीर सिंह बैंस मप्र ऊर्जा विकास निगम के महाप्रबंधक हैं। वे बैतूल कलेक्टर रहते 36 एकड़ जमीन का प्रयोजन बदलने और उसे नियम विरुद्ध आवंटित करने के मामले में घिर गए हैं। आवंटित जमीन पर 60 करोड़ से जेल विभाग नई जेल बनवा रहा है, बाकी जमीन उद्योग विभाग को दी है। जेल निर्माण




की एजेंसी हाउसिंग बोर्ड के जरिए कलेक्टर ने पुरानी जेल की 6 एकड़ जमीन निजी कंपनी को आवंटित कर दी।

मुख्य शहर के बीच की इस जमीन की कीमत 200 करोड़ से ज्यादा है। कंपनी मॉल और फ्लैट बनाना चाहती है। प्रोजेक्ट की कीमत 500 करोड़ से अधिक आंकी जा रही है। हालांकि अमनबीर सिंह बैंस का कहना है कि जो आवंटन किया, वह शासन के हित और नियमों के आधार पर किया था। आरोप निराधार है। यदि कोई शिकायत हुई है तो जांच में भी यह बात निकलकर आएगी।

### 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना' के लिए कंपनी गठित

## मुख्यमंत्री होंगे राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी के अध्यक्ष

**भोपाल,ईएमएस ।**

प्रदेश में करीब 18 साल बाद सार्वजनिक बसों के संचालन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मोहन सरकार ने पिछले हफ्ते 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना' को मंजूरी दी थी। इसके बाद परिवहन विभाग ने बस परिवहन सेवाओं के संचालन के लिए राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी का गठन कर दिया है। जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री रहेंगे। परिवहन मंत्री एवं मुख्य सचिव उपाध्यक्ष रहेंगे। इसके साथ ही राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी के लिए 3 विभाग नगरीय प्रशासन, पंचायत एवं परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव संचालक रहेंगे।

### होल्डिंग कंपनी में सात सबस्क्राइबर बनाए

- बोर्ड ऑफ कंपनी
- मुख्यमंत्री अध्यक्ष
- परिवहन मंत्री उपाध्यक्ष
- मुख्य सचिव उपाध्यक्ष
- पुलिस महानिदेशक सदस्य
- प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन सदस्य
- प्रमुख सचिव, पंचायत सदस्य
- प्रमुख सचिव, गृह सदस्य
- प्रमुख सचिव, वित्त सदस्य
- प्रमुख सचिव, परिवहन सदस्य
- एमडी, होल्डिंग कंपनी सदस्य
- सचिव बोर्ड ऑफ डायरेक्टर
- प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन




### आरोपी सुषमा रानी शुक्ला पर अभी भी मेहरबान बना है मंत्रालय

# आजीविका मिशन: फर्जी नियुक्ति के बाद भी महिला अफसर को नहीं हटाया

**भोपाल,ईएमएस।**

मप्र आजीविका मिशन में आठ साल पहले हुई फर्जी नियुक्ति मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) प्रकरण दर्ज कर चुका है। जिसमें आजीविका मिशन की राज्य परियोजना प्रबंधक सुषमा रानी शुक्ला को फर्जी नियुक्ति मामले में आरोपी बनाया है। मामला दर्ज होने के बाद भी पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने सुषमा रानी शुक्ला की संविदा नियुक्ति समाप्त नहीं की है। यदि विभाग कुछ दिन और मेहरबान बना रहा तो सुषमा रानी शुक्ला को न्यायालय से नियुक्ति मामले में मदद मिल सकती है।

सुषमा रानी शुक्ला मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन में संविदा नियुक्ति पर पदस्थ है। संविदा नियुक्ति 2018 के अनुसार बिना कारण बताए किसी की भी सेवा समाप्त नहीं की जा सकती है। मिशन के सूत्रों ने बताया कि सुषमा रानी शुक्ला का संविदा कार्यकाल बढ़ाने की प्रक्रिया चल रही है। इस बीच फर्जी नियुक्ति मामले में आरोपी बनाया जा चुका है। ऐसे में



पंचायत विभाग के अधीन आजीविका मिशन ने सेवा समाप्त करने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की है। यदि कुछ दिन और कार्रवाई नहीं होती है तो फिर न्यायालय से नियुक्ति मामले में मदद मिल सकती है। संविदा नियुक्ति 2018 के अनुसार किसी की संविदा नियुक्ति समाप्त करने के लिए कारण बताना पड़ता है। सुषमा रानी शुक्ला पर पिछली सरकार की तरह वर्तमान सरकार के अधिकारी भी मेहरबान बने हुए हैं। संविदा नियुक्ति समाप्त करने के संबंध में आजीविका मिशन की सीईओ सुश्री हर्षिका सिंह और प्रमुख सचिव दीपाली रस्तोगी ने दूरभाष पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

### आजीविका मिशन में समाप्त की 100 से ज्यादा संविदा नियुक्ति

आजीविका मिशन के तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी ललित मोहन बेलवाल ने अपने कार्यकाल में 100 से ज्यादा संविदा नियुक्ति यां समाप्त की थीं। हालांकि सभी नियुक्ति यों को समाप्त करने के कोई-न कोई कारण बताए गए थे। लेकिन आजीविका मिशन से लेकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी सुषमा रानी शुक्ला की नियुक्ति समाप्त करने से बच रहे हैं। बताय गया तत्कालीन सीईओ ने अपनी मनमर्जी से सुषमा रानी शुक्ला को फर्जी तरीके से नौकरी दी और मानदेय बढ़ाया। बेलवाल पूर्व मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस के बेहद करीबी रहे हैं। ऐसे में ईओडब्ल्यू में प्रकरण दर्ज होने के बाद भी सुषमा रानी की सेवा समाप्त नहीं होने के पीछे पूर्व मुख्य सचिव का प्रभाव बताया जा रहा है। इधर फर्जी नियुक्ति का प्रकरण दर्ज करने के बाद आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ आरोपियों को नोटिस भेजने की तैयारी में है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सनत कुमार जैन के लिए सुपर प्रिन्टर्स, आर-11, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित कर हॉल नं. 07, चित्तौड़ कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : बलदेवराज गुप्त, एसोसिएट एडीटर : विनीत खरे, स्थानीय संपादक : सौरभ जैन*
फोन-0755-2572334, दिल्ली कार्यालयः ''ईएमएस हाउस'' यू-39-ए, शकरपुर, दिल्ली-110092. फोन नं.011-22022531 फैक्स नं. 011-22022535. ई-मेलः expressnews.advt@gmail.com (रजि न. RNI 62831/95, डाक पंजीयन सं. म.प्र./भोपाल/402/2024-26) समाचार चयन के लिए *पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।